CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 15°C
न्यूनतम : 05°C

देहरादून, गुरुवार 8 जनवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 152 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मनरेगा को खत्म करने की गोपनीय साजिश रची गईः अखिलेश यादव पेज 2



ICC भारत में विश्व कप खेलने को लेकर चिंताओं पर बात करने को तैयारः बीसीबी खेल टाइम्स




इंडिगो प्रकरण में नियामक सुस्ती बनी गलत मिसाल सम्पादकीय



ऑपरेशन सिंदूर पर पश्चिमी देशों की दोहरी नीतिः एस. जयशंकर पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### इसरो 12 जनवरी को भेजेगा PSLV-C60 मिशन

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 12 जनवरी को पूर्वाह्न 10:17 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के शार रेंज से पीएसएलवी-सी62 मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा। इसरो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में घोषणा की कि पीएसएलवी-सी62 मिशन का प्रक्षेपण 12 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 10:17 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के शार रेंज से निर्धारित है। पीएसएलवी सी-62 भारत के भरोसेमंद 'पोलर सेटेलाइट लॉन्च व्हीकल' की 64वीं उड़ान होगी। यह मिशन प्राथमिक पेलोड के रूप में ईओएस-एन1 को ले जाएगा, जो रणनीतिक उद्देश्यों के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित एक 'अर्थ ऑब्जर्वेशन इमेजिंग सेटेलाइट' है।

### मौजूदा वित्त वर्ष में GDP की वृद्धि दर 7.4 % रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जारी किया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा बुधवार को इस साल 31 मार्च को समाप्त हो रहे मौजूदा वित्त वर्ष के लिए जारी पहले अग्रिम अनुमान में कहा गया है कि पूरे साल के दौरान जीडीपी 201.90 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है। यह पिछले वित्त वर्ष के 187.97 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.4 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही थी। वित्त वर्ष के दौरान लोक प्रशासन, रक्षा एवं अन्य सेवाओं की और वित्तीय, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। इसके बाद व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। अनुमान के अनुसार, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों की वृद्धि दर सात-सात फीसदी रहेगी। कृषि क्षेत्र में 3.1 प्रतिशत और बिजली, गैस, जलापूर्ति एवं अन्य यूटिलिटी सेवाओं की वृद्धि दर 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है।

### जेल में बंद पूर्व आईपीएस अमिताभ की तबीयत बिगड़ी गोरखपुर भेजे गए

**देवरिया।** धोखाधड़ी के आरोप में उत्तर प्रदेश की देवरिया जिला जेल में बंद आईपीएस के पूर्व अधिकारी अमिताभ ठाकुर की मंगलवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर डाक्टरों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूत्रों के अनुसार जेल में बंद श्री ठाकुर को मंगलवार की रात सीने में दर्द, बेचैनी और घबराहट की शिकायत पर जेल के डाक्टर के प्राथमिक उपचार के बाद जेल प्रशासन ने उन्हें तत्काल देवरिया मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। प्राथमिक जांच के बाद डाक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रात करीब दो बजे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूत्रों के अनुसार, गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में जांच के दौरान डाक्टरों ने श्री ठाकुर को दिल का दौरा पड़ने की आशंका जताई है।

# समूचा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में, लोगों को घरों में कैद रहने पर किया मजबूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में भी शीत लहर ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया है। कई इलाकों में घना से बेहद घना कोहरा छाया हुआ है। इसकी वजह से दिन के तापमान में बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है।

रात के समय चलने वाली ठंडी हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दी है। कभी घने कोहरे की धुंधली सुबह, कभी दोपहर में खिलखिलाती तेज धूप और शाम होते ही बर्फीली हवाओं की चुभन। उत्तर भारत समेत राजधानी दिल्ली में इन दिनों मौसम मानो आंख-मिचौनी खेल रहा है। ठंड जरूर महसूस हो रही है, लेकिन हालात न पूरी तरह कोल्ड डे के हैं और न ही कोल्ड वेव जैसी सख्ती दिख रही है। दिन में धूप निकलने के बावजूद सर्दी पीछा नहीं छोड़ रही, जिसकी वजह उत्तर-पश्चिम से चल रही ठंडी और बर्फीली हवाएं हैं। दिल्ली-एनसीआर में मौसम का यह अजीब मिजाज लोगों को उलझन में डाल रहा है। कभी घना कोहरा छा जाता है, तो कभी बिल्कुल साफ आसमान नजर आता है। दिन में धूप थोड़ी राहत देती है, लेकिन शाम ढलते ही ठंड तेजी से बढ़ जाती है। दिन में धूप खिलने के बावजूद ठंडी हवाएं लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले दस दिनों तक यही हालात बने रहने की संभावना है। इस दौरान ठंडी हवाएं चलती रहेंगी, लेकिन तापमान में बड़ी गिरावट नहीं होगी। राजधानी में इस बार सूखी सर्दी का दौर चल रहा है। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि 15 जनवरी के बाद तापमान में हल्की बढ़ोतरी जरूर देखने को मिल सकती है। दिल्ली में धुंध के कारण दिन में धूप नहीं निकल पाती, जिससे दिन का तापमान दबा रहता है। राजधानी के सभी इलाकों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।




- कई इलाकों में घना से बेहद घना कोहरा छाया
- दिन में धूप निकलने के बावजूद सर्दी पीछा नहीं छोड़ रही

## कश्मीर में 15 दिन बर्फबारी का अलर्ट उत्तराखंड में पाइपलाइनों में पानी जमा

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी राज्यों की तरफ चल रही सर्द हवाओं से पूरे देश में तापमान में गिरावट आई है।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। इन राज्यों के कई जिलों में घना कोहरा छाया है, जिसके कारण 8वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। स्कूलों का टाइम भी बदला है। यूपी में 20 फ्लाइट्स और 100 ट्रेनें लेट चल रही हैं। जयपुर में बुधवार को विजिबिलिटी जीरो है, इसके कारण 8 फ्लाइट देरी से चल रही हैं। मध्य प्रदेश के भोपाल में जनवरी की सर्दी का 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। यहां मंगलवार को 3.8 डिग्री तापमान रहा। बुधवार को छिंदवाड़ा में 2 डिग्री तापामान रहा।

### दिल्ली के एक्यूआई में मामूली सुधार, एयरलाइंस ने परामर्श किया जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में मामूली सुधार के साथ 299 दर्ज किया गया, हालांकि हवा की गुणवत्ता अभी भी 'खराब' श्रेणी में बनी रही। मंगलवार को राजधानी का एक्यूआई 310 दर्ज किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह 9:05 बजे लिए गए नेहरू नगर (360), आनंद विहार (349), पूसा (345), चांदनी चौक (342), जहांगीरपुरी (342), ओखला फेज-2 (342), और सिरीफोर्ट (342) जगहों पर एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।

# कैसे पता चलेगा, कुत्ता काटने के मूड में है या नहींः सुप्रीम कोर्ट

## आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट की वकील के बयान पर बड़ी टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान एक वकील के बयान पर बड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता वंदना जैन की एक दलील पर टिप्पणी की कि जब हम पशु प्रेमियों की बात करते हैं, तो इसमें सभी जानवर शामिल होते हैं।

मैं अपने घर में कोई जानवर रखना चाहता हूं या नहीं, यह मेरा विवेक है। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यही बात गेटेड कम्युनिटी पर भी लागू होती है। गेटेड कम्युनिटी में कुत्ते को घूमने देना चाहिए या नहीं, यह समुदाय को तय करना होगा। मान लीजिए, 90 प्रतिशत निवासियों को लगता है कि यह बच्चों के लिए खतरनाक होगा, लेकिन 10 फीसदी कुत्ते रखने पर जोर देते हैं। कोई कल भैंस ला सकता है। वे कह सकते हैं कि मुझे भैंस का दूध चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए, जिसके तहत गेटेड कम्युनिटी मतदान के जरिये फैसला ले सके। वकील वंदना जैन ने कहा कि हम कुत्तों के खिलाफ नहीं हैं। हमें कुत्तों के खतरे और सार्वजनिक सुरक्षा को देखना होगा। 6.2 करोड़ कुत्तों की आबादी है और स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। मामले की सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों पर सवाल करते हुए कहा कि क्या कुत्तों को यह सिखाया जा सकता है कि वे किसी को न काटें? किसी को कैसे पता चलेगा कि कौन सा कुत्ता काटने के मूड में है या नहीं? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पशु प्रेमियों को शेल्टर में मौजूद कुत्तों को खाना खिलाना चाहिए। 18 दिसम्बर 2025 को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया था। दिल्ली नगर निगम की ओर से बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा था कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या।



- कहाः ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए, जिसके तहत गेटेड कम्युनिटी मतदान के जरिये फैसला ले सके
- सुप्रीम कोर्ट ने कहाः पशु प्रेमियों को शेल्टर में मौजूद कुत्तों को खाना खिलाना चाहिए

## अगस्ता वेस्टलैंड केस में याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले में आरोपी वकील गौतम खेतान की याचिका पर सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने इसे ट्रायल से बचने की कोशिश बताया और याचिका खारिज कर दी। खेतान ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की एक धारा को चुनौती दी थी।



सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्यथ बागची की बेंच ने कहा कि यह नया चलन बन गया है कि अमीर आरोपी ट्रायल का सामना करने के बजाय कानून की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने लगते हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे लोग सोचते हैं कि वे सिस्टम को बायपास कर सकते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। उन्हें आम नागरिक की तरह ट्रायल का सामना करना चाहिए। सीनियर वकील सिद्धार्थ लूथरा ने दलील में कहा कि यह याचिका किसी विशेषाधिकार के लिए नहीं, बल्कि पहले से लंबित विजय मदनलाल चौधरी केस की समीक्षा याचिकाओं से जुड़ी है, लेकिन कोर्ट ने इसे मानने से इन्कार कर दिया।

# यूपी में असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा को निरस्त करने का आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में होने वाली समस्त भर्तियों/चयन प्रक्रियाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण बनाए रखने के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप नकल माफियाओं के विरुद्ध अभिसूचना संकलन करते हुए एसटीएफ उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा विज्ञापन संख्या-51 के अंतर्गत सहायक आचार्य पद हेतु अप्रैल 2025 में आयोजित परीक्षा के संबंध में अनियमितताओं/ धांधली एवं अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त हुईं। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश द्वारा मामले की गोपनीय जांच के आदेश दिए गए। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्यवाही करते हुए दिनांक 20-04-2025 को यूपी एसटीएफ को उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा दिनांक 16-04-2025 व 17-04-2025 को आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र बनाकर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गैंग के तीन अभियुक्तों- महबूब अली, बैजनाथ पाल एवं विनय पाल-को परीक्षा में धांधली एवं अवैध धन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में यूपी एसटीएफ द्वारा थाना विभूतिखंड, जनपद लखनऊ पर मु.अ.सं. 144/25, धारा 112, 308(5), 318(4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, अभियोग पंजीकृत कराया गया।



- अप्रैल 2025 में आयोजित परीक्षा के संबंध में अनियमितताओं/धांधली एवं अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त हुई

### बांग्लादेश में नहर में कूदने से हिंदू युवक की मौत

**ढाका।** नाओगांव जिले में नहर में कूदने से 25 साल के हिंदू युवक की मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर की है। मृतक की पहचान भंडारपुर गांव निवासी मिथुन सरकार के तौर पर हुई है। कुछ लोगों ने हाट चकगौरी बाजार इलाके में मिथुन पर चोरी का आरोप लगाते हुए उसका पीछा किया। बचने की कोशिश में वह पास की नहर में कूद गया और लापता हो गया।

# ट्रम्प का मोदी पर बयान, राहुल गांधी बोलेः फर्क समझो सर जी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से की। राहुल ने एक्स पर फर्क समझो सर जी कैप्शन के साथ 3 जून का वीडियो शेयर किया। राहुल ने कहा कि मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था।

आपको वह समय याद होगा जब फोन काल नहीं था, सातवां फ्लीट आया था। 1971 के युद्ध में अमेरिका ने अपने एयरक्राफ्ट कैरियर और हथियार भेजे थे। तब इंदिरा गांधी जी ने कहा था कि मुझे जो करना है, मैं करूंगी। राहुल ने कहा कि इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जरा सा दबाव डालो वे सरेंडर कर देते हैं। मैं अब इन भाजपा-आरएसएस के लोगों को बहुत अच्छी तरह जानता हूं। उन्हें थोड़ा धक्का दो और वे डर के मारे भाग जाएंगे। राहुल गांधी का यह वीडियो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें ट्रम्प ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी मुझसे मिलने आए और कहा सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले कहा था कि पीएम मोदी उनसे ज्यादा खुश नहीं हैं, क्योंकि वाशिंगटन ने रूसी तेल खरीदने की वजह से दिल्ली पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि पीएम मोदी खुद मुझसे मिलने आए थे। वह मेरे पास आए और बोले- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं? और मैंने कहा- हां।



- कहाः तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था, ट्रम्प के आगे मोदी सरेंडर हुए

### बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर भड़के रॉबर्ट वाड्रा

**नई दिल्ली।** उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर वहां की सरकार की कड़ी आलोचना की है। बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में श्री वाड्रा ने हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताया।

# पाक ने संघर्ष रुकवाने के लिए 60 बार गुहार लगाई

## ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी फर्म का दावाः भारत सरकार ने भी किया था संपर्क

नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिका के फॉरेन** एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट (एफएआरए) के दस्तावेज सार्वजनिक हुए हैं। इसके मुताबिक पिछले साल अप्रैल में भारत के चलाए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान डर गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जंग रोकने के लिए पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमैट के जरिये लॉबिंग की थी।

इसके तहत अमेरिका में शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों, सांसदों, पेंटागन और विदेश विभाग के अफसरों के साथ करीब 60 बार संपर्क किया था। एफएआरए के तहत अमेरिकी न्याय विभाग में दाखिल दस्तावेजों से पता चला है कि पाकिस्तानी राजनयिकों ने ईमेल, फोन काल, वन-टू-वन बैठकों के जरिये अप्रैल अंत से लेकर 4 दिन के ऑपरेशन सिंदूर के बाद तक संघर्ष विराम के लिए बैठकें जारी रखी थीं। पाकिस्तान किसी भी तरह से भारत पर अमेरिका का दबाव बनाकर युद्ध रुकवाना चाहता था। उसने ट्रम्प प्रशासन तक तेजी से पहुंच बनाने, व्यापार और कूटनीतिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए 6 लॉबिंग फर्मों पर करीब 45 करोड़ खर्च किए थे। अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय दूतावास ने अमेरिकी सरकार और उसके अधिकारियों से संपर्क बढ़ाने के लिए फर्म की सेवाएं ली थीं। अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के साथ कई अहम मुद्दों पर भारतीय दूतावास की बातचीत में मदद की गई। अप्रैल से दिसम्बर 2025 के बीच भारतीय दूतावास के लिए काम किया। एफएआरए में दी गई जानकारी के अनुसार 10 मई को इस फर्म ने भारतीय दूतावास की ओर से व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ सूसी वाइल्स, अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीर और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के रिकी गिल से संपर्क कराने में मदद की। इस दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी मीडिया कवरेज जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। 10 मई को ही भारत और पाकिस्तान के बीच चला 4 दिन का सैन्य टकराव समाप्त हुआ था। फर्म की भूमिका में बैठकों की व्यवस्था करना, फोन कॉल और ईमेल के जरिये दोनों देशों के अधिकारियों को जोड़ना शामिल था।



- पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमैट के जरिये लॉबिंग की थी

## संक्षिप्त समाचार

### अधर में लटकी औद्योगिक गलियारा बनाने की योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारा विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर सवाल खड़े होने लगे हैं। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) अब तक इस परियोजना पर करीब 691 करोड़ रुपये खर्च कर चुका है, लेकिन जमीन का बैनामा शुरू हुए दो साल बीत जाने के बावजूद एक भी उद्यमी ने यहां उद्योग लगाने में रुचि नहीं दिखाई है। यूपीडा के सूत्रों की मानें, तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप निवेश शिखर सम्मेलन के तहत मांगे गए प्रस्तावों में भी इस औद्योगिक गलियारे के लिए एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंतिम छोर पर स्थित गाजीपुर जिले को औद्योगिक गलियारे के लिए चुना गया था। सरकार की योजना थी कि 340 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर निवेश और रोजगार को बढ़ावा दिया जाए।

### मंत्रियों ने की आतिशी की सदस्यता रद्द करने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में सिख गुरु तेग बहादुर के अपमान के मामले में दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों ने विपक्ष की नेता आतिशी की सदस्यता रद्द करने उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। दिल्ली के कैबिनेट मंत्रियों ने बुधवार को इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता को एक पत्र सौंपा, जिसमें सुश्री आतिशी की सदस्यता रद्द करने की मांग की। इस पत्र में प्रवेश साहिब सिंह, मनजिदर सिंह सिरसा, आशीष सूद, कपिल मिश्रा, डॉ. पंकज कुमार सिंह और रविन्द्र इंद्राज के हस्ताक्षर हैं।

# महाराष्ट्र में भाजपा-कांग्रेस की मिलीभगत: आप

## आम आदमी पार्टी ने कहा: उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को किनारे करने के लिए दोनों राष्ट्रीय दल एक साथ आ रहे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ शिंदे गुट पर भ्रष्टाचार के आरोपों के विरोध में विभिन्न दलों ने मिलकर 'अंबरनाथ विकास मोर्चा' बनाया: कांग्रेस

आम आदमी पार्टी ने महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कथित मिलीभगत का आरोप लगाया है। आप का दावा है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को किनारे करने के लिए दोनों राष्ट्रीय दल एक साथ आ रहे हैं। हालांकि कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

आप नेता अनुराग ढांडा ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस, जो पहले एक-दूसरे की परोक्ष मदद करती थीं, अब खुलकर साथ आती दिख रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले ये प्रेमी प्रेमिका की तरह छुप छुप कर मिलते थे, लेकिन भाजपा और कांग्रेस का संबंध अब सार्वजनिक हो चुका है। क्या ए देश के लोगों की आंखों में धूल झोंकने जैसा नहीं है? दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविद केजरीवाल ने ढांडा की पोस्ट को साझा करते हुए कहा कि क्या भाजपा ने अपने ही सहयोगी शिंदे सेना को हराने के लिए कांग्रेस से हाथ मिला लिया है? आखिर चल क्या रहा है?

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में फिलहाल महायुति सरकार है, जिसमें भाजपा, अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और एकनाथ शिदे की शिवसेना शामिल हैं। वहीं कांग्रेस नेता सचिन सावंत ने आप के आरोपों को तुरंत खारिज करते हुए कहा कि अंबरनाथ में स्थानीय स्तर पर शिदे गुट पर भ्रष्टाचार के आरोपों के विरोध में विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने मिलकर 'अंबरनाथ विकास मोर्चा' बनाया है, जिसमें निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसे भाजपा-कांग्रेस की मिलीभगत बताना गलत है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में नगर पालिका चुनाव 15 जनवरी को होने हैं, ऐसे में सियासी आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।

# गुरुवार के बाद ठंड से राहत मिलने के आसार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ उप्र के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार जारी है, लेकिन गुरुवार के बाद प्रदेशवासियों को ठंड से थोड़ी राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में यह तीव्र शीतलहर का दौर 8 जनवरी तक बिना किसी बड़े बदलाव के बना रहेगा। हालांकि इसके बाद कुछ समय के लिए ठंड से हल्की राहत मिलने की संभावना जताई गई है, लेकिन यह राहत अल्पकालिक होगी।

लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आठ जनवरी तक प्रदेश में ठंड की स्थिति लगभग यथावत रहेगी। इसके बाद कोहरे की तीव्रता में कमी आने और तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने से कुछ राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार इटावा लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले इटावा में पारा 2.4 डिग्री तक गिर गया था। इसके बाद गोरखपुर में न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री, कानपुर शहर में 4.6 डिग्री, चुरक और आजमगढ़ में 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को दिन के तापमान की बात करें, तो गोरखपुर में सबसे कम अधिकतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 7.9 डिग्री कम रहा। इसके बाद आजमगढ़ और शाहजहांपुर में 12 डिग्री, बरेली में 12.2 डिग्री, हरदोई में 12-6 डिग्री और इटावा में 12.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ। सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद बर्फ से ढके पर्वतीय क्षेत्रों से आ रही ठंडी और शुष्क उत्तर-पश्चिमी तथा पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से 4 जनवरी के बाद प्रदेश में न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है।

# उप्र में 20 आईपीएस अफसरों के हुए तबादले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ उप्र की योगी सरकार ने पुलिस प्रशासन में व्यापक फेरबदल किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशासन में व्यापक फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 20 वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। शासन द्वारा बुधवार को जारी आदेश के अनुसार प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक को हटाया गया है, जबकि लखनऊ पुलिस आयुक्तालय के भी अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार लखनऊ आयुक्तालय के संयुक्त पुलिस आयुक्त अमित वर्मा को उनके पद से हटाकर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी किरण एस को लखनऊ रेंज का पुलिस महा. निरीक्षक नियुक्त किया गया है। पीटीएस जालौन में लंबे समय से तैनात ज्योति नारायण को प्रयागराज जोन का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। इसके साथ ही विजय ढुल को प्रयागराज पुलिस आयुक्तालय में अपर पुलिस आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। जारी आदेश के तहत श्री रामकुमार को अपर पुलिस महा. निदेशक लॉजिस्टिक्स, राजकुमार को अपर पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार तथा डा. संजीव गुप्ता को अपर पुलिस महानिद. ेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, लखनऊ बनाया गया है। प्रशांत कुमार को एडीजी प्रशासन और तरुण गाबा को एडीजी सुरक्षा, उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा श्री आशुतोष कुमार को एडीजी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, अपर्णा कुमार को संयुक्त पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ तथा राजेश मोदक को आईजी स्थापना, लखनऊ नियुक्त किया गया है।

## अखिलेश यादव ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला

# मनरेगा को खत्म करने की साजिश रची गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: मनरेगा का नाम बदलने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा, भाजपा की योजना को खत्म करने की मंशा उजागर हुई

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने की कोशिश इस प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना को धीरे-धीरे खत्म करने की एक 'गोपनीय साजिश' रची गई है।

गौरतलब है कि पिछले संसदीय सत्र में पारित नया कानून विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन -ग्रामीण (वीबी-जीरामजी) अधिनियम, 2025, मनरेगा की जगह ले रहा है। इस नए कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी दी गई है। इसका ध्यान बुनियादी ढांचे और परिसंपत्तियों के निर्माण पर है, जिसमें तकनीक का उपयोग, मजदूरी के लिए केंद्र-राज्य के बीच 60:40 का नया वित्तीय अनुपात, पारदर्शिता (बायोमेट्रिक/जियो-टैगिंग) और पीएम गति शक्ति जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों से ग्रामीण कार्यों को जोड़ने का प्रावधान है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा एक सरकारी योजना थी, जो ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 100 दिनों के अकुशल मजदूरी कार्य की कानूनी गारंटी देती थी। इसका उद्देश्य आजीविका सुरक्षा बढ़ाना और सड़कों, तालाबों और जल संरक्षण संरचनाओं जैसे ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण करना था। यह न्यूनतम मजदूरी, पुरुष- महिला को समान वेतन और 15 दिनों के भीतर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता सुनिश्चित करती थी। यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान पोस्ट करते हुए कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा, बल्कि यह भाजपा की उस मंशा को दर्शाता है, जिसके तहत इस योजना को गुपचुप तरीके से खत्म करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से कुछ नहीं बदलेगा। असल में यह मनरेगा को धीरे-धीरे खत्म करने की भाजपा की गुप्त साजिश है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कई तरीकों से इस योजना को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार लगातार मनरेगा का बजट घटा रही है, दूसरी तरफ उसने राज्यों पर ऐसा वित्तीय दबाव बना दिया है कि केंद्र से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) मुआवजे में देरी और कमी के कारण पहले से खाली खजाने वाले राज्य यह सोचने को मजबूर हैं कि अतिरिक्त धन कहां से लाएं। यादव ने दावा किया कि इससे राज्य अंततः इस योजना को सीमित करने या छोड़ने को मजबूर हो जाएंगे। सपा अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र ने सैकड़ों ग्राम सभाओं को 'शहरी श्रेणी' में डालकर मनरेगा को एक और झटका दिया है, जिससे वे ग्रामीण रोजगार निधि से वंचित हो गई हैं।

### भाजपा सरकार ने मनरेगा बजट भी छीन लिया

कई ग्राम सभाओं को शहरी श्रेणी में डालकर भाजपा सरकार ने उनका मनरेगा बजट भी छीन लिया है। यादव ने कहा कि भाजपा का असली लक्ष्य सिर्फ मनरेगा का नाम बदलना नहीं, बल्कि उसे पूरी तरह 'राम-राम' कह देना है। भाजपा की प्राथमिकताओं पर तंज कसते हुए उन्होंने जोड़ा, भाजपा अपने अलावा किसी और का पेट भरते देख नहीं सकती। विपक्षी दल लंबे समय से केंद्र पर मनरेगा के लिए अपर्याप्त बजट आवंटन और मजदूरी भुगतान में देरी के आरोप लगाते रहे हैं, हालांकि सरकार इन आरोपों को खारिज करती रही है और कहती है कि आवंटन मांग-आधारित है तथा आवश्यकता के अनुसार धन जारी किया जाता है।



सेंसेक्स 84961.14
निफ्टी 26140.75



सोना रु. 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 254620
प्रति किलो



# दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से लुढ़के प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**




विदेशों से मिले मिश्रित संक. ेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को दिग्गज कंपनियों में बिकवाली देखी गई और प्रमुख सूचकांक लगातार तीसरे दिन लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 102.20 अंक (0.12 प्रतिशत) टूटकर 84,961.14 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक 37.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत उतरकर 26,140.75 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचक. ांकों में आज बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। मंगलवार को 85,063. 34 अंक पर बंद होने वाला सेंसेक्स करीब 443 अंक की गिरावट में खुला। यह नीचे 84,617.49 अंक और ऊपर 85,075.99 अंक तक गया। निफ्टी-50 का दिन का निचला स्तर 26,067.90 अंक और अधिकतम स्तर 26,187.15 अंक रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने पैसा लगाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.36 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 0.39 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, फार्मा, दूरसंचार और रसायन सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। ऑटो, तेल एवं गैस, रियलिटी और बैंकिग सेक्टर गिरावट में रहे। सेंसेक्स में मारुति सुजुकी का शेयर पौने तीन फीसदी टूट गया। पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारतीय स्टेट बैंक और भारती एयरटेल के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा टूटे। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, इंडिगो, बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, एनटीपीसी और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाइटन में करीब चार प्रतिशत की तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, सनफार्मा, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। इटरनल, एलएंडटी, बीईएल और ट्रेंट के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

# चांदी नया रिकॉर्ड बनाकर फिसली, सोने में हल्का दबाव देखने को मिला

**नई दिल्ली।** बुलियन मार्केट में बुधवार को भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। चांदी की कीमतों ने वायदा बाजार में 2,59,692 रुपये प्रति किलोग्राम का अब तक का सर्वोच्च स्तर छू लिया, लेकिन इसके बाद गिरावट दिखी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति को लेकर अनिश्चितता और प्रमुख आर्थिक आंकड़ों के जारी होने से पहले व्यापारियों की ओर से की गई भारी मुनाफावसूली के चलते चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मार्च डिलीवरी वाली चांदी का अनुबंध चार दिनों की लगातार तेजी को थामते हुए 4,161 रुपये या 1.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,54,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। इससे पहले, बुधवार को शुरुआती कारोबार में चांदी 881 रुपये या 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,59,692 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार को चांदी की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल आया था, जब यह 13,167 रुपये (5.35 प्रतिशत) बढ़कर 2,59,322 रुपये के स्तर पर पहुंची थी और 2,58,811 रुपये पर बंद हुई थी। चांदी के साथ-साथ सोने की कीमतों में भी सीमित दायरे में कारोबार और हल्का दबाव देखने को मिला। फरवरी डिलीवरी वाला सोना 633 रुपये या 0. 46 प्रतिशत गिरकर 1,38,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जो हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली का संकेत है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी इसी तरह का रुझान दिखा।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी सुस्त, खाद्य तेलों, दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। वहीं, गेहूं और चीनी में टिकाव रहा, जबकि खाद्य तेलों तथा दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 18 रुपये घटकर 3,848 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं 2,849 रुपये प्रति क्विटंल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत भी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रही। दाल.दलहनों में उतार.चढ़ाव देखा गया। मसूर दाल की औसत कीमत 19 रुपये और मूंग दाल की 14 रुपये प्रति क्विटंल गिर गई। वहीं, तुअर दाल तीन रुपये और चना दाल दो रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई। उड़द दाल के भाव स्थिर रहे।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 4,035 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमे. रिकी सोया तेल वायदा भी 1.05 प्रतिशत की बढ़त में 49.92 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 36 रुपये प्रति क्विटंल महंगा हुआ। मूंगफली तेल और वनस्पति की कीमत 26.26 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 24 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल और सोया तेल में भी 10.10 रुपये प्रति क्विटंल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग अपरिवर्तित रहे। चीनी के भाव में भी कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल.दलहन : दाल चना 7800.03 रुपये, मसूर काली 8149.76 रुपये, मूंग दाल 10088.20 रुपये, उड़द दाल 10399.85 रुपये, तुअर दाल 10616.59 रुपये प्रति क्विटंल।

अनाज:(भाव प्रति क्विटंल) गेहूं दड़ा 2849.30 रुपये और चावल 3847.65 रुपये प्रति क्विटंल। आटा (गेहूं) 3298.77 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4299.55 रुपये और गुड़ 4990.21 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए।

# वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का गुवाहाटी में शुभारंभ आज होगा

**नई दिल्ली।** वस्त्र मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन गुरुवार को असम के गुवाहाटी में शुरू होगा जिसमें देश भर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वस्त्र मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे।

वस्त्र मंत्रालय द्वारा असम सरकार के सहयोग से आयोजित दो दिन के सम्मेलन की विषय वस्तु 'भारत का वस्त्र उद्योग: विकास, विरासत और नवाचार का संगम' है। सम्मेलन का उद्देश्य वस्त्र क्षेत्र में नीति, निवेश, स्थिरता, निर्यात, अवसंरचना विकास और प्रौद्योगिकीय उन्नति पर विचार- विमर्श के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह सम्मेलन भारत को 2030 तक वैश्विक वस्त्र विनिर्माण केन्द्र के रूप में स्थापित करने के सरकार के विजन के अनुरूप है। इसमें निर्यात को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन और समावेशी विकास पर विशेष बल दिया गया है, जो 'विकास भी, विरासत भी' के आदर्शों पर आधारित है। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, असम के मुख्यमंत्री डा. हिमंता बिस्वा सरमा, वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन सत्र में भारत की वस्त्र उद्योग की शक्ति, नवोन्मेषण और समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी के साथ-साथ पवेलियन का भी उद्घाटन किया जाएगा। सम्मेलन में अवसंरचना और निवेश, भारत के वस्त्र निर्यात का विस्तार, कच्चा माल और रेशे, 'टेक्निकल टेक्सटाइल' और 'न्यू-एज फाइबर' तथा हथकरघा और हस्तशिल्प का संरक्षण और संवर्धन जैसे प्रमुख क्षेत्रों को कवर करने वाले सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें देश भर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रियों और अधिकारियों के भाग लेने और विभिन्न क्षेत्रों तथा जिलों में कपड़ा मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सर्वोत्तम कार्य-प्रणालियों, चुनौतियों और नीतिगत सुझावों को साझा किए जाने की भी उम्मीद है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के वस्त्र उद्योग को सुदृढ़ और सशक्त बनाने पर भी एक सम्मेलन होगा जिसमें उत्तर-पूर्वी राज्यों के वस्त्र मंत्री, संसद सदस्य और केंद्र एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे।

इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उत्तर-पूर्व के रेशम, हथकरघा, हस्तशिल्प और बांस आधारित वस्त्रों की क्षमता को उजागर करना है, जिसमें एरी, मूगा और शहतूत रेशम, महिला केन्द्रित उद्यम, ब्रांडिग और बाजार पहुंच पर विशेष जोर दिया जाएगा। राष्ट्रीय सम्मेलन से केंद्र-राज्य सहयोग में सुदृढ़ता, प्रतिस्पर्धी, टिकाऊ और समावेशी वस्त्र सेक्टर के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा पेश किए जाने की भी उम्मीद है।

# उप्र में स्वैच्छिक संस्थाओं को मिलेगा अनुदान, योजना लागू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ धरातल पर पहुंचेगी पुनर्वासन योजना: कश्यप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने 'दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन' के लिए 'स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजना' को प्रभावी रूप से लागू किया है।

योजना के तहत दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में शामिल 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से संबंधित पुनर्वासन परियोजनाओं को अनुदान दिया जाएगा। योजना का लाभ दिव्यांग बच्चों और युवाओं को प्रारंभिक हस्तक्षेप, शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास के रूप में मिलेगा। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बुधवार को बताया कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि दिव्यांगजन हर क्षेत्र में आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक संस्थाओं की सहभागिता से दिव्यांग पुनर्वासन को नया विस्तार मिलेगा और सामाजिक भागीदारी भी मजबूत होगी। योजना के अंतर्गत अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, डे-केयर सेंटर, प्री-प्राइमरी एवं विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास कार्यक्रम, ब्रेल व सहायक उपकरणों की उपलब्धता, पाठ्य सामग्री निर्माण तथा दिव्यांगजनों से संबंधित पुस्तकालयों को अनुदान के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा।

इससे दिव्यांग बच्चों की शुरुआती पहचान कर उन्हें बेहतर भविष्य की ओर ले जाया जा सकेगा। मंत्री ने बताया कि योजना के लिए पारदर्शी और तकनीक आधारित चयन प्रक्रिया अपनाई गई है। वही स्वैच्छिक संस्थाएं पात्र होंगी, जो दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हों, नीति आयोग के एनजीओ दर्पण पोर्टल पर पंजीकरण के साथ विशिष्ट पहचान संख्या रखती हों तथा कम से कम दो वर्षों का अनुभव रखती हों। प्रस्तावों का परीक्षण पहले जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा, इसके बाद निदेशालय स्तर पर अंतिम चयन होगा। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अनुदान केवल वास्तविक और प्रभावी संस्थाओं को ही मिले। उन्होंने सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जनपदों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, ताकि अधिक से अधिक संस्थाएं इस अभियान से जुड़ सकें।

### एसआईआर को लेकर दुष्प्रचार कर रहा है विपक्ष: मौर्य



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है उत्तर प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया के तहत मंगलवार को मसौदा मतदाता सूची जारी कर दिया गया, जिसमें दो करोड़ 89 लाख मतदाताओं के नाम को मतदाता सूची से हटाने के लिए चिह्नित किया गया है। मौर्य ने बुधवार को यहां कहा विपक्ष के दुष्प्रचार का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मतदाता सूची शुद्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची से चुनाव हो, वही लोकतंत्र का पवित्र स्वरूप होगा। एसआईआर से सबसे ज्यादा नुकसान भारतीय जनता पार्टी के होने के विपक्ष के दावे पर उन्होंने कहा कि यह तो 2027 के विधानसभा के चुनाव में ही पता चलेगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में यादव एक गाड़ी में अपने विधायकों को बैठाकर सैफई चले जाएंगे। मौर्य ने कहा कि एसआईआर की एक प्रक्रिया है और उसका अभी केवल प्रथम चरण पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम काटे गए बताए जा रहे हैं वह काटे नहीं गए है। उन्हें जुड़वाने के लिए अभी पर्याप्त समय है। पात्र मतदाता 6 जनवरी से 6 फरवरी तक अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

# भाजपाः सदस्यता के द्वितीय चरण की शानदार शुरुआत

## ब्लॉक प्रमुख, पार्षद समेत सैकड़ों ने थामा भाजपा का दामन, प्रदेश की जनता भाजपा के साथः भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने ब्लॉक प्रमुख, पार्षद समेत सैकड़ों ज्वाइनिंग से सदस्यता अभियान के दूसरे चरण की शानदार शुरुआत की है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट ने कहा, माहौल खराब करने के प्रयासों के बीच, पार्टी ज्वाइन करने वालों का ये जोश बताता है कि जनता भाजपा के साथ है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी दी कि राजधानी में बलबीर रोड स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को सदस्यता अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत हुई है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भट्ट की मौजूदगी में देहरादून, ऋषिकेश, पौड़ी और रुड़की से आए बड़ी संख्या में जनप्रतिधियों और राजनैतिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दामन थामा। सभी नवांगतुक सदस्यों को पार्टी का पटका पहनाकर, फूलमाला के साथ स्वागत किया। इस मौके पर अपने सम्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आप सब लोगों का पार्टी के सिद्धांतों और विकास की नीति पर भरोसा करने पर सभी का हृदय से अभिनंदन है। जैसा, आप सभी लोगों ने भी स्वीकार किया कि देशभर की तरह प्रदेश में भी जिस तरह का चौमुखी विकास हो रहा है उससे प्रभावित होकर आप यहां हैं। सचमुच यदि 2014 के पहले के भारत को याद करें तो आज देश की तस्वीर बहुत बदल चुकी है। में विश्वास दिलाता हूं कि अपने क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के जिस भावों के साथ आप सभी लोग पार्टी में आए हैं, उसका हम विशेष ध्यान रखेंगे। केंद्र एवं राज्य की सरकार में उत्तराखंड विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। लेकिन हताश निराश विपक्ष, विकास को बाधित करने के लिए झूठ एवं भ्रम फैलाकर प्रदेश का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहा है।



लेकिन जिस तरह बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ राजनैतिक कार्यकर्ता, उसमें भी मातृ शक्ति की अधिकता बताती है कि प्रदेश की जनता भाजपा के साथ है। उन्हें मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और भाजपा सरकार पर पूरा भरोसा है कि वह पीड़ित परिवार की राय के बाद किसी भी जांच के लिए तैयार है। ज्वाइनिंग कार्यक्रम में धर्मपुर विधायक विनोद चमोली, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत, विधायक उमेश काऊ, प्रदीप बत्रा ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों का स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, नलिन भट्ट, प्रदेश कार्यालय सचिव जगनमो. हन रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन, पौड़ी जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत, दायित्वधारी सुभाष बर्थवाल, हेमंत द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिक. ारी उपस्थित रहे।

### ये हुए भाजपा में शामिल

पौड़ी जनपद से पौड़ी ब्लॉक प्रमुख अस्मिता नेगी के साथ पार्टी ज्वाइन करने वालों में ज्येष्ठ उप प्रमुख अर्चना तोपवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख नीरज पटवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य अजीत थपलियाल, सोहन पटवाल, मधु देवी, अनीता देवी, ममता देवी, अभिषेक कुमार, राजेश रावत प्रमुख थे। इसके अतिरिक्त देहरादून से पार्षद पूनम पुंडीर और देवकी नौटियाल के साथ डा. संजय सिंह, सौरभ चौधरी, सुरेंद्र सिंह, मोहन सिंह, सुरेश शर्मा, डाक्टर पूजा राठौड़, डा. महेंद्र शर्मा, आर के बडोला, राजेश अरोड़ा, राजेंद्र हुड्डा शामिल हुए। वहीं ऋषिकेश से पार्षद मुस्कान, पूर्व मंडल अध्यक्ष उषा जोशी, पूर्व पार्षद सुंदरी कंडवाल, अभिनव पाल, शिवानी गोस्वामी समेत कई राजनैतिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी ज्वाइन की। रुड़की से शामिल होने वालों में सुबोध चौधरी रविंदर भाटी, अजय मल्होत्रा, देवेंद्र सिंह, महेंद्र, सुमित खटाना समेत बड़ी संख्या लोग शामिल हुए हैं।

## एक नजर...

### सीबीआई जांच से क्यों भाग रही है सरकारः नेगी

**कोटद्वार।** जिला एवं महानगर कांग्रेस कार्यालय, जन सेवा केंद्र में समस्त 40 वार्डों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुरेन्द्र सिंह नेगी ने अपने वक्तव्य में संगठन की मजबूती, जनता तक पहुँच और उनके समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन केवल अपने ढांचे को मजबूत बनाने तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि हर कार्यकर्ता को जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों को समझना और समाधान सुनिश्चित करना प्राथमिक कर्तव्य है। कहा कि हमारा उद्देश्य जनता के बीच विश्वास कायम करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। संगठन की मजबूती तभी संभव है जब हर कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर लोगों तक हमारी नीतियों और जनहित के कार्यों को पहुँचाए। बैठक के दौरान विशेष रूप से बहन अंकिता भंडारी मामले पर चर्चा हुई। नेगी ने इस मामले में सरकार की निष्क्रियता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़िता को अभी तक उचित न्याय नहीं मिला है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार वीआईपी का नाम उजागर करने से क्यों बच रही है और सीबीआई जांच से क्यों भाग रही है। नेगी ने स्पष्ट किया कि न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रभावी कदम उठाना संगठन और कार्यकर्ताओं का नैतिक दायित्व है।

### यूकेडी 8 जनवरी को करेगी विरोध प्रदर्शन

**कोटद्वार।** लगभग डेढ़ लाख की आबादी वाले कोटद्वार नगर में एक भी बस अड्डा नही है, मोटर नगर स्थित नगर निगम की जमीन पर प्रस्तावित बस अड्डा न्यायालय और सरकारी हीला हवाली का शिकार है जिसके चलते कोटद्वार में यातायात व्यवस्था लचर बनी रहती है। प्रशासन मनमाने ढंग से यातायात डाइवर्ट कर देता है, सडक अतिक्रमण कारियों के कब्जे में है इन प्रमुख मुद्दों को लेकर यूकेडी लगातार आंदोलन करती रही है, लेकिन सरकार के कानों में जूं तक नही रेंग रही है, उत्तराखण्ड क्रांति दल ने अपने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में लिखा है कि सभी जानते हैं कि उत्तराखंड क्रांति दल यूकेडी के संरक्षक व वरिष्ठ नेता डा. शक्ति शैल कपरवाण के नेतृत्व में मोटर नगर निर्माण व विकास के लिए 2014 से धरना प्रदर्शन करता आया है और अनेक बार सरकार को ज्ञापन भेजे हैं परन्तु उत्तराखंड सरकार और नगर निगम प्रशासन, नगर निगम बोर्ड चुपचाप बैठे हैं। इसलिए उत्तराखंड क्रांति दल महानगर कोटद्वार ने निर्णय लिया है कि मोटर नगर निर्माण के लिए आगामी 8 जनवरी को 11 बजे से सभी कार्यकर्ता मोटर नगर में धरना प्रदर्शन करेंगे।

### अवैध शराब के साथ 2 गिरफ्तार

**कोटद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी के निर्देशों के क्रम में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कोतवाली कोटद्वार पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार देर रात को कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 2 अभियुक्तों चंदन सिंह बिष्ट पुत्र गोविंद सिंह, निवासी लकड़ी पड़ाव, कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल एवं शुभम पुत्र जगमोहन सिंह, निवासी सिंबलचौड़, कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके आधार पर कोतवाली कोटद्वार पर अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

# स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर रील बनाइए, इनाम जीतिए

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** स्वामी विवेकानंद के विचार, जीवन दर्शन और धार्मिक-सामाजिक मूल्यों पर बेहतरीन रील बनाकर आप भी नगद इनाम राशि जीत सकते हैं। विज. ेता प्रतिभागियों को 12 जनवरी को युवा दिवस के कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। बुधवार को प्रांतीय रक्षक दल निदेशालय में हुई बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने 12 जनवरी को आयोजित होने वाले युवा दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन से प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने के लिए इस साल यह नई पहल की गई है। विभाग द्वारा जारी किए गए लिंक पर युवा स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनकी विचारधारा पर आधारित 60 से 90 सेकंड की रील अपलोड करेंगे, एक कमेटी इनमें से सर्वश्रेष्ठ तीन प्रविष्टियों को चयनित करेगी। पहले तीन विजेताओं को 11000, 7000 और 5000 के पुरस्कार दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष तक के युवा हिस्सा ले सकेंगे। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि युवा दिवस समारोह में प्रदेश के तीन युवा मंगल दल और तीन महिला मंगल दलों को 1 लाख, 50 हजार और 25 हजार की इनाम राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही नेशनल यूथ अवार्ड जीतने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।



# निष्पक्ष जांच से भाग रही सरकारः कांग्रेस

## गोदियाल ने लगाया वीआईपी को बचाने का आरोप

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अंकिता भंडारी हत्याकांड में निष्पक्ष जांच से लगातार बच रही है और शुरू से ही वीआईपी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हालिया प्रेस वार्ता में इस मुद्दे पर सवालों से असहज नजर आए, जो सरकार की मंशा को उजागर करता है।

गोदियाल ने कहा कि अंकिता की हत्या से पहले ही गुमशुदगी दर्ज कराकर परिवार पर यह मानने का दबाव बनाया गया कि वह भाग गई है। बाद में सामने आए व्हाट्सएप संदेशों से स्पष्ट हुआ कि अंकिता ने अपनी जान को खतरा होने की बात पहले ही कही थी। इसके बावजूद सरकार ने सच्चाई सामने लाने के बजाय सबूत मिटाने का रास्ता चुना।

उन्होंने सवाल उठाया कि अंकिता का शव मिलने के बाद रात में वनंतरा रिसॉर्ट पर बुलडोजर किसके आदेश पर चलाया गया? क्या एसआईटी ने भाजपा विधायक रेणु बिष्ट की भूमिका की जांच की? अंकिता के कमरे को ध्वस्त कर सबूत नष्ट करने के पीछे किसका निर्देश था? उन्होंने कहा कि खुद मुख्यमंत्री द्वारा ध्वस्तीकरण का श्रेय लेने की बात सामने आ चुकी है, फिर भी जांच एजेंसियां चुप हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार सीबीआई जांच से क्यों डर रही है, जबकि प्रदेश की जनता और पीड़ित परिवार लगातार इसकी मांग कर रहे हैं। कांग्रेस की स्पष्ट मांग है कि इस मामले की जांच उच्चतम न्यायालय के सिटिंग या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में हो, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को सजा मिले।

उन्होंने कहा कि अंकिता के पिता द्वारा पटवारी और आरोपी पक्ष पर लगाए गए दबाव और धमकी के आरोपों पर भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कांग्रेस ने दो. हराया कि जब तक सभी अनुत्तरित सवालों के जवाब नहीं मिलते, पार्टी न्याय की इस लड़ाई को सड़क से सदन तक लड़ती रहेगी। पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक मनोज रावत, निवर्तमान मीडिया चेयरमैन राजीव महर्षि, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र शाह, प्रवक्ता डा. प्रतिमा सिंह और महानगर अध्यक्ष डा. जसविंदर सिंह गोगी उपस्थित रहे।

# महिला उद्यमिता राज्य एवं देश के आर्थिक विकास की रीढ़

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (फिक्की फ्लो) उत्तराखंड चैप्टर ने दो दवसीय फिक्की फ्लो कन्वेंशन 2026 का शुभारंभ 7 जनवरी को देहरादून में किया गया।



सम्मेलन के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सम्मेलन के लिए एक प्रेरणादायी वीडियो संदेश प्रेषित किया, जिसमें महिला सशक्तिकरण, उद्यमिता एवं विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की निर्णायक भूमिका पर बल दिया गया। दो दिवसीय इस सम्मेलन की थीम द पावर टू एंपावर निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल सशक्तिकरण, उद्यमिता विकास, सरकारी सहभागिता तथा सतत आजीविका के अवसरों से जोड़ना है।

सम्मेलन के प्रथम दिवस बुधवार की शुरुआत एक भव्य उद्घाटन सत्र से हुई, जिसमें कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने महिला सशक्तिकरण, स्टार्ट-अप संस्कृति तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महिलाओं की निर्णायक भूमिका पर अपने विचार साझा किए। इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने वक्तव्य में कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं ने सदैव समाज एवं विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को राज्य के समग्र विकास की आधारशिला बताते हुए फिक्की फ्लो जैसे मंचों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

इस अवसर पर फिक्की फ्लो उत्तराखंड चैप्टर की चेयरपर्सन डा. गीता खन्ना ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में महिला उद्यमिता को राज्य एवं देश के आर्थिक विकास की रीढ़ बताते हुए कहा कि थीम द पावर टू एंपावर केवल एक थीम नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम एवं नेतृत्वकर्ता बनाने की दिशा में एक सशक्त आंदोलन है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं उद्यमिता से जुड़ती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और राष्ट्र को भी सशक्त बनाती हैं।

इसके बाद सम्मेलन में विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें डिजिटल साक्षरता, सरकारी साझेदारी , फ्रॉम सॉइल टू शेल्फ आदि विषयों पर पैनल चर्चा की गई। फिक्की फ्लो उत्तराखंड चौप्टर द्वारा आयोजित यह सम्मेलन महिलाओं को ज्ञान, नेटवर्किंग एवं नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है। सम्मेलन के आगामी सत्रों में महिला नेतृत्व, नवाचार एवं आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. सुरेख डंगवाल, मधु भट एवं कुसुम कंडवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने महिलाओं को एक विशिष्ट पहचान दिलाने तथा विक. सित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को और अधिक सशक्त करने पर बल दिया।

# उत्तराखण्ड में माल्टा उत्पादन की अपार संभावनाएंः सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को आइटीबीपी स्टेडियम सीमा द्वार, देहरादून में सेवा संकल्प (धारिणी) फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय माल्टा महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों से आए कृषकों से मुलाकात कर माल्टा और नींबू की खटाई का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में माल्टा उत्पादन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में ठोस पहल करते हुए माल्टा मिशन शुरू करने की घोषणा की गई है, जिसके माध्यम से माल्टा के उत्पादन, विपणन और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस मिशन से पहाड़ी क्षेत्रों के कृषकों की आय में वृद्धि होगी और स्थानीय फलों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार माल्टा के साथ-साथ कीवी, सेब, आड़ू, पुलम, नींबू प्रजाति के ल एवं अन्य स्थानीय फलों के उत्पादन को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा माल्टा महोत्सव जैसे आयोजन, किसानों को सीधे उपभोक्ताओं और बाजार से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर आईजी आईटीबीपी संजय गुंज्याल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



# स्वास्थ्य विभाग को मिले सात और विशेषज्ञ चिकित्सक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को सात और विशेषज्ञ चिकित्सक मिल गये हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत 'यू कोट, वी पे' मॉडल के तहत चयनित इन विशेषज्ञ चिकित्सकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौखुटिया, डीडीहाट, बीरोंखाल तथा उप जिला चिकित्सालय गैरसैण में तैनाती दी गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती से इन अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया होगी साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी भी दूर होगी। प्रदेश सरकार राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार दुरूस्त करने में जुटी है। राजकीय चिकित्सा इकाइयों में आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिये सरकार द्वारा आधुनिक चिकित्सका उपकरणों से लेकर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ व अन्य सपोर्टिंग स्टाफ की लगातार तैनाती कर रही है। इसके साथ ही सरकार द्वारा प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को भी चरणबद्ध तरीके से दूर कर रही है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 'यू कोट, वी पे' मॉडल के तहत 7 विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन किया गया है, जिनमें एनेस्थेटिस्ट व पीडियाट्रिशियन के 2-2 जबकि ऑब्स्टेट्रीक एंड गायनी के 3 विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल है। विभागीय अनुबंध के तहत चयनित इन विशेषज्ञ चिकित्सकों को विभिन्न जनपदों की चिकित्सा इकाईयों में तैनाती दे दी गई है।

जिसमें डा. आर. हेमचन्द्रन (एनेस्थेटिस्ट), डा. देविका खत्री (ऑब्स्टेट्रीक एंड गायनी) तथा डा. अनंत गुप्ता (पीडियाट्रिशियन) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौखुटिया, अल्मोड़ा में तैनाती दी गई है। इसी प्रकार डा. विशाल प्रताप सिंह (एनेस्थेटिस्ट) व डा. शिल्पा भानुदास (ऑब्स्टेट्रीक एंड गायनी) को उप जिला अस्पताल गैरसैण, चमोली, डा. ममता थपलियाल (ऑब्स्टेट्रीक एंड गायनी) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरोंखाल, पौड़ी गढ़वाल तथा डा. किशन सिंह महर (पीडियाट्रिशियन) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीडीहाट, पिथौरागढ़ में तैनाती दी गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के आने से इन अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी दूर होगी साथ ही मरीजों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।



राज्य सरकार प्रदेशभर की चिकित्सा इकाइयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के लिये संकल्पबद्ध है। एनएचएम के अंतर्गत यू कोड, वी पे योजना के तहत सात विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती चौखुटिया, बीरोंखाल, गैरसैण व डीडीहाट में कर दी गई है। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती से मरीजों को स्थानीय स्तर पर और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी।

**धन सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखंड।**

# मसाला यूनिट से संवरी 700 महिलाओं की किस्मत

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित जन कल्याणकारी योजनाएं ग्रामीण महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही हैं। डोईवाला ब्लॉक के दूधली गांव में रीप परियोजना के तहत स्थापित मसाला यूनिट ने आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। हिलान्स ब्रांड के नाम से चल रही इस यूनिट ने अब तक 30 लाख रुपये का शानदार टर्नओवर हासिल किया है। सालाना बढ़ रहा है कारोबार वर्ष 2023 में 10 लाख रुपये की लागत से शुरू हुई इस यूनिट ने पहले साल 10 लाख और दूसरे साल (2024-25) में 20 लाख रुपये का कारोबार किया। सफलता मॉडल क्लस्टर लेवल फेडरेशन द्वारा संचा. लित इस यूनिट में 700 से अधिक महिलाएं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हैं। स्थानीय उत्पादों को मिली पहचान यूनिट में अत्याधुनिक मशीनों से हल्दी, मिर्च, धनिया और बेसन तैयार किया जा रहा है। फेडरेशन की अध्यक्ष आरती पांडे ने बताया कि स्थानीय महिलाओं से ही कच्चा माल खरीदा जाता है, जिससे उन्हें गांव में ही रोजगार मिल रहा है। जिला परियोजना प्रबंधक (रीप) कैलाश भट्ट के अनुसार, जल्द ही गरम मसाला, चिकन मसाला और मैगी मसाला जैसी नई वैरायटी भी बाजार में उतारी जाएंगी।


**पंजाब नैशनल बैंक** ......भरोसे का प्रतीक (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

**punjab national bank** ...the name you can BANK upon!

एसएएमबी दिल्ली, चौथी मंजिल, 7 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
ई-मेल: zs8343@pnb.bank.in

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति क्रेडिटर के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/प्रतिभूत क्रेडिटर के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा कर लिया गया था, की बिक्री सम्बद्ध कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) से बैंक/प्रतिभूत क्रेडिटर के बकायों की वसूली हेतु नीचे तालिका में वर्णित तिथियों पर "जहाँ है वहाँ है", "जो है वही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है" आधार पर की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि नीचे तालिका में सम्बन्धित सम्पत्तियों के सम्मुख उल्लिखित के अनुसार होगी।

**प्रतिभूत आस्तियों की अनुसूची**

| लॉट सं | शाखा का नाम / खाते का नाम / कर्जदार/जमानतियों का नाम तथा पता खाता | अचल सम्पत्तियों का विवरण बंधककर्ता/स्वामी का नाम [सम्पत्ति(यों) के बंधककर्ता] | (A) सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत माँग सूचना की तिथि (B) बकाया राशि (C) सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा करने की तिथि (D) कब्जे की प्रकृति (सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक) | (A) आरक्षित मूल्य (B) ईएमडी (C) संविदा वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | प्रतिभूति क्रेडिटर के संज्ञान में ऋणभारों का विवरण | अधिकृत प्राधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सैम शाखा, दिल्ली<br>मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया (पी) लिमिटेड<br>मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया (पी) लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092<br>श्री राजीव गुप्ता (निदेशक एवं जमानती) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पताः बी-102, जनसत्ता अपार्टमेंट, सेक्टर-9, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201012<br>साथ हीः 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092<br>प्रशांत कुमार शर्मा (जमानती) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, लक्ष्मी विहार, बहादराबाद, हरिद्वार- 249402<br>श्रीमती चारु गुप्ता (जमानती) निवास पता बी 102, जनसत्ता अपार्टमेंट, सेक्टर 9, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201012<br>श्री राकेश शर्मा (निदेशक) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 2386, चिपिवाड़ा, जामा मस्जिद, दिल्ली-110006<br>मेसर्स इस्पात उद्योग लिमिटेड मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092<br>श्री राकेश शर्मा (निदेशक एवं जमानती) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092<br>श्री आरपी गुप्ता (निदेशक एवं जमानती) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बी-102, जनसत्ता अपार्टमेंट, सेक्टर-9, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201012 | 1. विक्रय विलेख के अनुसार, संपूर्ण भूतल से छत तक, बिना छत के अधिकार के, क्षेत्रफल 102.84 वर्ग मीटर, भूतल पर दो कार पार्किंग सहित, प्लॉट संख्या 29 पर निर्मित, नगरपालिका संख्या 1/1873-ए वाली संपत्ति का एक भाग, खसरा संख्या 128 मीटर में से, चंद्रावली उर्फ ??शाहदरा गाँव के क्षेत्र में स्थित, मानसरोवर पार्क की आबादी में, दिल्ली, मेसर्स इस्पात अलॉयज इंडिया (प्रा.) लिमिटेड के नाम पर संपूर्ण संपत्ति के अंतर्गत भूमि का आनुपातिक हिस्सा।<br>सीमाएँ: पूर्वः गली 10 फीट, पश्चिमः सड़क 15 फीट, उत्तरः सड़क 20 फीट, दक्षिणः प्लॉट संख्या 32 (सांकेतिक कब्जे में) | A) 18.11.2014<br>B) रु. 29.58 करोड़ + भावी ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित<br>C) 20.03.2015<br>D) सांकेतिक कब्जा | (A) रु. 0.55 करोड़<br>(B) रु. 0.05 करोड़<br>(C) रु. 0.005 करोड़ | 28.01.2026 को 11:00 बजे पूर्वा. से 04:00 बजे अप. | ज्ञात नहीं | पवन सिंह यादव मोबाइलः 9717133327 |
| | | 2. विक्रय विलेख के अनुसार, संपूर्ण द्वितीय तल से छत तक, बिना छत के अधिकार के, क्षेत्रफल 102.84 वर्ग मीटर, भूतल पर दो कार पार्किंग के साथ, प्लॉट संख्या 29 पर निर्मित, नगरपालिका संख्या 1/1873-ए वाली संपत्ति का एक हिस्सा, खसरा संख्या 128 मिन में से, दिल्ली के मानसरोवर पार्क की आबादी में चंद्रावली उर्फ ??शाहदरा गाँव के क्षेत्र में स्थित, साथ ही संपूर्ण संपत्ति के अंतर्गत भूमि का आनुपातिक हिस्सा श्री राजीव गुप्ता के नाम पर।<br>सीमाएँ: पूर्वः गली 10 फीट, पश्चिमः सड़क 15 फीट, उत्तरः सड़क 20 फीट, दक्षिणः प्लॉट संख्या 32 (सांकेतिक कब्जे में) | | (A) रु. 0.49 करोड़<br>(B) रु. 0.05 करोड़<br>(C) रु. 0.005 करोड़ | | | |

**ई-नीलामी बिक्री की नियम एवं शर्तें :** बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियम एवं शर्तों तथा आगे निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी : (1) सम्पत्तियों की बिक्री "जहाँ है जैसे है", "जो है वही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है" आधार पर की जा रही है। (2) यहाँ ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत आस्तियों के विवरण अधिकृत प्राधिकारी की सर्वोत्तम सूचना के आधार पर बताये गये हैं, किन्तु अधिकृत प्राधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलतबयानी अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। (3) प्रतिभूत परिसंपत्ति को आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा। पहली बोली आरक्षित मूल्य से किसी भी अधिक राशि पर आरंभ होनी चाहिए। (4) अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री वेबसाइट https://Baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऊपर निर्दिष्ट नीलामी तिथि और समय पर की जाएगी। (5) अधिक जानकारी और बिक्री की नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया (i) https://Baanknet.com और (ii) https://pnb.bank.in/ देखें (पूर्व पताः www.pnbindia.in)

**सरफैसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सांविधिक बिक्री सूचना**

दिनांक : 07.01.2026 स्थान : दिल्ली | अधिकृत प्राधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

# चारधाम यात्राः सड़कें होंगी सुरक्षित

## शीघ्र शुरू होंगे सीवर-ड्रेनेज कार्यः जिलाधिकारी गौरव कुमार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**चमोली।** जिलाधिकारी गौरव कुमार ने मंगलवार को जोशीमठ क्षेत्र का सघन दौरा कर वहां चल रहे पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अलकनंदा नदी के तट पर मारवाड़ी पुल से विष्णुप्रयाग पुल तक निर्माणाधीन सुरक्षा दीवार तथा मारवाड़ी क्षेत्र में चल रहे स्लाइड स्थिरीकरण कार्यों का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों में तेजी लाने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



सिंचाई विभाग द्वारा लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित की जा रही लगभग 230 मीटर लंबी सुरक्षा दीवार को जोशीमठ की दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जिलाधिकारी ने निर्माणदायी संस्था को निर्देश दिए कि कार्य को तय समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जीरोबैंड क्षेत्र में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर उभर आई दरारों का भी सूक्ष्म परीक्षण किया। आगामी चारधाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने बीआरओ एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सड़क को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए, ताकि यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान जिलाधिकारी ने राज्य आपदा प्रबंधन कंसलटेंट जोशीमठ को दैनिक एवं साप्ताहिक रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जोशीमठ के भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि जनवरी माह के भीतर ही क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित सीवर एवं ड्रेनेज कार्यों के प्रारंभ होने की प्रबल संभावना है। इसके साथ ही, दूसरे चरण में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से भूमि स्थिरीकरण कार्यों को भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 की भू-धंसाव घटना के बाद केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से नगर को सुरक्षित एवं स्थायी बनाने के लिए ये योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के एई मनोज असवाल, जेई अमित लिंगवाल, संजय पुरोहित, राज्य आपदा प्रबंधन कंसलटेंट विवेक तिवारी, आशीष कौशिक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पन्द्रह दिवसीय टूर मैनेजर प्रशिक्षण का समापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उत्तरकाशी।** जिले मुख्यालय में पिछले 15 दिनों से संचालित टूर मैनेजर प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तराखंड पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित, टूरिज्म हॉस्पिटैलिटी स्किल काउंसिल के सहयोग से विद्या सोसाइटी के माध्यम से संचालित किया गया। कार्यक्रम में सचिव पर्यटन धीराज सिंह गर्ब्याल के दिशा-निर्देशों में आयोजित किया गया।



समापन समारोह के बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान रहे। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करते हैं और राज्य की आर्थिकी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में पर्यटन विभाग की अतिरिक्त निदेशक पूनम चंद वर्चुअल माध्यम से जुड़ीं और सभी प्रतिभागियों को सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में प्रशिक्षण प्रदाता नरेश रावत, विद्या सोसाइटी के प्रतिनिधि विजय तिवारी, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संच.ालन विद्या सोसाइटी के राकेश महारा द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में होटल एसोसिएशन अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह मटूडा, ट्रैकिंग एसोसिएशन के सचिव मनोज रावत, सभासद महावीर चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान और अनुभव साझा करते हुए इसे अपने भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया तथा आयोजकों और उत्तराखंड पर्यटन विभाग का आभार व्यक्त किया।

## एनएसएस शिविर संपन्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**चिन्यालीसौड़।** बिरजा इंटर कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। समापन समारोह में छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य व नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से समा.जसेवा, नशा मुक्ति और स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में थाना धरासू से सब इंस्पेक्टर नवीन बिजल्वाण, कुलवीर चौहान अनिल तोमर ने स्वयं सेवियों को साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी वीडियो कॉल आने पर फंट कैमरे पर अंगुली लगाकर रिसीव करें पहचान का व्यक्ति होने पर ही अंगुली हटाकर बात करें। अन्यथा कोई भी ऐआई के माध्यम से आपका गलत उपयोग कर सकता है। उन्होंने किसी भी ऑनलाइन फ्रॉड होने पर 1930 डायल करने के बारे में पूर्ण जानकारी थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की डाक्टर सरस्वती व डाक्टर मीनाक्षी ने विस्तार से हार्ट अटैक की स्थिति में सीपीआर देना, बालि.का स्वास्थ्य, एड्स, मानसिक स्वास्थ्य, प्राथमिक उपचार, किशोर अवस्था में हार्मोन के कारण होने वाले परिवर्तन, थैरेपी, की जानकारी दी। वहीं उत्तराखंड जल विद्युत निगम के अवर अभियंता अनिल आर्य ने बताया कि विद्युत उत्पादन के तीन चरण हैं पहला उत्तराखंड जल विद्युत निगम जो विद्युत उत्पादन करता है दूसरा पिटकुल जो उत्पादित विद्युत को 220 के वी में परिवर्तित करता है और तीसरा चरण है। यूपीसीएल जो 220 केवी को 11 केवी में परिवर्तित कर 220 बाट के रूप में घर घर बिजली देने का काम करता है। कार्यक्रम अधिकारी अनिल नौटियाल, कृष्णा सकलानी कमल कांत थपलियाल व विपिन पंवार के निर्देशन में आयोजित शिविर के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता रैली भी निकाली गई।

# शॉर्ट सर्किट से हुई आगजनी

## अग्निकांड में तीन परिवार हो गए बेघर, 14 मवेशियों की मौत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उत्तरकाशी।** मोरी ब्लॉक के गुराडी गांव में बुधवार तड़के सुबह आग.जनी से तीन परिवार बेघर हो गये जबकि 14 मवेसी जिंदा जल गए हैं। इधर जिला परिचालन केंद्र उत्तरक.ाशी से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार तड़के सुबह सवा पांच बजे तहसील मोरी अन्तर्गत ग्राम गुराडी में आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर आपातकालीन परिचालन केंद्र उत्तरकाशी ने तत्काल राजस्व विभाग, फायर सर्विस, एसडीआरएफ, पुलिस, पशु चिकित्सा, 108 एम्बुलेंस टीम को घटना स्थल रवाना किया गया हैं। उक्त टीम मौके पर पहुँच कर टीम तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से समय लगभग प्रातः 07.35 बजे उक्त आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया गया हैं। अग्निकांड से ग्राम गुराडी में 3 परिवारों के भवन जलकर पूर्ण रूप से नष्ट हुए हैं। वहीं तहसीलदार मोरी ने बताया कि उक्त घटना शॉर्टसर्किट होना बताया है।



राजस्व विभाग मोरी द्वारा प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री के रूप में प्रति परिवार को 2 कम्बल, 1 तिरपाल, 5000 हजार नगद दी गयी है। आगजनी में रामचन्द्र पुत्र धर्म दत्त गांव, गुराड़ी, पोस्ट, नैटवार, मोरी, उत्तरकाशी को पशु हानि 2 गाय, 01 बैल, 2 भरत मणि पुत्र केदार दत्त, पशु हानि- 05 बकरी, 01 गाय, ममलेश पुत्र श्री भरत मणि को पशु हानि 2 भेड़, 01 गाय, 2 बकरी।

# लीसा डिपो के पास धंसाव से जर्जर सड़क, पेटिंग न होने से बढ़ी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**चिन्यालीसौड़।** चिन्यालीसौड़ नगर को जोड़ने वाला मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। लीसा डिपो के पास टिहरी बांध झील के कारण सड़क का धंसाव होता है, जिससे हर वर्ष बरसात में सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है। राजराजेश्वरी मंदिर से पीपल मंडी तक मार्ग की हालत सबसे अधिक खराब बनी हुई है। हालांकि सीमा सड़क संगठन (ग्रीफ) द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से दीवार का निर्माण कर सड़क को आवागमन के लिए फिलहाल सुचारु रखा गया है, लेकिन सड़क पर पेटिंग व डामरीकरण न होने के कारण सतह उबड़-खाबड़ बनी हुई है। इससे दोपहिया और छोटे वाहनों को विशेष रूप से परेशानी हो रही है।



जानकारी के अनुसार मार्च माह के बाद यह मार्ग लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में ग्रीफ नाली एवं दीवार निर्माण कार्य कर रहा है, लेकिन सड़क की समुचित मरम्मत न होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। इस संबंध में राज पाल सिंह परमार, यशवीर बिष्ट, अनिल चंद रमोला, मेद्य चंद रमोला और गुरुदीप थालियाल ने विभाग से मांग की है कि धंसाव प्रभावित हिस्से का स्थायी समाधान कर शीघ्र सड़क की पेटिंग एवं दुरुस्तीकरण किया जाए जिससे यातायात हेतु मार्ग सुगम हो सके।

# संग्रहालय में संजोई जाएंगी पुरानी टिहरी की जलमग्न धरोहरें

## टिहरी झील के पर्यटन विकास को लगेंगे पंख

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बना रही टिहरी झील और इसके आसपास के क्षेत्रों में स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग ने अपनी कवायद तेज कर दी है। इसी उद्देश्य को लेकर मंगलवार को टिहरी झील के समीप कोटी कालोनी स्थित एक निजी होटल में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में पर्यटन विकास के मौजूदा ढांचागत कार्यों की समीक्षा की गई और भविष्य की योजनाओं का खाका खींचा गया। बैठक में मुख्य रूप से एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं और टिहरी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (टाडा) के अंतर्गत नक्शा पास करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक के दौरान पर्यटन विभाग और कार्यदायी संस्थाओं द्वारा विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। इसमें टिहरी झील क्षेत्र को पर्यटकों के लिए और अधिक आकर्षक बनाने के लिए म्यूजियम बिल्डिंग, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, रोमांचक एडवेंचर पार्क, इको पार्क, टिहरी ग्रीन प्रोजेक्ट, प्रमुख पर्यटन स्थलों का विकास और सेल्फी प्वाइंट बनाने जैसी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने बताया कि इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से न केवल पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। एडीबी परियोजना के तहत प्रस्तावित और निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति पर भी अधिकारियों ने गहन मंथन किया। इस दौरान जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने एक बेहद भावुक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए नई टिहरी में बनने वाले म्यूजियम पार्क को ऐतिहासिक स्वरूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टिहरी डैम की झील में डूब चुके पुरानी टिहरी शहर की अद्भुत चीजों, सांस्कृतिक धरोहरों और स्मृतियों से संबंधित डेटा और जानक.ारी एकत्र की जाए, ताकि उन्हें प्रस्तावित संग्रहालय में प्रदर्शित किया जा सके। इसका उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों और पर्यटकों को टिहरी के गौरवशाली अतीत और त्याग की गाथा से रूबरू कराना है। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने पर्यटन को केवल झील तक सीमित न रखकर ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जाने की बात कही। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम बागी और गाजणा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर बजट की मांग की जाए, ताकि इन गांवों को भी पर्यटन मानचित्र पर उभारा जा सके। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने टाडा क्षेत्र के अंतर्गत निर्माण कार्यों के लिए नक्शा पास करने की प्रक्रिया में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों और उनके समाधान पर भी विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर उत्तराखंड टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं परियोजना निदेशक अभिषेक रूहेला, मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, आईएएस प्रशिक्षु स्नेहल कुंवर, उप-जिलाधिकारी टिहरी संदीप कुमार, जिला पर्यटन विकास अधिकारी एस एस राणा, परियोजना प्रबंधक आशीष कठैत और डीडीए के सहायक अभियंता पंकज पाठक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने टिहरी को एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## गानों पर थिरके ग्रामीण

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के मलेथा गांव में चल रहें वीर शिरोमणि माधो लसह भंडारी औद्योगिक एवं कृषि विकास मेले के चौथे दिन बुधवार को लोक गायक किशन महिपाल की प्रस्तुतियों ने समा बांधा। मेले में विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने लोक गायक किशन महिपाल के गानों में जमकर झूमें। मेले का शुभारंभ करते हुए देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि ऐसे मेले ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के साथ लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं। सांस्कृतिक संध्या में किशन महिपाल ने जिया कोरी कोरी, ओ स्याली, घुघुति सहित कई लोकगीत प्रस्तुत किए देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मौके पर रजपाल बिष्ट, जितेंद्र मोहन सजवाण, कुलद.ीप रावत, ग्राम प्रधान रश्मि रावत सहित आदि मौजूद थे।

# दुर्दशा का कारण है असंस्कारी समाज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उत्तरकाशी।** संस्कार विहीन संतान ही आज हमारे समाज की दुर्दशा के कारण है। युवा आज नशे की लत के शिकार हो रहे हैं। संस्कारवान व्यक्ति समाज के लिए सच्चे मार्गदर्शक बन सकते हैं। आज के युवाओं को ऐसे लोगों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उक्त विचार श्रीविश्वनाथ मंदिर में भेटियार गाजणा के नौटियाल परिवार ने अपने स्वर्गीय पिता के स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन की कथा में राष्ट्रीय संत डा. दुर्गेशाचार्य महाराज ने व्यक्त किए। महाराज ने बाबा विश्वनाथ की पवित्र भूमि को तीर्थ नगरी घोषित होने की आवश्यकता बताया है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के कथा का वर्णन कर सब को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाराज जी ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण ही मोक्ष का मार्ग है। कथा श्रवण से जहां भक्ति, ज्ञान तथा वैराग्य की त्रिवेणी की अनुभूति होती है, वहीं मानव मात्र परमात्मा से एकाकार होने की दिशा में सहज चल पड़ता है।



बुधवार को श्री विश्वनाथ मंदिर में भेटियारा गांव निवासी हाल उत्तरकाशी स्व. गोपेश्वर नौटियाल जी के पुन्य स्मृति में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोरम व्याख्यान सुनाकर लोगों को भरपूर आनंदित किया। उन्होंने कहा कि जो मनुष्य भगवान के प्रति समर्पित हो जाता है उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा में श्री कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी, पूतना मोक्ष, काली निग्रह, चीरहरण व गोवर्धन पूजा की कथा सुनाकर लोगों को परम सुख प्राप्त कराया। उन्होंने पूतना मोक्ष की कथा सुनाते हुए कहा कि कंस द्वारा भेजी गई पूतना नाम की राक्षसी को भगवान श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते करते ही प्राण पखेरू हो गए और उसको मोक्ष दिया। कहा कि भगवान अपने ग्वाल बालों के साथ माखन चोरी करते, जिसकी शिकायत सुन सुनकर माता यशोदा उन्हें सजा देती थी किंतु हर बार वह कोई न कोई चमत्कार कर उन्हें आश्चर्यचकित करते रहते थे। कथा पंडाल में गुरू चौंरगी, तामेश्वर महादेव, हरिमहाराज, भैरव देवता, हलवा देवता, नागराजा, आदि देवताओं डोलियां विराजमान है। इस मौके पर कथा आयोजक श्रीमती ऊषा नौटियाल देवी एवं उनके पुत्र विमलेश्वर नौटियाल और अभिषेक नौटियाल और किशोर नौटियाल ,बद्री मिश्रा, पवन थपलियाल ,जगदीश प्रसाद भट्ट, विमलेश्वर प्रसाद नौटियाल, अभिषेक नौटियाल, भगवती बिजल्वाण कृष्णा मिश्रा, भीम प्रसाद , किशोर भट्ट, काशी विश्वनाथ मंदिर के पूजारी अजेय पुरी, हरि सिंह राणा आदि मौजूद रहे है।

# पेंशनरों के लिए जरूरी खबर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति निकट आते ही सरकारी विभागों ने आयकर गणना और कटौती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी क्रम में नरेन्द्रनगर कोषागार ने अपने से सम्बद्ध सभी पेंशनरों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। कोषाधिकारी नरेन्द्रनगर ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर पेंशनरों को प्राप्त होने वाली आय के सापेक्ष आयकर की कटौती की जानी सुनिश्चित है। इसके लिए विभाग ने सभी पेंशनरों से समय रहते अपनी आय और बचत से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का आग्रह किया है, ताकि अंतिम समय में किसी भी प्रकार की असुविधा या अनचाही कर कटौती से बचा जा सके। कोषाधिकारी ने कोषागार से जुड़े सभी पेंशनरों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान उन्हें प्राप्त हुई कुल पेंशन और यदि किसी अन्य स्रोत से कोई आय प्राप्त हुई है, तो उसका पूरा विवरण तैयार कर लें। इसके साथ ही, आयकर में छूट प्राप्त करने के लिए की गई बचत, निवेश और अन्य कटौतियों से संबंधित वैध दस्तावेज भी कार्यालय में जमा कराने होंगे। विभाग ने इसके लिए 20 फरवरी 2026 की अंतिम तिथि निर्धारित की है। पेंशनरों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे निर्धारित तिथि तक हर हाल में अपना विवरण कोषागार कार्यालय नरेन्द्रनगर में उपलब्ध करा दें, ताकि उनके द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार सही आयकर की गणना की जा सके।

# राजाखेत में गूंजी अंकिता के हत्यारों को फांसी देने की मांग

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली विशाल जनाक्रोश रैली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर जनता का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस जघन्य हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने और घटना में शामिल कथित वीआईपी आरोपियों को कठोर से कठोर सजा दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। इसी क्रम में बुधवार को प्रतापनगर विधानसभा के पटी रैका धारमंडल के रजाखेत बाजार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति ने एक विशाल जनाक्रोश रैली निकाली।




क्षेत्रीय विधायक विक्रम सिंह नेगी के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने हिस्सा लिया और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबा.जी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

रजाखेत बाजार में एकत्रित हुए आंदोलनकारियों ने रजाखेत मुख्य बाजार से लेकर टैक्सी यूनियन की पार्किंग तक जुलूस निकाला। इस दौरान पूरा क्षेत्र अंकिता के हत्यारों को फांसी दो और अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच हो के नारों से गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि एक बेटी को न्याय दिलाने के मामले में सरकार जिस तरह की ढिलाई बरत रही है, उससे प्रदेश की जनता में भारी आक्रोश है। रैली के समापन पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड जैसी शर्मनाक घटना ने उत्तराखंड जैसी शांत और पवित्र देवभूमि को कलंकित करने का काम किया है। उन्होंने जनता को आगाह करते हुए कहा कि यदि आज हम चुप बैठे रहे, तो प्रदेश में अत्याचारियों और व्यभिचारियों का राज स्थापित हो जाएगा, इसलिए न्याय के लिए सड़क पर उतरना अनिवार्य हो गया है।

विधायक ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इस जघन्य अपराध में शामिल वीआईपी लोगों के नाम विभिन्न माध्यमों से उजागर होने के बावजूद शासन-प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार हत्याकांड में शामिल प्रभावशाली वीआईपी हत्यारों को बचाने के लिए जानबूझकर लीपापो.ती कर रही है और प्रदेश की जनता को तरह-तरह से भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर सरकार सीबीआई जांच कराने से क्यों बच रही है। नेगी ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि राज्य सरकार की मंशा स्पष्ट और पाक-साफ है, तो उसे तत्काल निष्पक्ष सीबीआई जांच के आदेश देने चाहिए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके और सच जनता के सामने आ सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि देवभूमि पर भविष्य में इस प्रकार की शर्मनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए असली दोषियों को बेनकाब करना जरूरी है और जब तक सीबीआई जांच नहीं होती, कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

इस जनाक्रोश रैली और प्रदर्शन में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मान सिंह रौतेला, जिला पंचायत सदस्य विजयपाल रावत, प्यारी देवी, लक्ष्मी देवी, भीम सिंह, गंभीर सिंह, विनोद सिंह, पूर्णानंद, ग्राम प्रधान खुशहाल सिंह गुनसोला, आनंद सिंह, जोत सिंह, शिव सिंह, विजय सिंह रावत, अंकिता रावत, आशा पटवाल, बबीता कंडारी, पिंकी देवी, खुशालमणि, संजीव रतूड़ी और शकुंतला देवी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय मातृशक्ति शामिल रहीं।

# नदारद अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उत्तरकाशी।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत बुधवार को न्याय पंचायत भेटियारा में जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। विकासखंड डुंडा की न्याय पंचायत भेटियारा के राईका धौंतरी में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की अध्यक्षता व गंगोत्री विधायक की उपस्थिति में जनसमस्याओं की सुनवाई की गई। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सहभागिता करते हुए आमख्रजनमानस की समस्याओं को सुना गया तथा उनका मौके पर निस्तारण किया गया। न्याय पंचायत भेटियारा में आयोजित शिविर में कुल 27 लिखित शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से विधायक सुरेश चौहान व जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की उपस्थिति में 15 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष जटिल समस्याओं के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। सीरी गांव के ग्रामीणों द्वारा सिंचाई की समस्या विधायक के सम्मुख रखी जिस पर विधायक सुरेश चौहान द्वारा लघु सिंचाई को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। धौंतरी में पेयजल की समस्या पर विधायक द्वारा पेयजल निगम के अधिकारयों को एक सप्ताह में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पूर्व प्रधान राजू दास व ग्रामीणों द्वारा धौंतरी में पुलिस चौकी के स्थानांतरण का मुद्दा उठाया जिसके लिए विधायक सुरेश चौहान द्वारा पुलिस चौकी को यथावत रखने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। राजू दास द्वारा अन्य शिकायत वन विभाग के कर्मचारियों का क्षेत्र में नहीं मिलने की दर्ज कराई जिस पर जिलाधिकारी ने वन विभाग के संबंधित अधिक.ारी व कर्मचारियों को शुक्रवार और शनिवार को क्षेत्र में रहने के निर्देश दिए। क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की समस्या पर विधायक द्वारा अवगत कराया कि इस पर कार्यवाही चल रही है समस्या का शीघ्र निराकरण हो जाएगा। ग्रामीणों द्वारा उड़री, चौड़ियाट और सीरी के जर्जर विद्युत पोल की समस्या पर विधायक द्वारा संबंधित विभाग को एक सप्ताह में बदलने के निर्देश दिए। शिविर में नदारद अधिकारियों का डीएम ने स्पष्टीकरण कर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये है। शिविर में जिलाध्यक्ष भाजपा नागेन्द्र चौहान, दर्जा राज्यमंत्री राम सुंदर नौटियाल, ब्लॉक प्रमुख डुंडा राजदीप परमार, ज्येष्ठ प्रमुख प्रति.निधि अब्बल सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रियंका रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष सते सिंह राणा, समन्वयक अरविंद बिष्ट, मंडल अध्यक्ष राजीव नौटियाल, मंडल महामंत्री बलबीर चौहान, यशवीर पयाल, ग्राम प्रधान कुसुम बहुगुणा, क्षेत्र पंचायत सदस्य भेटियारा मीना नौटियाल, एपीडी रमेश चन्द्र, खंड विकास अधिकारी दिनेश जोशी, न्याय पंचायत नोडल अधिकारी पीयूष आर्य सहित, पर्यावरण विशेषज्ञ प्रताप मटुडा अन्य अधिक.ारी और जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# सीएम धामी के मार्गदर्शन में एमडीडीए की बड़ी पहल, स्कूलों में बनेंगे आधुनिक खेल कोर्ट

## खेलों से संवरेगा छात्रों का भविष्य, देहरादून के सरकारी स्कूलों में 484 लाख रुपये खर्च करेगा एमडीडीए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन एवं प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के कुशल नेतृत्व में निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है।

जनपद देहरादून में समग्र विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए एमडीडीए द्वारा शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जनपद देहरादून में विद्यमान विभिन्न राजकीय विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में खेल-कूद गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एमडीडीए द्वारा देहरादून जनपद के 08 राजकीय विद्यालयों में बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल कोर्ट के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर कुल रु. 484.00 लाख की धनराशि व्यय की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के साथ-साथ स्थानीय जनसामान्य को भी आधुनिक खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी का मानना है कि खेल अधोसंरचना केवल प्रतियोगी खेलों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। इसी दृष्टि से विद्यालय स्तर पर खेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को



प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि भविष्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रारंभिक स्तर से ही बेहतर संसाधनों के साथ आगे बढ़ सकें।

### प्राधिकरण इन विद्यालयों में करा रहा खेल कोर्ट का निर्माण

1- राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी), मियावाला, देहरादून में प्रस्तावित आउटडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण।

2- राजकीय इंटर कॉलेज / राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीआईसी/जीजीआईसी), रानीपोखरी, देहरादून में प्रस्तावित आउटडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण।

3- डोईवाला स्थित सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, देहरादून में प्रस्तावित आउटडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण।

4- राजकीय इंटर कॉलेज, सेलाकुई, सहसपुर, देहरादून में प्रस्तावित आउटडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण।

5- राजकीय इंटर कॉलेज, हर्बर्टपुर, देहरादून में प्रस्तावित आउटडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण।

6- राजकीय इंटर कॉलेज, सौदासरोली, देहरादून में प्रस्तावित इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण।

7- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजपुर रोड, देहरादून में प्रस्तावित इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण।

8- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कौलागढ़, देहरादून में प्रस्तावित इंडोर बैडमिंटन कोर्ट के साथ-साथ आउटडोर वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण।

इन सभी परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शीघ्र ही छात्र-छात्राएँ एवं स्थानीय नागरिक इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

### शहरी विकास के साथ सामाजिक विकास को भी समान महत्व का प्रयास रूबंशीधर तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में प्राधिकरण का प्रयास है कि शहरी विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास को भी समान महत्व दिया जाए। विद्यालयों में खेल अधोसंरचना का विकास भविष्य निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निवेश है। खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का आधार होते हैं। एमडीडीए द्वारा देहरादून जनपद के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण इसी सोच का परिणाम है। इन सुविधाओं से छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा और स्थानीय जनसामान्य को भी स्वस्थ गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध होंगे। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले समय में एमडीडीए विकास कार्यों के साथ-साथ शिक्षा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में भी नई मिसाल कायम करे।

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान: बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा सभी प्रस्तावित खेल परियोजनाओं को तकनीकी मानकों के अनुसार क्रियान्वित किया जा रहा है। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इन खेल कोर्ट्स के निर्माण से विद्यालयों में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायता मिलेगी। एमडीडीए भविष्य में भी जनहित से जुड़े ऐसे कार्यों को प्राथमिकता देता रहेगा। एमडीडीए की यह पहल न केवल शैक्षणिक परिसरों को आधुनिक स्वरूप प्रदान करेगी, बल्कि देहरादून जनपद में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

# कांग्रेस के आरोपों पर उनके ही कार्यकर्ताओं का भरोसा नहीं : चौहान

## कोटद्वार और अब देहरादून, हरिद्वार, रुड़की में बड़े पैमाने पर कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए कांग्रेसी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामने का कार्यकर्ताओं सिलसिला नही रुक रहा है। कोटद्वार और अब देहरादून, ऋषिकेश, पौड़ी और रुड़की मे सेकड़ो कार्यकर्ताओ ने भाजपा की सदस्यता ली है।

देहरादून में पार्षद पूनम पुंडीर और देवकी नौटियाल के साथ डॉ. संजय सिंह, सौरभ चौधरी, सुरेंद्र सिंह, मोहन सिंह, सुरेश शर्मा, डॉ. पूजा राठौड़, डॉ. महेंद्र शर्मा, आर. के. बडोला, राजेश अरोड़ा और राजेंद्र हुड्डा ने कांग्रेस से दूरी बनाते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। ऋषिकेश से पार्षद मुस्कान, पूर्व मंडल अध्यक्ष उषा जोशी, पूर्व पार्षद सुंदरी कंडवाल, अभिनव पाल और शिवानी गोस्वामी भाजपा में शामिल हुए। पौड़ी जनपद में ब्लॉक प्रमुख अस्मिता नेगी के साथ ज्येष्ठ उप प्रमुख अर्चना तोपवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख नीरज पटवाल,



क्षेत्र पंचायत सदस्य अजीत थपलियाल, सोहन पटवाल, मधु देवी, अनीता देवी, ममता देवी, अभिषेक कुमार और राजेश रावत ने कांग्रेस छोड़ भाजपा पर भरोसा जताया। वहीं रुड़की से सुबोध चौधरी, रविंदर भाटी, अजय मल्होत्रा, देवेंद्र सिंह, महेंद्र और सुमित खटाना सहित कई कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पौड़ी की ब्लॉक प्रमुख अस्मिता नेगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों और स्पष्ट नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया है। उनका कहना था कि भाजपा में क्षेत्र के विकास को लेकर स्पष्ट सोच, कार्ययोजना और जनसेवा का अवसर दिखाई देता है, जबकि कांग्रेस में यह विश्वास धीरे-धीरे कमजोर होता गया। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस सरकार को घेरने के प्रयासों में तो सक्रिय दिखाई देती है, लेकिन संगठन के भीतर बढ़ते असंतोष और लगातार हो रहे पार्टी छोड़ने के मामलों पर उसका नेतृत्व असहज और मौन नजर आता है। सच यह है कि कांग्रेस के आरोपों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ को ही भरोसा नही है। भाजपा के प्रति जनता का भरोसा है और वह किसी भ्रम मे फंसने वाली नही है।

# बच्चा मोबाइल छोड़कर मंदिर चला जाए तो समझो संस्कार जीत गए: उर्वशी बाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** उर्वशी दत्त बाली ने हिंदू वाहिनी संगठन के साथ नववर्ष 2026 की शुरुआत सनातन एकता के संकल्प के साथ की। संकल्प लिया गया कि सनातनी परिवारों और उनके बच्चों के साथ हर मंगलवार को किसी न किसी मंदिर के सामने एकत्र होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संकल्प से जुड़ते हुए अपने नाम दर्ज कराए और संकल्प लिया कि अगला मंगलवार हमारा है। सभी भक्तजनों से आह्वान किया गया कि वे अगले मंगलवार घर के बच्चो के साथ अवश्य आएँ और प्रभु श्री हनुमान जी की कृपा से यह श्रृंखला निरंतर और अटूट बनी रहे। उर्वशी दत्त बाली ने कहा प्रत्येक मंगलवार, सर्दियों में सायं लगभग 5.30 बजे, अपने घर के निकट स्थित किसी भी मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।



संकल्प की शुरुआत 6 जनवरी को मंगलवार के दिन शनि मंदिर परिसर, निकट नागनाथ मंदिर में उर्वशी दत्त बाली के नेतृत्व में हुई। इस अवसर पर हिंदू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव आनंद तिवारी एवं प्रदेश अध्यक्ष रुचिन शर्मा की अगुवाई में संगठन के सदस्यों ने प्रभु श्री हनुमान जी के समक्ष यह संकल्प लिया कि प्रत्येक मंगलवार सभी सनातन धर्मावलंबी एकत्र होकर बजरंग बली के चरणों में उपस्थित होंगे। उन्होंने कहा कि अगर कोई बच्चा मोबाइल छोड़कर मंदिर आ जाए, तो समझिए संस्कार जीत गए। बच्चा वही करता है जो उसने अपने घर में देखा होता है, अपनी बचपन की जिंदगी को पीछे लौट कर देखें, आज हम जो पूजा पाठ कर रहे हैं, बचपन में हमारे मां-बाप ने सिखाया था।

# न्याय पंचायत पानुवानौला में बहुउद्देशीय शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को न्याय पंचायत पानुवानौला में बहुउद्देशीय का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में 900 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हुए और कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। विकासखंड के गांधी इंटर कालेज के मैदान में आयोजित शिविर के माध्यम से समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा विभाग, पंचायतीराज विभाग, कृषि, उद्यान, विद्युत, पेयजल समेत अनेक विभागों ने लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किय। शिविर में कई लोगों के आधार कार्ड बने और कई के ई श्रम कार्ड। किसी को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट दी गई तो किसी ने समाज कल्याण विभाग के माध्यम से सहायक उपकरण प्राप्त किए। शिविर में पहुंचे उपाध्यक्ष, राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद दिनेश आर्य ने कहा कि इस कार्यक्रम की मंशा है कि लोगों की समस्याओं का समाधान उनके निकट जाकर किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कार्यक्रम की मंशा के अनुरूप लोगों तक योजनाओ



को पहुंचाने के निर्देश दिए। वहीं, डीएम अंशुल सिंह ने जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और एक-एक कर फरियादें सुनीं। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित व प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को सीधे आमजन तक पहुंचना तथा लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना है। कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से शासन एवं जनता के बीच की दूरी को कम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। यहां जिला पंचायत अध्यक्षा हेमा गैडा, ब्लक्क प्रमुख लीला बिष्ट, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।

### योजनाओं की प्रदर्शनी

डीएम ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई और प्रत्यक्ष रूप से लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 83 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित पंजीकृत की गई। इन शिकायतों में से अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया गया। जिन समस्याओं का मौके पर ही समाधान संभव नहीं था, उनको अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया।

## ग्राम प्रधान संगठन के विरोध में उठे स्वर

**बागेश्वर।** विकास खंड कपकोट में विगत मंगलवार को बनाए गए ग्राम प्रधान संगठन का कई ग्राम प्रधानों ने विरोध किया है। विरोध करने वाले प्रधानों का कहना है कि उन्हें बिना पूर्व सूचना के प्रधान पतियों ने संगठन बना दिया है। जबकि वास्तव में जो प्रधान है उन्हें विश्वास में नहीं लिया गया है। ग्राम प्रधान चौनाला, पापोली, रीमा, रमाडी, काला पैरकापड़ी, चुचेर सहित अन्य ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों ने नव निर्वाचित संगठन का विरोध किया है। ग्राम प्रधान गोकुल सिंह, पुष्कर, नीमा, हरीश, राजेंद्र, गंगा, दीपा, नंदन, प्रेम राम, कविता आदि ने बताया कि जल्द ग्राम प्रधानों की एक बैठक आयोजित की जाएगी।


**नाम परिवर्तन**

मेरे पति हवलदार सैन्य संख्या नंबर 4091223F नवदीप सिंह के सैन्य अभिलेखों में मेरा नाम भूलवश हेमा देवी दर्ज हो गया है, जबकि मेरा सही नाम हेमा है।

हेमा पत्नी नवदीप सिंह ग्राम उथिण्ड पो.ओ. परकंडी, तहसील ऊखीमठ जिला रुद्रप्रयाग।

**सूचना**

यह कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नंबर - UK- 15 20100008223 में मेरा नाम RAHUL KARAWAL व पता - VILL / MOH- VIDYUT ROAD, NAGAR PALIKA TEHSIL - KOTDWAR. DISTT- PAURI GARHWAL, U.K. 246149 भूलवश दर्ज हो रखा है जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा सही नाम RAHUL KUMAR व पता - DEVI ROAD, NEAR POWER HOUSE KOTDWAR, Kotdwara, Pauri Garhwal, Uttarakhand -246149 दर्ज है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला देहारादून**

पत्र सं०1109/सम्पत्ति नामान्तरण/कर अनुभाग /2025-26 दिनांक 06.01.2026

**इश्तहार नामान्तरण**

**नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत**

आपको एतद नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रियंका वर्मा पत्नी भरत वर्मा निवासी रेलवे रोड डोईवाला द्वारा इस आशय का नामान्तरण सम्बन्धी आवेदन पत्र कार्यालय नगर पालिका में दिनांक -01.12.2025 को दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है कि नगर पालिका डोईवाला के गृहकर अभिलेखों में सम्पत्ति स 167 स्थित वार्ड सं० 1 में शपथ पत्र आधार कार्ड एवं रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के असधार पर श्रीमती प्रियंका वर्मापत्नी भरत वर्मा निवासी रेलवे रोड डोईवाला का नाम दर्ज किया जाय।

नगर पालिका अभिलेखो में सम्पत्ति सं0 167 स्थित वार्ड -01 में श्रीमती प्रियंका वर्मा पत्नी भरत वर्मा का नाम गृहकर वसूली हेतु दर्ज होने पर जिस संस्था/व्यक्ति आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय ठोस दस्तावेजों के साथ कार्यालय में ये सकते है। कालान्तित आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा आपत्ति प्राप्त न होने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्यावाही कर दी जायेगी जो सभी को मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद डोईवाला**

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 269-DRM-MB-25-26 30.12.2025 |
| कार्य का नाम | Construction of Water facilities at ARF Dhandhera Railway station in connection with Additional railway facilities at Dhandhera under ADEN/RK |
| निविदा का प्रकार | Works |
| अनुमानित लागत | 1,86,47,905.20 |
| धरोहर राशि | 2,43,200.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 05.02.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 22.01.2026 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |

न.74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 30.12.2026 74/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


# चिकित्सकों के जाने से मरीजों की बढ़ेंगी परेशानियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों की कमी से परेशानी झेल रहे मरीजों की दिक्कतें और बढ़ सकती है। जिले के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में तैनात 40 से अधिक डाक्टर विशेषज्ञ बनने के लिए जाएंगे। ऐसे में खासकर दूरस्थ क्षेत्र के मरीजों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। जिला मुख्यालय स्थित अस्पतालों समेत सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टरों का टोटा बना हुआ है। नियमित चिकित्साधिकारी के करीब 200 पद रिक्त हैं, वहीं विशेषज्ञ डाक्टरों के भी 100 पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं। ऐसे में अब जिले के सरकारी अस्पतालों में तैनात 40 डाक्टरों ने उच्च शिक्षा के लिए आवेदन किया है। आवेदनों को स्वीकृति मिलने के बाद करीब 18 डाक्टर पीजी करने के लिए चले गए हैं। जबकि अन्य डाक्टर भी शीघ्र ही पीजी करने के लिए जाएंगे। ऐसे में पहले से ही डाक्टरों की कमी से परेशान विभाग और मरीजों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी।

# पिंजरे में कैद हुआ आतंक का पर्याय बना गुलदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर के रानीधारा वार्ड में आतंक का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद हो गया है। गुलदार के पिंजरे में कैद होने से लोगों और वन विभाग के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। दरअसल, लंबे समय से रानीधारा के धारानौला, चीनाखान, गोपालधारा समेत कई इलाकों में गुलदार की धमक से लोगों में दहशत थी। आए दिन रिहायशी इलाकों में गुलदार की चहलकदमी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो रही थी। जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ था। वहीं, घरों के आंगन से गुलदार कई कुत्तों को भी उठा ले गया। लोगों की मांग के बाद वन विभाग ने रानीधारा क्षेत्र में पिंजरा लगाया हुआ था। वहीं, बुधवार तड़के गुलदार पिंजरे में कैद हो गया है। जिसे रेस्क्यू कर विभाग ने एनटीडी स्थित रेस्क्यू सेंटर पहुंचा दिया है। वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी मोहन राम आर्य ने बताया कि शिकायत मिलने पर रानीधारा में विभाग की ओर से पिंजरा लगाया गया था। गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। पकड़े जाने के बाद गुलदार को रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
**विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट**
**CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867**

**निविदा विस्तारीकरण**

इस कार्यालय के पत्रांक 2710/वि०वि०ख०ब०/दिनाँक 29.12.2025 एवं 2566/वि०वि०ख०ब०/दिनाँक 16.12.2025 द्वारा निविदा संख्या 16, 18/25-26 जिनकी निविदा विक्रय की तिथि 05.01.2026 एवं निविदा खोले जाने की तिथि 06.01.2026 थी, को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। अब निविदा पुनः विक्रय की तिथि 21.01.2026 एवं खुलने की तिथि 22.01.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी। अन्य नियम एवं शर्ते यथावत् रहेंगे।

पत्रांक : 43/वि०वि०ख०ब०/टी-7 दिनांक : 07.01.2026 **अधिशासी अभियंता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मसूरी।**

E-mail:- nppmussoorie@gmail.com, दूरभाष नं-0135-2632251 फैक्स स0 0135-2632039

पत्रांक: 2937(i)/ अ0अ0 / 2025-26 दिनांक :-07.01.2026

**ई- निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद्, मसूरी के पंजीकृत ठेकेदारों से पालिका निधि से निम्न कार्य हेतु दिनांक 23/01/26 को सांय 3 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22/01/26 को दोपहर 2 बजे तक निर्धारित शुल्क पर क्रय किये जा सकते है। निविदा के साथ 2 प्रतिशत अग्रिम धनराशि एफ०डी०आर० जो कि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, मसूरी के नाम प्लेज्ड हो संलग्न करनी आवश्यक है। निविदायें दिनांक 24/01/26 को सांय 4 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। नगर पालिका परिषद्, मसूरी के पास किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त एवं स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अनुमानित आगणन धनराशि (लाख में) | अग्रिम धनराशि | निविदा प्रपत्र राशि GST अतिरिक्त | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भिलाडू की ओर जाने वाली रोड के शेष भाग पर सी0सी0/सुरक्षा दीवार के कार्य। | 24,31,000/- | 48,700/- | 2000/- | 3 माह | 60 दिन |
| 2 | डी0एल0एफ0 रोड पर शेष भाग में सी0सी0 सडक/सुरक्षा दीवार का कार्य। | 24,25,000/- | 48,500/- | 2000/- | 3 माह | 60 दिन |

**नोट:-**

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने से पूर्व 2 प्रतिशत धरोहर राशि जमा करने पर ही निविदा जारी की जायेगी।
2. व्यापार कर अतिरिक्त
3. काली सूची में दर्ज ना होने का 10 रू0 का स्टाम्प पर शपथ पत्र व 100 रू0 का स्टाम्प पेपर संलगन करना अनिवार्य है।
4. धनराशि रू0 100 का स्टाम्प पेपर पर निविदा की वैद्यता हेतु रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद् मसूरी।**


# कांग्रेसियों ने न्याय यात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** बहुचर्चित अंकिता हत्या कांड में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में न्याय यात्रा निकाली। यात्रा में पहुंचे कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा ने शिरकत की।

यात्रा में शामिल कार्यकर्ता हाथों में न्याय देने की मांग लिखे तख्त पकड़े स्टेशन रोड़ से होते हुए एसबीआई तिराहे से बागनाथ गली होते हुए नुमाइश मैदान में पहुंची। यहां सभा का आयोजन किया गया। बुधवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे पैदल न्याय यात्रा शुरू हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग करते हुए, सरकार पर वीआईपी को बचाने का आरोप लगाया। नुमाइश मैदान में आयोजित सभा में पूर्व अध्यक्ष करन मेहरा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा अंकिता भंडारी हत्या मामले में पूर्व में भी पूरे गढ़वाल मंडल में रैली एवं जनसभाएं की थी। जिसके बाद सरकार को मजबूरन मामले में एसआईटी जांच करवानी पड़ी। लेकिन तब भी कांग्रेस ने सीबीआई जांच की मांग रखी, इसके



अलावा मामले में वीआईपी का खुलासा कर उसे सजा दिलाने मांग की गई। उन्होंने कहा कि आज उनके ही पूर्व विधायक एवं उनकी पत्नी के ऑडियो में कई खुलासे हुए है, उसके बावजूद धामी सरकार जनता से सबूत देने की बात कर अपना पल्ला झाड़ रही है यू कहे वीआईपी को बचा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बेटी अंकिता लोभ तक न्याय नहीं मिल जाता है संघर्ष करती रहेगी। इसी क्रम में पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, गोपा धपोला, भगत डसीला, सुनील भंडारी, बसंत कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में जिले के सभी लोगों को उत्तराखंड की बेटी अंकिता को न्याय दिलाने में अपनी अपनी भूमिका निभाने की बात कही। साथ ही अपराधियों को संरक्षण देने वाली ऐसी सरकार को भी सबक सिखाने की अपील की गई। कार्यक्रम का समापन जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट द्वारा अपने संबोधन से किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश सरकार की इस नाकामी को जिले के घर घर तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि 8 जनवरी को कपकोट में न्याय यात्रा आयोजित की जाएगी। इस मौके पर राजेंद्र परिहार, गोपाल दत्त भट्ट, लोकमणि पाठक, बालकृष्ण, बलवंत नेगी, सुंदर गढ़िया, दिनेश कुमार, पूजा आर्या, पूर्व चेयरमैन गीता रावल, विनोद पाठक सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र टंगड़िया द्वारा किया गया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् डोईवाला, देहरादून।

पत्रांक : 1112 /रा0वि0आ0/2025–26 दिनांक : 07-01-2026

### निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद् डोईवाला, देहरादून द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–2026 मे राज्य/15 वां वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड मे प्राप्त धनराशि के अर्न्तगत **निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि तक नगर पालिका परिषद् डोईवाला मे पंजीकृत ठेकेदारो** से **दिनांक 23.01.2026 को समय दोपहर 02:00** बजे तक निम्नलिखित **निर्माण कार्य** कराये जाने के लिए सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें **दिनांक 24.01.2026 को प्रातः11.00बजे** गठित निविदा समिति के सदस्यों द्वारा निविदादाताओं/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेंगे, निविदा प्रपत्र पालिका कार्यालय से निविदा प्रकाशन की तिथि के उपरांत सेदिनांक **22.01.2026 तक** को नगद भुगतान पर विक्रय किये जायेंगे। किसी एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष, निविदा समिति मे निहित होगा। निर्माण कार्यो की निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस मे जानी जा सकती है। निविदा की वैधता 45 दिन होगी। निविदा प्राप्त होने की तिथि मे किसी भी प्रकार का सार्वजनिक अवकाश होने पर अगला कार्यदिवस ही निविदा प्राप्ति की तिथि मानी जायेगी।

| क0सं0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 मे | जी0 एस0 टी0 18% | योग | धरोहर राशि रू० | श्रेणी | कार्य समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | वार्ड सं 01 मे राकेश आंनन्द के घर से संजू पंचाल के घर पास एवं पाण्डे के घर पास इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 10580 | I,II | 90 दिन |
| 2 | वार्ड सं 01 मे देहरादून रोड से प्रा0 पाठशाला से सुरेन्द्र प्रधान के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 16660 | I,II | 90 दिन |
| 3 | वार्ड सं 01 मे मिस्सरवाला खुर्द मे राजेश रावत के घर से आनन्द कुमार के घर तक एवं मुकेश गुप्ता के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 8520 | I,II III | 90 दिन |
| 4 | वार्ड सं 01 मे थाने वाली गलीं में मुकेश वाली गली मे पुलिया के पास गुडडी पाल के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 17180 | I,II | 90 दिन |
| 5 | वार्ड सं 01 मे अश्वनी कौशल के घर से सोनू कश्यप के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 19990 | I,II | 90 दिन |
| 6 | वार्ड सं 02 में आर्यनगर में बाबूलाल गिरी के घर से सोहन लाल के घर तक एंवम मेन रोड से मधु पन्त के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 23660 | I | 90 दिन |
| 7 | वार्ड सं 02 महादेवपुरम में लेन सं0 04 में राजेन्द प्रसाद सेमवाल के घर से शुभम रावत के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 35540 | I | 90 दिन |
| 8 | वार्ड सं 02 ऋषिकेश रोड से रेसिडेन्स स्कूल तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 27760 | I | 90 दिन |
| 9 | वार्ड सं 03 में सत्यवीर मखलोगा जी के घर से पानी की टंकी की ओर सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 28560 | I | 90 दिन |
| 10 | वार्ड सं 03 थानो रोड सुरेन्द्र नेगी के घर से राजपाल के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11840 | I,II | 90 दिन |
| 11 | वार्ड सं0 04 में बडोवाला इन्टर कालेज के पास पंकज असवाल के घर से यघुवीर चन्द रमोला के घर तक एंवम मेंन रोड से चन्द प्रकाश रावत के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 20500 | I | 90 दिन |
| 12 | वार्ड सं 04 जौली रोड से बीरबल पांवर के घर तक सुनील नेगी के घर से विनोद मन्द्रवाल के घर तक एंवम मेंन रोड से राकेश चौहान के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 29800 | I | 90 दिन |
| 13 | वार्ड सं 04 में पाल मोहल्ले वाली रोड से राजेन्द्र पाल, डेनियल प्रकाश के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 10020 | I,II | 90 दिन |
| 14 | वार्ड सं 04 में अजित विहार में मेंन रोड से बच्चन सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 8460 | I,II III | 90 दिन |
| 15 | वार्ड सं 05 में काटारी मोहल्ले खाले वाली रोड से मोहन सिंह बिष्ट के घर तक खली वाली रोड से पंचना देवी व राकेश के घर तक एंवम खाली वाली रोड से शिशपाल सिंह रावत के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 15380 | I,II | 90 दिन |
| 16 | वार्ड सं 05 मे अपर जैली मे सुरेश चन्द के घर से दीपक की ओर इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 10580 | I,II | 90 दिन |
| 17 | वार्ड 05 मे सौरभ बिष्ट के घर से मेन रोड की ओर इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 13580 | I,II | 90 दिन |
| 18 | वार्ड सं 05 मे टयूबवैल के 04 के पास अवतार सिह के घर की ओर इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 10580 | I,II | 90 दिन |
| 19 | वार्ड सं 05 कोठारी माहेल्ले में विनोद रावत के घर से रमेश पैनुली एंवम खाली वाली रोड से लक्ष्मण बडोला के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 28600 | I | 90 दिन |
| 20 | वार्ड सं 06 सैनिक मोहल्ले मे इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 17280 | I,II | 90 दिन |
| 21 | वार्ड सं 06 में प्रमोद जोशी के घर से सुशील के घर तक एुंव मेन रोड से सुनील पाल के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 9540 | I,II III | 90 दिन |
| 22 | वार्ड सं 06 में नौशद अली के घर से तबेज के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 28200 | I | 90 दिन |
| 23 | वार्ड सं 06 में असगर अली के घर से इशरार के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 3780 | I,II III | 90 दिन |
| 24 | वार्ड सं 06 में सूर्यालोक कालोनी के सडक के शेष भाग में इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11440 | I,II | 90 दिन |
| 25 | वार्ड सं 07 खाण्ड गाव में अरूण नेगी के घर से लोकनंदर नेगी के घर तक एंवम अमित के घर से सुरेन्द्र नौटियाल के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 23820 | I | 90 दिन |
| 26 | वार्ड सं 07 आदर्शनगर में गली सं0 17 लक्ष्मी बुटीक से ड0 मोनिका के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 24260 | I | 90 दिन |
| 27 | वार्ड सं 07 कण्डल मे जय सिह महावीर सिहं एव नथे सिहं वाली सडक पर इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 22160 | I | 90 दिन |
| 28 | वार्ड सं 07 महाकाली मंदिर से एस एस रावत के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 21100 | I | 90 दिन |
| 29 | वार्ड सं 08 में मेन रोड से मोहन सिंह के घर की ओर इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 10880 | I,II | 90 दिन |
| 30 | वार्ड सं 08 कुलणा में अदिति कास्मेटिक से आशीष रावत के घर की ओर एवम कण्डल में मेंल रोड रेनू बैकरी के सामने कण्डारी जी के घर वाली गली में इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 14280 | I,II | 90 दिन |
| 31 | वार्ड सं 08 कोटी में कुवर सिंह बिष्ट जी के घर से सुंदर शाह जी के घर तक एंवम प्रताप सिंह भण्डारी जी वाली गली में इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 28440 | I | 90 दिन |
| 32 | वार्ड सं 09 में सुनार गांव में मेन रोड से युद्ववीर सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 16940 | I,II | 90 दिन |
| 33 | वार्ड सं 09 में चौक सं0 04 वेद वाटिका कालोनी में मनमोहन सिंह नेगी के घर से धर्म सिंह मद्दरवाल के घर तक एवम मंजू खत्री के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 14900 | I,II | 90 दिन |
| 34 | वार्ड सं 09 में सुनार गांव में अर्जुन गुंसाई के घर से कैन्हया सिंह रावत के घर तक एंवम विनोद के घर से रमेंश नेगी के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 27.0 | 1770 | 25060 | I | 90 दिन |
| 35 | वार्ड सं 09 में सुनार गांव में बीएस सजवाण के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 13580 | I,II | 90 दिन |
| 36 | वार्ड सं 10 में पुरानी घमण्डपुर रोड से विजय रावत के घर तक पुरानी घमण्डपुर से सुन्दर सिंह बिष्ट के घर तक एवम डी0पी0एस0 स्कूलरोड से लक्ष्मण चन्द के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 17120 | I,II | 90 दिन |
| 37 | वार्ड सं 10 में जुयाल जी के घर से सुनीता देवी के घर तक एंवम चन्द्रबदनी एन्कलेव में बालम सिंह के घर से भगवती प्रसाद सेमवाल के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 25360 | I | 90 दिन |
| 38 | वार्ड सं 10 में श्रीराम कालोनी में मेन रोड से सत्यापाल एंवम बिष्ट जी के के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 29240 | I | 90 दिन |
| 39 | वार्ड सं 11 में दशहरा ग्राउण्ड से मंगल पाल के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 15240 | I,II | 90 दिन |
| 40 | वार्ड सं 11 में त्रिलोक सिंह के घर से राम प्रवेश के घर तक इन्दजीत के घर से सिंगेशवर साहनी के घर तक एंवम दुर्गा मंदिर वाली गली में इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 14300 | I,II | 90 दिन |
| 41 | वार्ड सं 11 में संगेशवर साहनी के घर से चतरपाल के घर तक सनाली का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 8540 | I,II III | 90 दिन |
| 42 | वार्ड सं 11 मं रमेश दता सुग्रीब नीलम एवं निरलम के घर के पास इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 9420 | I,II III | 90 दिन |
| 43 | वार्ड सं 11 मं `कोमल के घर से महीपाल के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 12760 | I,II | 90 दिन |
| 44 | वार्ड सं 11 में मंजू थापा के घर से मुन्ना लाल के घर तक एंवम सोहित के घर से मेन रोड तक गीरधर की दुकान से नीलम के घर तक पूजा के घर से मेन रोड तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 9560 | I,II III | 90 दिन |
| 45 | वार्ड सं0. 12 मे बारात घर की बाउन्ड्री का निर्माण कार्य । | 2000 | 360 | 2360 | 49800 | I | 90 दिन |
| 46 | वार्ड सं 12 में संजय के घर से मुकेश प्रजापती के घर एंवम सुबोध के घर से प्रेम के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 4040 | I,II III | 90 दिन |
| 47 | वार्ड सं 12 में राजीवनगर में मेंन रोड से रितू के घर एंवम राजीवनगर लिंक रोड भोपाल नेगी के घर से अरविन्द राणा के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 9540 | I,II III | 90 दिन |
| 48 | वार्ड सं 12 में मेंन राड से विजय थपलियाल के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 10500 | I,II | 90 दिन |
| 49 | वार्ड सं 13 में शुभम डेगिया के घर से हनुमान मंदिर होते हुऐ कैलाश मित्तल के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 2000 | 360 | 2360 | 47840 | I | 90 दिन |
| 50 | वार्ड सं 13 में अशोक के घर से शिव मन्दिर के मेन गेट तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 22600 | I | 90 दिन |
| 51 | वार्ड सं 14 मे अनुप रावत नरेश सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 14100 | I,II | 90 दिन |
| 52 | वार्ड सं 14 मे चन्द्रादेवी के घर से गिरिश चन्द के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 18980. | I,II | 90 दिन |
| 53 | वार्ड सं 14 मे महेन्द्र चौहान के घर से सुनील नौटियाल के घर की ओर इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 23100 | I | 90 दिन |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | वार्ड सं 14 मे खेरी रोड से शमशेर के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 13560 | I,II | 90 दिन |
| 55 | वार्ड सं 15 मे गुलशेर के घर के पीछे से इमरान एंवम फिरोज के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11880 | I,II | 90 दिन |
| 56 | वार्ड सं 15 मे मेंन रोड मुमताज के घर से शबारन के घर तक एंवम गुलफाम के घर से अल्लारखा के घर तक एंवम खान के घर से मेहताब के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 6480 | I,II III | 90 दिन |
| 57 | वार्ड सं 15 मे इन्दू देवी के घर के पास इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 6260 | I,II III | 90 दिन |
| 58 | वार्ड सं 15 मे फुरखान के घर से नदीम के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11100 | I,II | 90 दिन |
| 59 | वार्ड सं 15 मे कुडकवाला मेन रोड पर नाली निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 17440 | I,II | 90 दिन |
| 60 | वार्ड सं 15 मे देवधाम कालोनी में ऐडवोकेट असवाल जी के घर की ओर इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 18960 | I,II | 90 दिन |
| 61 | वार्ड सं 16 तेलीवाला रोड फकीर मो0 के घर से मेहताब अली के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 9820 | I,II III | 90 दिन |
| 62 | वार्ड सं 16 कुडकावाला मेंन रोड से अनिल के घर तक एंवम गली में इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 15220 | I,II | 90 दिन |
| 63 | वार्ड सं 16 पंचवटी कालोनी में प्रध्युमन सिंह कुवर सिंह नेगी जमन सिंह राणा आदि के घर के पास इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 21700 | I | 90 दिन |
| 64 | वार्ड सं 16 वाटिका कालोनी में इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 18760 | I,II | 90 दिन |
| 65 | वार्ड सं 17 कुडकावाला मेंन रोड से परमजीत के घर तक हुसुवाला मेन रोड से विनोद के घर तक एंवम राजू के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 13860 | I,II | 90 दिन |
| 66 | वार्ड सं 17 में हुसंवाला में मेन रोड से विभव फार्म की ओर इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 15720 | I,II | 90 दिन |
| 67 | वार्ड सं 17 में बडवाल कालोनी में मनजीत सिह घर से गिरिश चन्द देवराडी जी के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 13340 | I,II | 90 दिन |
| 68 | वार्ड सं 17 में जीवन सिंह इन्कलेव में हीरन सिंह नेगी के घर से करन सिंह रावत एुवक कुलदीन मास्टर के घर तक एंवम ताजर सिंह वाली गली में इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 12240 | I,II | 90 दिन |
| 69 | वार्ड सं 17 में ज्ञानी ज्ञान सिह मार्ग में इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 15460 | I,II | 90 दिन |
| 70 | वार्ड सं 18 में विनोद नौटियाल के घर से विजेन्द्र सिंह नेगी के घर तक विरेन्द्र रावत के घर से गोविन्द सिंह बिष्ट के घर तक प्रताप सिह के घर से सीमा के घर तक एंवम अन्य गली में इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 17920 | I,II | 90 दिन |
| 71 | वार्ड सं 18 में श्रीराम धाम में ताजवर सिंह के घर से अनिल कुमार बहुखण्डी एंवम सौकार सिंह के घर तक एंवम सुनीता कौठियाल के घर से अमर सिंह राणा इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 27100 | I | 90 दिन |
| 72 | वार्ड सं 18 में चांदमारी रोड पर चौहान स्टोर से त्रिलोक सिंह पंवार के घर की ओर इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 15340 | I,II | 90 दिन |
| 73 | वार्ड सं 18 में प्रेमनगर बाजार में मेंन रोड लच्छीराम लोधी घर के सामने वाली गली में इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11800 | I,II | 90 दिन |
| 74 | वार्ड सं 19 रामबाग लेन न0 02 में मेन रोड किशोर सिंह गुनसेला के घर तक एंवम प्रदीप फरसवान के घर से अमित सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 35300 | I | 90 दिन |
| 75 | वार्ड सं 19 में चांदमारी रोड गौड जी के घर से राजू परजापति के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 13540 | I,II | 90 दिन |
| 76 | वार्ड सं 19 टीचर कालोनी में के इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 29240 | I | 90 दिन |
| 77 | वार्ड सं 20 में मेन राड से नगर पालिका गेट तक एंवम अग्रवाल जी के घर से आर्यसमाज मंदिर की ओर इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 29600 | I | 90 दिन |
| 78 | वार्ड सं 20 में मिस्सरवाला कला में प्रदीप थापा के घर से धन्नो देवी के घर तक एंवम पिंताम्बर उनियान नन्दा एन्कलेव के गेट तक एवंम पिताम्बर उनियाल से टीकराम उनियाल तक के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 15240 | I,II | 90 दिन |
| 79 | वार्ड सं 20 में जंगलात रोड से जगदीश जखमोला एंवम देहरादून रोड से नारायण गौतम के घर की ओर इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 18100 | I,II | 90 दिन |
| 80 | वार्ड सं 20 में मिस्सरवाला कला में विनोद रावत के घर से दुर्गा थपलियाल के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 14980 | I,II | 90 दिन |
| 81 | वार्ड सं 08 कुलणा में सन्तोषी देवी के घर से राजेन्द सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 10180 | I,II | 90 दिन |

# कार्यालय जिला पंचायत रूद्रप्रयाग

संख्या : 1546/निर्माण-05/2025-26 दिनांक : 7 जनवरी 2026

## निविदा सूचना

जिला पंचायत रुद्रप्रयाग में विभिन्न मदों के अन्तर्गत संलग्न सूची के अनुसार विकास कार्यों के निर्माण हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से शीलबन्द निविदायें दिनांक 20/01/2026 को 2.00 बजे अपराह्न तक आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 3.00 बजे सांय को उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ 3 प्रतिशत धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/बैंक की एफ0डी0आर के रूप में अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत रूद्रप्रयाग के पद नाम से बन्धक कर प्रस्तुत करनी होगी। प्रत्येक निविदा के साथ रूपये 100.00 का नान जूडिसियल स्टाम्प पेपर व 1.00 रूपये का रसीदी टिकट लगाकर ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र दिनांक 19/01/2026 को अपराह्न 4.00 बजे तक जिला पंचायत के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। प्रत्येक निविदादाता को निविदा प्रपत्र में अपनी दरों का प्रतिशत में स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

| क्र सं0 | कार्य का नाम | आंगणन की धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि 3 प्रतिशत | निविदा की बैद्यता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का शुल्क/ जी0एस0टी0 18प्रति0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0 पाटा में पंचायत भवन निर्माण | 2000000 | 60000 | 45 दिन | 6 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 2 | कार्तिक स्वामी में विश्राम गृह निर्माण | 1448000 | 43440 | 45 दिन | 5 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 3 | ग्रा0पं0 नागजगई पुराने पंचायत भवन से सांग तोंक तक खण्डिजा/सी0सी0 | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 4 | ग्रा0पं0 धारकुडी के जगदी मंदिर में फाईबर सेट निर्माण | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 5 | प्रा0वि0 पौडीखाल में मरम्मतीकरण निर्माण कार्य | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 6 | भीमसेन मंदिर कोटी में रास्ता व सौन्दर्यीकरण कार्य | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 7 | ग्रा0स0 गैड बष्टी मोटर मार्ग पर शहीद मोहन लाल प्रवेशद्वार निर्माण | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 8 | ग्रा0स0 लदोली में मालास्नऊ तोक में रास्ता निर्माण | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 9 | ग्रा0पं0 धारकोट में वाला सुन्दरी में टिन सैट निर्माण | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 10 | ग्रा0पं0 घिमतोली के रोड से पूर्ण सिंह के मकान तक सी0सी0 मार्ग निर्माण | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 11 | खाल्यू के कार्तिक स्वामी मंदिर का मार्ग व टाईल्स सौन्दर्यीकरण | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 12 | ग्रा0 पं0 रविग्राम के नान्तोली मंदिर में टिन सैट निर्माण कार्य | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 13 | मचकण्डी से नरेडा तक सी0सी0 मार्ग निर्माण | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 14 | ग्रा0पं0 कोटली भरदार में शिवालय का सौन्दर्यीकरण कार्य | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 15 | ग्रा0पं0 पठाली में बारवी माता मंदिर में टिन सैट निर्माण कार्य | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 16 | प0जू0हा0 स्कूल घेघडखाल में मंच निर्माण कार्य | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 17 | ग्रा0पं0 देवली भणिग्राम के अन्तर्गत पिठोरा तोक सर्वण बस्ती में टाईल्स निर्माण | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 18 | ग्रा0 उछना में प्रतीक्षालय निर्माण | 266500 | 7995 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |

शेष शर्तें:–

1 फर्म/ठेकेदार को निविदा प्रकाशित होने की तिथि से पूर्व जिला पंचायत रूद्रप्रयाग में ए एंव बी श्रेणी में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
2 क्रमाक 1 पर भवन निर्माण कार्य हेतु 10 लाख या अधिक का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3 अनुबन्ध के समय 5 प्रतिशत धरोहर धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा।
4 निविदा के साथ ठेकेदार को अपना बैंक खाता एवं जी0एस0टी0 की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5 सशर्त निविदा/अपूर्ण निविदा को स्वीकार नही किया जायेगा।
6 निविदा बिक्रय एवं खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में, निविदा अगले कार्यदिवस में बेची/खोली जायेगी।
7 एजेन्सी द्वारा किसी अन्य संस्था को कार्य सबलेट नही किया जायेगा।
8 कार्य सन्तोषजनक ढंग से पूर्ण होने पर ही भुगतान किया जायेगा।
9 निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दर के अन्तर्गत ही प्रत्येक कार्य पर साइन बोर्ड लगाया जाना आवश्यक होगा।
10 जिला पंचायत के बकायादार को निविदा बिक्रय नहीं की जायेगी।
11 स्थानीय खनन हेतु भूतत्व एंव खनिकर्म ईकाई कार्यालय रूद्रप्रयाग से अनुमति लेनी स्वंय ठैकेदार की जिम्मेदारी होगी।
12 अन्य शर्तें एवं कार्य के निमित विशिष्टियों की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में जिला पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(संजय कुमार)
प्र0अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत रूद्रप्रयाग

(पूनम कठैत)
अध्यक्ष
जिला पंचायत रूद्रप्रयाग

# गणेश जोशी ने किया अनारवाला-मालसी मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण का शिलान्यास

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को गुच्छुपानी चौक स्थित हिल माउंट स्कूल के प्रांगण में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अनारवाला मालसी मोटर मार्ग

## 319 लाख की आएगी लागत, मुख्यमंत्री का जताया आभार



319.30 लाख की लागत के पुनर्निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अनारवाला-मालसी मोटर मार्ग के निर्माण से क्षेत्रीय लोगों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध होगी तथा स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पर्यटकों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मसूरी विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है और सड़क, पेयजल, सीवर एवं अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 82 करोड़ से अधिक लागत से क्षेत्र में विकास कार्य अभी तक हो चुके हैं। काबीना मंत्री जोशी ने कहा कि सुदृढ़ सड़क नेटवर्क से क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार जन जन की सरकार जन-जन के द्वार के नारे के साथ कार्य कर रही है।

इस दौरान क्षेत्रवासियों ने नाईवाला क्षेत्र के 500 मीटर का क्षेत्र सड़क निर्माण, पतालेश्वर पुलिया और सड़क मार्ग और द्वार का निर्माण, गुच्छूपानी चौक पर पिकेट और सीसीटीवी की मांग, नयागांव गढ़वाली कालोनी में सड़क की मांग तथा 16 बीघा में बिजली की समस्या और नया गांव अनारवाला में पुश्ता निर्माण सहित विभिन्न मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। जिसपर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए जल्द कार्य करने का भरोसा भी दिलाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, महानगर उपाध्यक्ष संध्या थापा, विष्णु गुप्ता, पार्षद भूपेंद्र कठेत, ज्योति कोटिया, निर्मला थापा, प्रमिला, पार्षद सागर लामा, पूर्व सैनिक कैप्टन दिनेश प्रधान, सुखेदव गुरुंग, गंभीर लामा, मनोज क्षेत्री, समीर डोभाल, संजय नौटियाल, रतन लाल गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# जोशी ने किया हरबंस कपूर की प्रतिमा का अनावरण

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उत्तराखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय हरबंस कपूर की 80वीं जयंती के अवसर पर गढ़ी कैंट स्थित हरबंस कपूर मेमोरियल कम्युनिटी हॉल में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्व. हरबंस कपूर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री धामी ने स्व. हरबंस कपूर की 80वीं जयंती उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा स्व. हरबंस कपूर हम सभी के लिए प्रेरणादायक थे और उनकी कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. कपूर ने अपने जीवन में सदैव समाज और जनता के हितों को सर्वोपरि रखा। उनका पूरा जीवन जनता और अपने लोगों के लिए समर्पित रहा है। विकास के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने स्व. कपूर के साथ बिताए पलों को साझा करते हुए कहा कि वे सादगी और संवेदनशीलता के प्रतीक थे। उन्होंने प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया और राज्य के विकास से जुड़े हर विषय पर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़े। इस अवसर पर कैंट विधायक सविता कपूर, दायित्वधारी श्याम अग्रवाल, राज्यमंत्री भगवत प्रसाद मकवाना, भाजपा प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, पूर्व मेयर सुनील उनियाल गामा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 82 | वार्ड सं 08 में गुडडू लाल के घर से सुन्दर लाल के के घर तक इन्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 15840 | I,II | 90 दिन |
| 83 | वार्ड सं 07 में मेन रोड से शान्तनु रावत के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 6820 | I,II III | 90 दिन |
| 84 | वार्ड सं 07 बडोवाला रोड पर बच्चन सिहं भण्डारी एवं बडोला वाली गली मे इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 13300 | I,II | 90 दिन |
| 85 | वार्ड सं 03 मे वेप्रकाश वाली गली मे इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 13120 | I,II | 90 दिन |
| 86 | वार्ड सं 04 में कालू सिद्व रोड पर मनोज नौटियाल के घर से अजय गुंसाई के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 30920 | I | 90 दिन |

(एम०एल०शाह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद् डोईवाला

(नरेन्द्र सिंह नेगी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् डोईवाला

# अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण

## उद्देश्य : सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति मजबूत करना

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आपदा प्रबंधन तथा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 विषयों पर एक दिवसीय आउटरीच प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार, हरिद्वार में सफलतापूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी, नैनीताल द्वारा हरिद्वार जिला स्तरीय अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कुल 70 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों की क्षमता को आपदा की तैयारी, प्रतिक्रिया तंत्र तथा कार्यस्थल पर लैंगिक समानता एवं सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति सुदृढ़ करना था।कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर रागिनी तिवारी, पाठ्यक्रम निदेशक, डॉ.



आर.एस.टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी, नैनीताल ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अवगत करते हुए कि यह प्रशिक्षण अकादमी द्वारा आउटरीच मोड में हरिद्वार जनपद में आयोजित किया गया है ताकि आवश्यकता-आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकतम अधिकारियों तक प्रशिक्षण की पहुँच सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें पहले दिन आपदा प्रबंधन एवं महिलाओं के कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दूसरे दिन सूचना अधिकार अधिनियम और तीसरे दिन प्रशासनिक सेवाओं/बजट के संबंध में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण सत्रों में जनपद स्तर पर आपदा तैयारी एवं रोकथाम हेतु की गई पहलों, प्रतिक्रिया के लिए आपदा तैयारी एवं प्राथमिक उपचार तथा लैंगिक अवधारणाओं एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। सत्रों का संचालन मीरा रावत, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी, हरिद्वार तथा डॉ. दीपा मेहरा रावत, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक, उच्च शिक्षा देहरादून द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान केस स्टडी एवं व्यावहारिक अभ्यास भी कराए गए। कार्यक्रम का समापन मूल्यांकन एवं सत्यापन सत्र के साथ हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए। प्रतिभागियों द्वारा कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं व्यवहारिक बताया गया जो जिला प्रशासन की क्षमता निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# ज्वालापुर कोतवाली परिसर में धरना प्रदर्शन

## बिहारवासी महिलाओं पर गिरधारी की अभद्र टिप्पणी निंदनीय : अमन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 7 जनवरी जिला महानगर कांग्रेस कमेटी ने कैबिनेट मंत्री के पति गिरधारी लाल साहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर ज्वालापुर कोतवाली परिसर में धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस अभियोग दर्ज करने की मांग को लेकर कोतवाली में पत्र भी सौंपा इसके अलावा अंकिता हत्याकांड मामले की सीबीआई जांच की मांग भी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने दोहरायी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग उठाई। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग व वरिष्ठ नेता वरुण बालियान ने कहा कि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य के पति द्वारा बिहारी मूल की महिलाओं के लिए की गई



अभद्र टिप्पणी निंदनीय है और यह महिलाओं के सम्मान पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि पार्टी महिलाओं के अपमान को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। इसी मांग को लेकर कोतवाली में लिखित पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अंजू मिश्रा, शहर अध्यक्ष लता जोशी ने कहा कि महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर ने कहा कि अंकिता हत्याकांड में अब तक न्याय नहीं मिलना सरकार की विफलता को दर्शाता है। वहीं मंत्री के पति द्वारा महिलाओं के प्रति अशोभनीय भाषा का प्रयोग भाजपा के लोगों की मानसिकता को दर्शाता है। वरिष्ठ नेता इरफान अंसारी ने कहा कि जनता का भरोसा तभी बहाल होगा जब अंकिता हत्याकांड की निष्पक्ष जांच होगी। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष तुषार कपूर ने कहा कि युवा वर्ग पीड़िता को न्याय दिलाने की इस लड़ाई में पीछे नहीं हटेगा। पार्षद विवेक भूषण विक्की, सुनील कुमार ने कहा कि भाजपा राज में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। मंत्री के पति मंच से महिलाओं के लिए गलत प्रकार की भाषा का प्रयोग करते हैं। इस दौरान याज्ञिक वर्मा, सुनील प्रजापति, मयंक त्यागी, जावेद खान, अंकित चौधरी, शक्ति आदि कांग्रेस सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग का भव्य अनावरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वैरागी द्वीप स्थित शताब्दी समारोह स्थल पर 7 जनवरी को संचार क्रांति के एक नए युग का सूत्रपात हुआ। यहाँ अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग का भव्य अनावरण गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, देव संस्कृति विवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या द्वारा किया गया। इस अवसर पर गढ़वाल कमिश्नर ने कहा कि शांतिकुंज द्वारा आयोजन न केवल हरिद्वार बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। सनातन परंपरा व मानवतावादी शिक्षा को लेकर महत्वपूर्ण कार्य हो रहा है। आयोजन की विराट्ता व भव्यता को देखते हुए प्रशासन की भी जिम्मेदारी है। शताब्दी समारोह का आयोजन सफलता पूर्वक किया जा रहा है। शताब्दी समारोह के दलनायक डॉ चिन्मय पण्ड्या ने



कहा कि हाई-टेक संसाधनों और अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस यह मीडिया केंद्र आगामी समय में सूचनाओं के त्वरित, सटीक और प्रभावी आदान-प्रदान का एक सशक्त माध्यम सिद्ध होगा। यह विभाग न केवल शताब्दी समारोह की गतिविधियों को विश्व पटल पर प्रभावी रूप से प्रस्तुत करेगा, बल्कि आधुनिक पत्रकारिता एवं डिजिटल संचार के मानकों को भी नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। वहीं कमिश्नर ,आईजी, दे.सं. विवि के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या और व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरि ने समारोह की तैयारियों सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। यह नवनिर्मित मीडिया केंद्र परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रारंभ किए गए महान युग निर्माण अभियान और उनकी वैचारिक क्रांति की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण माध्यम है। गुरुदेव के विचारों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाने में यह विभाग सेतु की भूमिका निभाएगा। समारोह स्थल पर स्थापित यह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग सूचना प्रवाह को गति देने के साथ-साथ कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप राष्ट्रीय एवं वैश्विक कवरेज सुनिश्चित करेगा। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने इसकी कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए इसे सुदृढ़ सूचना तंत्र की एक अनिवार्य कड़ी बताया। यह केंद्र भविष्य में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और त्वरित संप्रेषण के क्षेत्र में एक निर्णायक आधार बनेगा। शताब्दी समारोह के दिव्य संदेश को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने तथा गुरुदेव के संकल्पों को जन-जन तक पहुँचाने में यह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग एक ऐतिहासिक उत्प्रेरक की भूमिका निभाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, एसपी क्राइम जितेंद्र मेहरा, एचआरडीए सचिव मनीष कुमार तथा अपर कुंभ मेला अधिकारी दयानंद सरस्वती आदि ने समारोह स्थल का निरीक्षण किया। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मीडिया केंद्र की आधुनिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और इसे सूचना जगत के लिए एक क्रांतिकारी पहल बताया।

# संदिग्ध व अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 6 जनवरी को थाना सिडकुल क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में सिडकुल पुलिस द्वारा दौराने चेकिंग एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। जांच के दौरान संदिग्ध के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर एवं एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर आरोपित अंजुल पुत्र कुर्बान निवासी रावली महदूद के विरुद्ध थाना सिडकुल पर आर्म्स अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

दिनांक 24.12.2025 को वादिनी निवासी बिजनौर उ.प्र. द्वारा वादिया की नाबालिक पुत्री उम्र 16 वर्ष को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में थाना सिडकुल पर मुकदमा धारा 137(2) बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया था। महिला व नाबालिग संबंधी मामलों को गंभीरता पूर्वक लेते हेतु पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त चंद्रभान उर्फ काले पुत्र मुकेश निवासी ग्राम सादात, बिजनौर को दबोच कर नाबालिग अपहता को सकुशल बरामद किया गया। मुकदमें में धारा 64(2)(एम) बीएनएस व 5 (एल) व 6 पोक्सो अधिनियम की बढ़ोतरी की गई है।

थाना पथरी पुलिस टीम ने भी चौकिंग के दौरान अम्बुवाला चौक के पास से अजहर नाम के एक संदिग्ध व्यक्ति को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर आर्म्स अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

दिनांक 7 जनवरी को रानीपुर पुलिस टीम द्वारा न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट के अनुपालन में वारण्टी विक्की सिंह निवासी शिवलोक कालोनी के विरुद्धदर्ज मुकदमा अंतर्गत धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय पेश कर आदेशनुसार कार्रवाई की गई।

दिनांक 6 जनवरी को सराफा बाजान मार्केट में दो युवकों राघव चौहान पुत्र प्रशांत चौहान व कृष्ण शर्मा पुत्र राजेश शर्मा निवासी चौहानान मोहल्ला ज्वालापुर ने छोटी-छोटी बातों को लेकर आपस में बहस व मारपीट कर रहे थे जिस पर मौके पर पुलिस टीम गयी तो दोनो व्यक्तियों को समझाने का काफी प्रयास किया गया किन्तु दोनो व्यक्तियों द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग किये जाने के दृष्टिगत उक्त दोनो व्यक्तियों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 170 बी.एन.एस.एस के तहत कार्रवाई की गयी।

# पूर्ण समाज को शिक्षित करने के लिए शिक्षण संस्थानों से चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 7 जनवरी को डैम कोठी हरिद्वार में सुनील सैनी राज्य मंत्री से शिक्षण संस्थानों के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी गणों ने मुलाकात कर स्वागत और अभिनंदन किया। सभी ने अपने-अपने संस्थान की संबंधता विस्तारण आदि समस्याओं के बारे में अवगत कराया। राज्य मंत्री के द्वारा शिक्षण संस्थानों के सभी अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी गणों को धन्यवाद एवं आभार किया और कहा कि आप समाज में शिक्षा प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं इसके लिए आप लोगों को निरंतर लगे रहना है तथा समाज को शिक्षित करना है यह एक अद्भुत कार्य है। एक सभ्य और सामाजिक समाज के लिए शिक्षा ही एकमात्र साधन है। शिक्षा सभी के जीवन के लिए



आवश्यक है। राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री धामी उत्तराखंड को मजबूत, सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। समस्त अध्यक्ष एवं सचिव अध्यक्ष धर्मपाल सिंह सैनी, सचिव सुभाष सैनी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाल, मजहिर हसन, सुल्तान अहमद, फरीद अहमद, रईस अहमद, योगेश कुमार, नौशाद अली, दिनेश कुमार, जावेद अली, अरविंद अग्रवाल, सुशील कुमार, दिनेश कुमार, अमित कुमार, दिनेश कुमार, टीटू कुमार, नितिन कुमार, अनुपम शर्मा अश्वनी पराशर, परीक्षित कुमार, मोबीन अहमंद, कलीम अहमंद, आदि उपस्थित रहे।

# भूमाफिया पर आश्रम हड़पने का आरोप : साध्वी रेणुका

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिपुर कलां स्थित राष्ट्र भक्ति आश्रम की साध्वी रेणुका ने आश्रम को हड़पने का आरोप लगाया है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए साध्वी रेणुका ने बताया कि भूमाफिया और असामाजिक तत्वों द्वारा आश्रम पर कब्जे का प्रयास किया गया लेकिन पुलिस और प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। साध्वी रेणुका ने बताया कि उन्होंने 3 नवम्बर को कई लोगों को नामजद करते हुए आश्रम पर कब्जे के प्रयास की एफआईआर दर्ज कराई थी। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई जिससे आरोपियों के हौसले और बढ़ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि 13 नवंबर 2025 को आपराधिक प्रवृत्ति के लोग आश्रम पहुंचे एवं आश्रम छोड़कर चले जाने तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को सूचना देने के पश्चात भी कोई प्रभावी कार्रवाई




नहीं हुई। उन्होंने राज्य के प्रमुख सचिव को भी पत्र लिखा लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। 20 नवम्बर को कुछ हथियारबंद बदमाशों ने आश्रम में घुसकर उन पर जानलेवा हमला किया। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उन्हें छुड़ाया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली। लेकिन न तो मेडिकल कराया और न ही जांच में कोई प्रगति हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें और उनके गुरु भाई को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी जा रही है। साध्वी रेणुका ने यह भी आरोप लगाया कि आश्रम से जुड़ा उत्तराधिकार का मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद प्रशासन ने आश्रम को खाली करा दिया। साध्वी रेणुका ने कहा कि इन हालातों के कारण वह आज देवभूमि उत्तराखंड में बिना किसी आश्रय के रहने को मजबूर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग क है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराई जाए, दोषियों को सख्त सजा दी जाए और उनका आश्रम उन्हें वापस दिलाया जाए। राजेंद्र श्रमिक एवं भंवर सिंह ने कहा कि साध्वी रेणुका को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान किया जाना चाहिए लेकिन कुछ लोग आश्रम की संपत्ति को कब्जाने की नीयत से गलत हथकंडे अपना रहे हैं। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रैसवार्ता में विजयपाल, प्रवीण कुमार, मोदीमल, करुणा, सागर, बृजेश कुमार, संजीव बाबा, संजय मूलनिवासी, प्रदीप, रूपचंद एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# हॉलिस्टिक सेंटर का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** 7 जनवरी को गांधी आश्रम स्ट्रीट विष्णु गार्डन में नारायण हॉलिस्टिक सेंटर का शुभारंभ किया गया। केंद्र की संचालिका डॉ. दीपाली ने बताया कि इस केंद्र में योग, ध्यान एवं अन्य वैकल्पिक चिकित्सा की प्रशिक्षण, कक्षाओं की व्यवस्था रहेगी और इसी प्रकार की अन्य प्रविधियों के सर्टिफिकेट कोर्स भी चलाए जाएंगे तथा शहर के लोगों को निःशुल्क योग एवं स्वास्थ्य जागृति शिविरों के आयोजन के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा। केंद्र आयुष विभाग उत्तराखंड सरकार द्वारा पंजीकृत है।

# सिडकुल में एक कंपनी का शीशा तोड़कर चोरी

## मुखबिर की सूचना पर एक हफ्ते बाद अभियुक्त गिरफ्तार

■ छह लाख का माल बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 31.12.2025 को वादी की तहरीर पर सिडकुल क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्रापैनल्स कंपनी, सिडकुल में अज्ञात व्यक्ति द्वारा कंपनी का शीशा तोड़कर चोरी किए जाने के संबंध में थाना सिडकुल पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुकदमे की विवेचना उ.नि. अनिल सिंह बिष्ट द्वारा संपादित की जा रही थी। चोरी की घटना के सफल अनावरण हेतु दिनांक 7.01.2026 को मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा डेंसो चौक से अभियुक्त नितिन पुत्र सलेख चंद निवासी दादूपुर, गोविंदपुर, रानीपुर को चोरी के माल सहित दबोचा। आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया माल 10 किलोग्राम रिवेट कॉपर (कीमत छह लाख) बरामद कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई।



# खाद्य अधिकारियों ने विधार्थियों को जागरूक किया

## नमूनों के परीक्षण की विधि बताई

■ 10 जनवरी तक अभियान जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं अधिकारियों के नेतृत्व में नवोदय विद्यालय तथा आक्सफोर्ड स्कूल हरिद्वार में मोबाइल फूड लैब के साथ विधार्थियों, विद्यालय स्टाफ एवं कॅन्टीन तथा मैस में कार्यरत कर्मचारियों के मध्य खाद्य सुरक्षा के सम्बद्ध में जागरूकता अभियान चलाया गया। रुद्रपुर लैब के कनिष्ठ विश्लेषक (खाद्य) रमेश जोशी द्वारा मौके पर खाद्य पदार्थो के नमूनों का परीक्षण का प्रदर्शन किया गया तथा छात्र-छात्राओं को घरेलू स्तर पर खाद्य नमूनों के परीक्षण की विधि बताई गयी। मौके पर कुल 78 खाद्य पदार्थो की जांच की गई, जिसमें से दो नमूने नियम विरुद्ध पाये गये। पाये गये नमूनों को मौके से हटवा गया तथा सभी उपभोक्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे उक्त ब्रान्ड को तुरंत खरीदना बंद कर दे तथा कहाँ से खरीदा है उसके स्त्रोत का विभाग को सूचित करें जिससे आगे की कार्यवाही की जा सके। मौके पर छात्र-छात्राओं को बाजार से खाद्य पदार्थ खरीदते समय बरती जाने वाली सावधानियों, लेबल पर अंकित की जाने वाली सूचनाओं, फोर्टिफाइड फूड, एलरजन तथा खाद्य सुरक्षा मानक अधीनियम 2006 के प्रावधानों के सम्बध में जानकारी दी गयी। मौके पर पाँच-पाँच छात्र-छात्राओं को जागरूकता अभियान के उपरांत पूछे गये प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गये। उक्त जागरुगता अभियान जनपद में 10 जनवरी 2026 तक जारी रहेगा।



# बामसेफ के 42वें राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति निरस्त

## कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उड़ीसा के कटक में होने वाले बामसेफ के 42वें राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति निरस्त करने के विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा एवं आफसूट संगठनों के कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का आरोप लगाते हुए सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान बहुजन क्रांति मोर्चा के प्रदेश संयोजक भंवर सिंह ने कहा कि बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम के नेतृत्व में उड़ीसा के कटक में 26 से 30 दिसम्बर 2025 तक होने वाले बामसेफ के 42 वें एवं भारत मुक्ति मोर्चा के 15वें राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति को 48 घंटे पहले निरस्त कर सरकार ने लोकतांत्रिक अधि



कारों का हनन करने के साथ भारतीय संविधान पर हमला किया है। अधिवेशन में देश भर के लाखों लोगों के साथ पचास देशों के डेलिगेट्स मूल निवासियों की समस्या के समाधान के हेतु विचार मंथन करने के लिए पहुंच रहे थे। बहुजन मुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव संजय मूल निवासी एवं राष्ट्रीय क्रिश्चन मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति निरस्त कर भाजपा सरकार ने देश व दुनिया को संविधान विरोधी मानसिकता का परिचय दिया और मूल निवासी बहुजन समाज को विचार करने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मूल निवासी बहुजन समाज में बढ़ती जागरूकता से बौखला कर बामसेफ के ऑफसूट संगठनों के कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में प्रदीप कुमार, प्रधान श्याम सुंदर आदित्य, नाथू सिंह, रितिक आदि शामिल रहे।

# मानसिक रूप से पीड़ित बालक प्रयागराज से हरिद्वार पहुंचा

## पुलिस ने जानकारी एकत्रित कर पिता को सुपुर्द किया

■ परिजनों ने आभार जताया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 6 जनवरी की प्रातः पुल जटवाड़ा पर एक व्यक्ति घूमते हुए मिला जिसको चेतक कर्मचारीगण कांस्टेबल अंकुर चौधरी व अरुण कोटनाला द्वारा नाम पता पूछा गया तो व्यक्ति द्वारा अपना नाम प्रमोद सोनी बताया गया पूछताछ के दौरान उपरोक्त व्यक्ति मानसिक तौर पर अस्वस्थ नजर आया। जिसे सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली ज्वालापुर में लाया गया प्रमोद सोनी उपरोक्त थाना कार्यालय में बैठ कर पूछताछ किया गया तो अपने पिताजी का नाम राजेश कुमार सोनी प्रयागराज का होना बताया पर प्रमोद सोनी के संबंध में जानकारी हेतु प्रयागराज थाना इलाहाबाद से संपर्क किया गया। जिनके द्वारा बताया कि प्रमोद सोनी के संबंध में उनके परिजन द्वारा दिनांक 1 जनवरी को घर से बिना बताए चले जाने के संबंध में मौखिक रूप से सूचना दी गई है तत्पश्चात कोतवाली ज्वालापुर पुलिस द्वारा परिजनों का नंबर लेकर संपर्क किया गया जिस पर प्रमोद सोनी के पिता राजेश सोनी द्वारा बताया कि मेरा पुत्र दिमागी रूप से अस्वस्थ है और घर से कहीं चला जाता है आप मेरे लड़के को अपने पास रखना हम लोग प्रमोद को लेने हरिद्वार आ रहे हैं। दिनांक 07-01-2026 राकेश सोनी कोतवाली ज्वालापुर आकर अपने पुत्र को सकुशल पाकर हरिद्वार पुलिस का आभार प्रकट किया।

# गौरक्षा व धर्म प्रचार के लिए सदैव समर्पित रहे ब्रह्मलीन कल्याणानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मानव कल्याण आश्रमों के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी कल्याणानंद सरस्वती महाराज की नवम पुण्यतिथि आश्रम में पंचदशनाम जूना अखाड़ा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव महंत देवानन्द सरस्वती महाराज की अध्यक्षता व महंत दुर्गेशानन्द सरस्वती के संचालन में श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाराज ने कहा कि स्वामी कल्याणानन्द त्याग, तपस्या व धर्म परायणता की साक्षात् प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने गौरक्षा की अलख जगाते हुए जेल यात्रा तक की थी। हरिद्वार, अहमदाबाद व बद्रीनाथ में स्थित मानव कल्याण आश्रम सनातन हिन्दू धर्म को उन्हीं की ही देन है जो सेवा और धार्मिक अनुष्ठानों का केन्द्र बने हुए हैं। विधायक मदन कौशिक ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्वामी कल्याणानंद सरस्वती महाराज का समूचा जीवन गौरक्षा व धर्म प्रचार के लिए सदैव



समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि उनका विशाल व्यक्तित्व सदैव से संत समाज को प्रेरणा देने का कार्य करता रहा है। हरिद्वार में शंकराचार्य चौक की स्थापना हो या फिर बद्रीनाथ स्थित मानव कल्याण आश्रमों की व्यवस्था रही हो, उन्होंने सदैव उदार मन से धर्म की सेवा की है। उन्होंने शंकराचार्य स्मारक समिति के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उन्हीं की परम्परा को वर्तमान में ललिताम्बा देवी ट्रस्ट व उनके पदाधिकारी पूर्ण मनोयोग से आगे बढ़ा रहे हैं। ललिताम्बादेवी ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि महाराज ने तीर्थ यात्रियों की सुविधार्थ विषम परिस्थितियों में 1970 में बद्रीनाथ धाम में आश्रम की स्थापना कर वहां से सेवा प्रकल्पों का संचालन किया। संस्था के मैनेजिंग ट्रस्टी अनिरूद्ध भाटी ने महाराज को नमन करते हुए कहा कि आश्रम धर्म प्रचार, मानव सेवा और धार्मिक अनुष्ठानों का प्रारम्भ से ही केन्द्र बिन्दु रहा है। महाराज के समय से ही यहां पर संत सेवा, अतिथि सेवा और मानव सेवा के प्रकल्प निरन्तर संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाराज ने आजीवन गंगाजल का सेवन करते हुए अपने प्रवचनों से समाज को सार्थक दिशा देने का कार्य किया। महंत दुर्गेशानन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन कल्याणानन्द महाराज ने गौ रक्षा हेतु देश भर में जन जागरण आन्दोलन चलाया। साथ ही हरिद्वार में शंकराचार्य जयन्ती समारोह का शुभारम्भ यहीं से हुआ। वास्तव में गुरूजनों की परम्परा को मानव कल्याण आश्रम व ललिताम्बा देवी ट्रस्ट संतजनों के आशीर्वाद से आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रेणुका बेन एल. ठक्कर, , स्वामी कृष्णानन्द, स्वामी कमलानन्द, स्वामी हंसानन्द, पं.संतोष ध्यानी, सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, महेन्द्र, विनित गिरि, संजय वर्मा आदि सहित संतजनों ने ब्रह्मलीन महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

**सूचना संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र दीपक को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में दीपक के किसी भी कृत्य व लेने-देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। विजय पाल पुत्र श्री सूरज भान, निवासी ग्राम व पोस्ट थाना कलियर, जिला हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

**डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**

मो.: 9411100741

# बीसीबी ने सभी दावों को खारिज किया

## कहा: आईसीसी भारत में विश्व कप खेलने को लेकर चिंताओं पर बात करने के लिए तैयार

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि आईसीसी ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी पुरुष टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश की पूर्ण और बिना किसी रुकावट के भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड के साथ इस मसले पर करीब से काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

बीती शाम सुरक्षा कारणों से टी-20 विश्व कप में बंगलादेश के मुकाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने के मसले पर बीसीबी की आईसीसी के साथ हुई वर्चुअल बैठक के बाद क्रिकेट बोर्ड ने अपना बयान जारी किया है। हालांकि बयान में यह नहीं बताया गया है कि बंगलादेश भारत में खेलेगा या नहीं। बीसीबी के बयान में कहा गया है कि बोर्ड ने आगामी विश्व कप के मद्देनजर भारत में बंगलादेश की टीम की सुरक्षा को लेकर जो चिंता व्यक्त की थी और साथ ही बंगलादेश के मुक़ाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने का जो आग्रह किया था उसके जवाब में आईसीसी की ओर से प्रतिक्रिया मिली है। अपने संदेश में आईसीसी ने टूर्नामेंट में बिना किसी रुकावट के बांग्लादेश की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। आईसीसी ने बोर्ड के साथ इस मसले पर क़रीब से काम करने की इच्छा व्यक्त की है और इस बात का आश्वासन दिया है कि सुरक्षा से संबंधी बोर्ड के सुझावों का स्वागत किया जाएगा और इवेंट से संबंधित विस्तृत सुरक्षा योजना बनाते समय पर इन पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने बताया था कि मंगलवार की बैठक में आईसीसी ने बंगलादेश के मुक़ाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने के आग्रह को अस्वीकार दिया था और यह कहा था कि अगर बंगलादेश भारत में अपने मुक़ाबले नहीं खेलेगा तो उन्हें अपने अंक गंवाने पड़ेंगे। आगामी टी-20 विश्व कप में बंगलादेश ग्रुप सी में है और उन्हें अपने पहले तीन मुक़ाबले कोलकाता में खेलने हैं। उन्हें 7 फरवरी को वेस्टइंडीज, 9 फरवरी को इटली और 14 फरवरी को इंग्लैंड के खलिाफ खेलना है जबकि 17 फरवरी को उन्हें मुंबई में नेपाल के खलिाफ मुक़ाबला खेलना है। हालांकि बीसीबी ने ऐसी किसी भी चेतावनी मिलने से इनकार किया। बीसीबी ने कहा कि मीडिया में प्रकाशित कुछ रिपोर्ट्स का भी बीसीबी ने संज्ञान लिया है जिसमें यह बताया गया है कि बोर्ड को आईसीसी से अल्टीमेटम मिला है। बीसीबी यह स्पष्ट करना चाहता है कि यह दावे पूरी तरह से निराधार हैं और यह आईसीसी द्वारा मिले संदेश से मेल नहीं खाते हैं।

### भारतीय प्रेजेंटर बीपीएल पैनल से हटी

**ढाका, वार्ता।** भारतीय स्पोर्ट्स प्रेजेंटर रिद्धिमा पाठक ने बुधवार को उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि उन्हें बंगलादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के प्रेजेंटेशन पैनल से 'हटा दिया गया' है। उन्होंने साफ किया कि टूर्नामेंट से हटने का फैसला उनका अपना था।

अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किए गए एक बयान में, पाठक ने कहा कि बीपीएल से उन्हें हटाए जाने के बारे में एक 'झूठी कहानी' फैलाई जा रही है। उन्होंने लिखा कि यह सच नहीं है। मैंने खुद बाहर होने का फैसला किया। मेरे लिए, मेरा देश हमेशा सबसे पहले आता है, उन्होंने आगे कहा कि वह क्रिकेट के खेल को 'किसी भी एक असाइनमेंट से कहीं ज्यादा' महत्व देती हैं। पाठक ने आगे कहा कि वह इस मामले पर और कोई टिप्पणी नहीं करेंगी। यह सफाई बंगलादेश में मीडिया रिपोर्ट्स के बीच आई है, जिसमें कहा गया था कि टूर्नामेंट के ढाका लेग से पहले पाठक को बीपीएल प्रेजेंटेशन टीम से हटा दिया गया था। बंगलादेश के स्थानीय मीडिया ने बताया कि उन्हें ढाका में मैचों की मेजबानी करनी थी, लेकिन देश जाने से पहले ही उन्हें पैनल से हटा दिया गया। बीपीएल का मौजूदा एडिशन पहले ही शुरू हो चुका है, जिसका पहला लेग सिलहट में हुआ।

# पीवी सिंधु सात्विक-चिराग की विजयी शुरुआत

**कुआलालम्पुर, वार्ता।** चार महीने की चोट के बाद वापसी कर रही पीवी सिंधु ने मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला सिगल्स के पहले राउंड का मैच चीनी ताइपे की कम रैंकिंग वाली सुंग शुओ युन के खिलाफ 21-13, 22-20 से जीता।

यह मैच 51 मिनट तक चला। सिंधु को मैच में जमने में समय लगा, पहले गेम में वह 1-6 से पीछे थीं क्योंकि उन्हें अपनी लय खोजने और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मुश्किल हो रही थी। हालांकि, एक बार जब उन्हें अपनी रेंज मिल गई, तो स्मैश और पंच क्लियर शॉट लगने लगे। 1-6 से पीछे होने के बाद, सिंधु ने बढ़त बनाते हुए 11-9 की बढ़त ले ली, और मिड-गेम इंटरवल में दो अंकों की बढ़त बना ली। उस बिदु के बाद सिंधु ने पीछे मुड़कर नहीं देखा, क्योंकि सिंधु ने रैलियों पर हावी होना शुरू कर दिया और सुंग को कोई वास्तविक नियंत्रण नहीं दिया। दुनिया में 31वें नम्बर की चीनी ताइपे की शटलर को रैलियों को फ्लैट रखने में मुश्किल हो रही थी – एक ऐसा तरीका जिससे वह प्रतिस्पर्धी बनी रह सकती थीं और उन पर आने वाले आक्रामक शॉट्स की बौछार से बच सकती थीं। आखिरकार सुंग को सिंधु की कमजोरियों का पता चलने लगा, हालांकि जितनी देर में उन्हें पता चला, वह शायद उन्हें पसंद नहीं आया होगा। जब सिंधु दूसरे गेम में 14-9 से आगे थीं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

### डी मिनौर व हंटर ने ऑस्ट्रेलिया को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया

**सिडनी, वार्ता।** एलेक्स डी मिनौर ने मंगलवार रात सिडनी में यूनाइटेड कप में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने डबल ड्यूटी करके ऑस्ट्रेलिया को चेकिया को हराकर क्वार्टर-फाइनल में पहुंचाया। बारबोरा क्रेजसिकोवा ने माया जॉइंट को सीधे सेटों में हराने के बाद, ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान पर क्वालिफाई करने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लेकिन 26 साल के डी मिनौर ने केन रोजवॉल एरिना के जोशीले माहौल का फायदा उठाते हुए जैकब मेंसिक को 6-4, 6-1 से हराया और फिर स्टॉर्म हंटर के साथ मिलकर मिरियम स्कोच और डालिबोर स्वर्सिना को 6-2, 6-3 से हराकर ग्रुप डी में 2-1 से जीत पक्की की। क्रेजसिकोवा की जीत के साथ, चेकिया भी सिडनी में बेस्ट रनर-अप के तौर पर क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गया। मेनसिक ने दूसरे सेट की शुरुआत में डी मिनौर के खिलाफ कुछ अच्छे पल दिखाए, जिसमें एक जोरदार फंट-फेसिग ट्वीनर वॉली भी शामिल थी, जिसे एक धमाकेदार फर्स्ट सर्व से सेट किया गया था। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी लगातार कोशिश करते रहे, उन्होंने अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए और लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में चेक खिलाड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 5-0 कर लिया।

### रेसलिंग लीग ने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ आधिकारिक प्रसारण साझेदारी की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की प्रमुख पेशेवर कुश्ती प्रतियोगिता पीडब्ल्यूएल के पांचवें सत्र ने 2026 सीजन के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क को अपना आधिकारिक प्रसारण भागीदार घोषित किया है। सात वर्षों के अंतराल के बाद जनवरी 2026 में पीडब्ल्यूएल की वापसी हो रही है, जिसे एक नए विजन, मजबूत एथलीट-फर्स्ट सिद्धांतों और वैश्विक दर्शकों के सामने उत्कृष्ट कुश्ती प्रतिभा को प्रदर्शित करने की नवीकृत प्रतिबद्धता के साथ पुनर्कल्पित किया गया है। प्रसारण समझौते के तहत, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 और टेन 5 टीवी चैनलों के माध्यम से भारत भर के घरों तक पीडब्ल्यूएल के सभी मुकाबलों का लाइव प्रसारण करेगा। इसके साथ ही, सोनी के ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर भी कवरेज उपलब्ध होगी, पीडब्ल्यूएल 2026 सीजन में छह शहर-आधारित फ्रेंचाइजी टीमें, दिल्ली दंगल वॉरियर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल, हरियाणा थंडर्स, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी और यूपी डॉमिनेटर्स, एक गतिशील और प्रतिस्पर्धी प्रारूप में मुकाबला करेंगी, जिसका उद्देश्य खेल की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जाना और प्रशंसकों के लिए रोमांचक अनुभव प्रदान करना है।

# पहले राउंड में लक्ष्य-आयुष का आमना-सामना

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को घरेलू मैदान पर एक मुश्किल ड्रॉ मिला है। 2022 के चैंपियन लक्ष्य सेन का मुकाबला उभरते हुए आयुष शेट्टी से होगा, जबकि पूर्व वर्ल्ड चैंपियन पीवी सिंधु का सामना वियतनाम की थुई लिन्ह गुएन से होगा। योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट 13-18 जनवरी तक यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा।

वर्ल्ड टूर के सबसे मशहूर टूर्नामेंट में से एक, इंडिया ओपन, केडी जाधव इंडोर स्टेडियम से इंदिरा गांधी स्टेडियम कॉम्प्लेक्स के अंदर एक बहुत बड़े मल्टी-पर्पस हॉल में शिफ्ट हो रहा है। खिलाड़ियों को कंडीशन को समझने और परखने का भी मौका मिलेगा क्योंकि यह इस साल अगस्त में होने वाली बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप का वेन्यू भी होगा। और अगर भारतीय टीम को उम्मीद थी कि ओपनिग राउंड थोड़ा आसान होगा, तो साफ है कि उनकी यह इच्छा पूरी नहीं हुई। भारतीय नजरिए से, लक्ष्य का सामना पूर्व वर्ल्ड जूनियर ब्रॉन्ज मेडलिस्ट आयुष शेट्टी से होगा, इसका मतलब है कि मुकाबले में मौजूद चार भारतीय मेन्स सिगल्स में से सिर्फ तीन को ही दूसरे राउंड में जगह बनाने का मौका मिलेगा। और जो भी इस ऑल-इंडियन मुकाबले में आगे बढ़ता है, उसका सामना चौथी सीड चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन या जापान के केंटा निशिमोटो से हो सकता है। दूसरे भारतीय सिगल्स खिलाड़ियों में, पूर्व वर्ल्ड नम्बर 1 किदांबी श्रीकांत का मुकाबला 2024 ताइपे की थॉमस कप ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली टीम के सदस्य और वर्ल्ड नम्बर 12 लिन चुन-ई से होगा, और दूसरे राउंड में उनका मुकाबला क्रिस्टो पोपोव से हो सकता है, जिन्होंने पिछले महीने वर्ल्ड टूर फाइनल्स मेन्स सिगल्स का खिताब जीतने वाला पहला फ्रांसीसी खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन के हटने के बाद मेन ड्रॉ में आए एच एस प्रणय अपने अभियान की शुरुआत हांगकांग के पिछले एडिशन के फाइनलिस्ट ली चेउक यियू के खिलाफ करेंगे। महिला सिगल्स में, पूर्व वर्ल्ड चैंपियन पीवी सिंधु का मुकाबला गुएन से होगा, जिनके खिलाफ भारतीय खिलाड़ी अपने पिछले दोनों मुकाबले हार गई थीं। दुनिया में 22वीं रैंक वाली गुएन पिछले साल सर्किट पर सबसे बेहतर खिलाड़ियों में से एक हैं।

# वैभव व एरोन के तूफानी शतक भारत अंडर-19 टीम ने बनाए 393/7

**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका।** वैभव सूर्यवंशी (127) और एरोन जॉर्ज (118) शानदार शतकीय पारियों और उनके बीच 227 रनों की ओपनिग साझेदारी के दम पर भारतीय अंडर-19टीम ने बुधवार को तीसरे यूथ वनडे में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 394 रनों का लक्ष्य दिया। यहां दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी वैभव सूर्यवंशी और एरोन जॉर्ज की भारतीय सलामी जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 227 रन जोड़े। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वैभव ने सातवां ओवर कर रहे माइकल क्रुइस्काम्प की पहली चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाए और इसके बाद एक रन लेकर इस ओवर में कुल 21 रन जोड़े। वैभव ने 63 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपने शतक को पूरा करने के लिए आठ छक्के और छह चौके लगाए। 27वें ओवर में एन सोनी ने वैभव सूर्यवंशी को आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 74 गेंदों में 10 छक्के और नौ चौके लगाते हुए 127 रनों की पारी खेली। इसी दौरान एरोन ने अपना शतक पूरा किया। 35वें ओवर में माइकल क्रुइस्काम्प ने वेदांत त्रिवेदी (34) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद भारतीय बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुल कर नहीं खेल सके और विकेट गंवाते रहे। हरवंश पंगालिया (दो) रनआउट हुए। अभिज्ञान कुंडु (21), कनिष्क चौहान (10) और अमब्रिश आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए, लेकिन मोहम्मद एनान (नाबाद 28) और हेनिल पटेल (नाबाद 19) ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बटोरते हुए भारत को निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 393 रनों का विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए एन सोनी ने तीन विकेट लिए।





# नेपाल के टी-20 विश्व कप दल में शेर मल्ला शामिल, पॉडेल करेंगे कप्तानी

**काठमांडू, वार्ता।** नेपाल के टी-20 विश्व कप दल में ऑफ स्पिनर शेर मल्ला को शामिल किया गया है और उन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम का बुलावा आया है। नेपाल ने अपने दल में ऑलराउंडर बासिर अहमद को शामिल किया है जबकि पिछले साल अक्तूबर में टी-20 विश्व कप क्वालिफायर में टीम का हिस्सा रहे कुशल मल्ला को विश्व कप दल में जगह नहीं मिली है।



शीर्ष क्रम बल्लेबाज रोहित पॉडेल टी-20 विश्व कप में टीम की अगुवाई करेंगे जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी टीम के उपकप्तान होंगे। मल्ला को नेपाल प्रीमियर लीग में उनके प्रदर्शन का इनाम मिला है जहां उन्होंने 17 विकेट हासिल किए थे और वह टूर्नामेंट में संयुक्त तौर पर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। शेर मल्ला ने 17 विकेट 10 मुक़ाबलों में 6.50 की किफायती इकॉनमी से हासिल किए थे। उन्होंने लुंबिनी लायंस को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी जबकि इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता था। नेपाल के दल में मजबूत शीर्ष क्रम बल्लेबाजों और ऑलराउंडरों का संयोजन है। नेपाल की गेंदबाजी लेग स्पिनर संदीप लैमिछाने के इर्द गिर्द रहेगी और ललिच राजबंशी, मल्ला और ऐरी स्पिन विभाग में उनके सहयोगी की भूमिका अदा करते नजर आएंगे। करण केसी तेज गेंदबाजी विभाग की अगुवाई करते नजर आएंगे और उन्हें नंदन यादव, सोमपाल कामी और ऑलराउंडर गुलशन झा का साथ मिलेगा। 23 वर्षीय पॉडेल बल्लेबाजी इकाई की अगुवाई करते नजर आएंगे जबकि उन्हें शीर्ष क्रम में आक्रामक कुशल भुर्तेल और आसिफ शेख का सहयोग मिलेगा। वहीं निचले क्रम में फर्निशिग टच देने के लिए झा और ऐरी मौजूद होंगे। नेपाल ने 2024 टी-20 विश्व कप में चार मुक़ाबले खेले थे लेकिन उन्हें एक भी मुक़ाबले में जीत हासिल नहीं हुई थी।

हालांकि उन्होंने बंगलादेश और दक्षिण अफ्रीका के खलिाफ करीबी मुक़ाबला खेला था। नेपाल का विश्व कप अभियान 8 फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खलिाफ शुरू होगा। यहीं उन्हें अपने चारों ग्रुप मुक़ाबले खेलने हैं। टी-20 विश्व कप के लिए नेपाल का दल रोहित पॉडेल (कप्तान), दीपेंद्र सिंह ऐरी (उपकप्तान), संदीप लैमिछाने, कुशल भुर्तेल, आसिफ शेख, संदीप जोरा, आरिफ शेख, बासिर अहमद, सोमपाल कामी, करण केसी, नंदन यादव, गुलशन झा, ललित राजबंशी, शेर मल्ला, लो. केश बाम

# आईसीसी महिला टी -20 विश्व कप 2026 क्वालीफायर का शेड्यूल कन्फर्म

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी महिला टी -20 विश्व कप क्वालीफायर 2026 के पूरे फिक्स्चर, जिसमें सुपर सिक्स स्टेज भी शामिल है, कन्फर्म हो गए हैं। नेपाल में 18 जनवरी से 1 फरवरी तक होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 10 टीमें जून-जुलाई में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी -20 विश्व कप 2026 के लिए चार क्वालिफिकेशन स्पॉट के लिए मुकाबला करेंगी।




वार्म-अप मैच 14 और 16 जनवरी को तीन जगहों पर होंगे – त्रिभुवन यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड, अपर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड और लोअर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड। 18 जनवरी से ग्रुप स्टेज शुरू होने के बाद त्रिभुवन यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड और अपर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड में ही कॉम्पिटिटिव मैच खेले जाएंगे। सुबह के मैचों (9 बजे लोकल टाइम) में नेपाल का मुकाबला थाईलैंड से होगा,

जबकि बांग्लादेश का सामना यूएसए से होगा। दोपहर (1 बजे लोकल टाइम) में जिम्बाब्वे का मुकाबला नीदरलैंड्स से और आयरलैंड का मुकाबला पापुआ न्यू गिनी से होगा। स्कॉटलैंड और नामीबिया अपने पहले मैच 20 जनवरी को खेलेंगे, ग्रुप स्टेज के दौरान हर दूसरे दिन चार मैच होंगे, जो 26 जनवरी को खत्म होगा। ग्रुप ए और ग्रुप बी की टॉप तीन टीमें सुपर सिक्स में जाएंगी। ए मैच, जिनसे चार क्वालिफाई करने वाले देशों का फैसला होगा, 28, 30 जनवरी और 1 फरवरी को होंगे।

### केआईबीजी पेंचक सिलाट में राजा ने जीते दो स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** खेलो इंडिया बीच गेम्स की तुग्गल स्पर्धा के फाइनल में राजा दास ने स्थानीय पसंदीदा और गत चैंपियन प्रसन्ना बेंद्रे को हराकर प्रतियोगिता के शुरुआती दो स्वर्ण पदक जीते। पश्चिम बंगाल के इस खिलाड़ी ने वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर लगातार पदक जीते हैं दीव में जीता गया यह स्वर्ण पदक राजा के उतार-चढ़ाव भरे करियर का एक और अहम पड़ाव है। 2025 के खेलो इंडिया बीच गेम्स और गोवा में आयोजित 22वें नेशनल गेम्स में रजत पदक जीतने वाले राजा ने खुद को देश के सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले आर्टिस्टिक पेंचक सिलाट खिलाड़ियों में स्थापित किया है। उन्होंने 2023, 2024 और 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीते हैं। राजा के लिए दीव का यह स्वर्ण पदक आगामी सीनियर नेशनल चैंपियनशिप की आदर्श तैयारी है।

# कनाडा को 3-0 से हराकर बेल्जियम क्वार्टर-फाइनल में

**सिडनी, वार्ता।** टीम बेल्जियम ने मंगलवार को सिडनी में यूनाइटेड कप में टीम कनाडा पर 3-0 से शानदार जीत हासिल करके ग्रुप बी जीता और क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। जिजू बर्ग्स और एलिसे मर्टेंस ने टाई जीतने के लिए प्रभावशाली सिगल्स जीत हासिल करने के बाद, बेल्जियम के खिलाड़ियों ने ग्रुप में टॉप पर रहने के लिए एक महत्वपूर्ण मिक्स्ड डबल्स मैच में क्लीव हार्पर और विक्टोरिया म्बोको को 6-3, 3-6, 10-5 से हराया। बर्ग्स ने कहा कि हमें आज कुछ बड़े खिलाड़ियों और एक बड़े टेनिस देश को हराना था। हम छोटे बेल्जियम के लोग, हमें आज एक-दूसरे पर बहुत गर्व है कि हमने एक टीम के रूप में क्या किया,



खासकर चीन के साथ पहले मुश्किल मुकाबले के बाद। इसलिए हम खुश हैं और ग्रुप बहुत खुश है। बेल्जियम के खिलाड़ी आज सुबह उठे तो उन्हें पता था कि अपना ग्रुप जीतने के लिए उन्हें कनाडा को हराना होगा। यह एक मुश्किल काम था, यह देखते हुए कि कनाडा ने चीन को हराया था, जिसने टूर्नामेंट में पहले बेल्जियम को हराया था। केन रोजवॉल एरिना के अंदर यह बात बेमानी साबित हुई, जहां बर्ग्स और मर्टेंस ने अपने यूनाइटेड कप को जिंदा रखने का रास्ता खोज लिया। मर्टेंस ने कहा कि मुझे इस टीम पर 100 प्रतिशत भरोसा है और मुझे लगता है कि हम यह कर सकते हैं और हमने सच में यह किया। कुछ भी असंभव नहीं है, इसलिए हमने जो डबल्स खेला, उससे बहुत खुश हैं। हम सच में एक टीम थे, हम आगे बढ़ रहे थे।

बर्ग्स ने दिन की शुरुआत अपने करियर की सबसे बड़ी जीत के साथ की, उन्होंने वर्ल्ड नंबर 5 फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को 6-4, 6-2 से हराया। बर्ग्स ने कहा कि परफॉर्मेंस से बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह हमारी ताकत भी दिखाता है। हम गिर सकते हैं, लेकिन हम वापस उठेंगे और पिछले दिन से बेहतर बनने की कोशिश करेंगे।हम यही करते हैं, और मैं अपने आस-पास ऐसी टीम पाकर बहुत शुक्रगुजार हूं। बर्ग्स ने एक घंटे 28 मिनट में अपनी दूसरी टॉप-10 जीत (2-10) हासिल की, उन्होंने 10 महीने पहले मियामी में तत्कालीन वर्ल्ड नंबर 9 आंद्रेई रुब्लेव को भी हराया था।

इससे पहले किसी बेल्जियम के खिलाड़ी ने यूनाइटेड कप में जीत हासिल नहीं की थी। बर्ग्स ने कहा कि मैं तो भूल ही गया था कि यह मेरी दूसरी टॉप-10 जीत है, तो यह सच में बहुत बड़ी बात है, खासकर जिस तरह से मैंने खेला। मैंने इसे सिर्फ एक मैच की तरह देखा। यह थोड़ा अलग फॉर्मेट है, इसलिए हम अभी भी पीछे हैं। हमें आज अभी भी बहुत सारे मैच जीतने हैं, इसलिए मेरा फोकस उसी पर था।

# हुरकाज, स्वियाटेक ने पोलैंड को क्वार्टर-फाइनल में पहुंचाया

**सिडनी, वार्ता।** ह्यूबर्ट हुरकाज ने बुधवार को टैलन ग्रीक्सपूर को 6-3, 7-6(4) से हराकर पोलैंड को यूनाइटेड कप के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचा दिया। इगा स्वियाटेक ने सुजान लैमेंस को 6-3, 6-2 से हराकर मैच अपने नाम कर लिया। आज के मैच से पहले, पोलैंड को मिक्स्ड-टीम इवेंट में आखिरी आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए एक मैच जीतना था। इस टूर्नामेंट से पहले, हुरकाज ने जून 2025 से कोई मुकाबला नहीं खेला था क्योंकि घुटने की चोट के लिए सर्जरी की जरूरत थी।

लेकिन एटीपी रैंकिग में पहले नम्बर 6 पर रहने वाली खिलाड़ी ने नए सीजन में वर्ल्ड नम्बर 3 एलेक्जेंडर ज्वेरेव और ग्रीक्सपूर के खिलाफ सीधे सेटों में जीत हासिल करके अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके बाद स्वियाटेक ने बिना देर किए स्कोर 2-0 कर दिया। 2025 यूएस ओपन में अपनी पहली मुलाकात में लैमेंस द्वारा तीन सेट तक धकेले जाने के बाद, स्वियाटेक ने पहले सेट में 3-3 से स्कोर को आगे बढ़ाया और आखिरी 11 में से नौ गेम जीते। पोलैंड के पहले ग्रुप-स्टेज मैच में जर्मनी की ईवा लिस के खिलाफ अपने सीजन ओपनर में सर्व पर संघर्ष करने और सात बार ब्रेक होने के बाद, स्वियाटेक ने लैमेंस के खिलाफ चीजों को काफी हद तक सुधारा और उनके खिलाफ 2-0 का स्कोर बनाया। उसने पांच होल्ड टू लव रिकॉर्ड किए, अपने 84 परसेंट फर्स्ट-सर्व पॉइंट जीते, और सिर्फ एक ब्रेक पॉइंट का सामना किया।

# वरिष्ठ पत्रकार राव शाहनवाज खां को किया गया सुपुर्द-ए-खाक

## बेबाक, बेखौफ पत्रकारिता के लिए थी अलग पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बेबाक, बेखौफ पत्रकारिता के मालिक वरिष्ठ पत्रकार राव शाहनवाज खां को बुधवार को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। जिनके जनाजे में बडी तादाद में मीडियाकर्मियों, समाजसेवी व जिम्मेदार मौअज्जि लोगों ने शिरकत कर उनकी मगफिरत के लिए दुआएं की। राव शाहनवाज का निधन पत्रकारिता जगत के लिए एक बडी क्षति है।



**❖बड़ी तादाद में मीडियाकर्मियों, समाजसेवियों ने अंतिम विदाई में की शिरकत**

ढंडेरा निवासी वरिष्ठ पत्रकार राव शाहनवाज खां का लंबी बीमारी के चलते देहरादून के जौलीग्रांट अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत और स्थानीय जनमानस में शोक की लहर दौड़ गई है। राव शाहनवाज खां की अपनी बेबाक, बेखौफ पत्रकारिता के लिए अपनी अलग पहचान थी। जिन्होंने पत्रकारिता को ईमानदारी, जिम्मेदारी के साथ एक मिशन के रूप में अंजाम दिया। करीब पैंतालिस वर्षों से अधिक के पत्रकारिता जीवन में कई समाचार पत्रों में कार्य कर अपनी अलग पहचान बनाई। राव शाहनवाज खां के निधन पर पत्रकारों से लेकर आमजन में शोक की लहर है। शहर के तमाम पत्रकारों ने उनके निधन पर गहरा दुख जताते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआएं की। राव शाहनवाज खां ने वर्षों तक अपनी लेखनी के माध्यम से समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। वह न केवल एक अनुभवी पत्रकार थे, बल्कि नवागत पत्रकारों के लिए एक कुशल मार्गदर्शक भी थे। शाहनवाज खां ने अपनी निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता से रुड़की क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई थी। उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा।

राव शाहनवाज खां को उनके गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। इस दौरान रूडकी व आसपास के वरिष्ठ व तमाम पत्रकारों ने पहुंचकर उनके जनाजे में शिरकत करते हुए उनकी मगफिरत के लिए दुआएं की। वहीं बडी तादाद में समाज के मुअज्जि लोग उनकी तदफीन में शरीक हुए।

# रुड़की प्रेस क्लब में दी गई शाहनवाज खां को भावभीनी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रेस क्लब भवन में पत्रकारों ने एकजुट होकर वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय राव शाहनवाज खां को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों और गणमान्य व्यक्तियों ने उनके जीवन, कार्य और निर्भीक पत्रकारिता को याद करते हुए उन्हें पत्रकारिता का मजबूत स्तंभ बताया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि राव शाहनवाज खां वास्तव में पत्रकारिता की नींव थे। उन्होंने अपने पूरे जीवनकाल में पत्रकारिता के उच्च मापदंड स्थापित किए। उनकी निर्भीक लेखनी से सत्ता पक्ष और अधिकारी वर्ग सदैव सतर्क रहता था, क्योंकि वे निडर होकर गलत और अन्याय के विरुद्ध लिखते थे। उन्होंने पत्रकारिता को एक नई दिशा देने का कार्य किया, जिसका अभाव हमेशा महसूस किया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष बबलू सैनी ने कहा कि उन्हें राव शाहनवाज खां के साथ कुछ समय कार्य करने का अवसर मिला, जिससे उन्होंने जाना कि सच्ची पत्रकारिता क्या होती है और उसके मायने क्या हैं। उन्होंने कहा कि राव शाहनवाज खां से प्रेरणा लिए बिना पत्रकारिता की कल्पना अधूरी है। वे स्वयं पत्रकारिता का एक सशक्त स्तंभ थे, जिन्होंने इसके स्तर और गरिमा को सदैव ऊँचा रखा। इस अवसर पर महामंत्री अश्वनी उपाध्याय, उपाध्यक्ष रियाज कुरैशी ने भी राव शाहनवाज खां को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन से जुड़े संस्मरण साझा किए। वहीं पूर्व राज्यमंत्री ठाकुर संजय सिंह और वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद आदिल फरीद ने भी उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा से पूर्व सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा ईश्वर से उनके परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति देने की कामना की। इस दौरान श्रद्धांजलि देने वालों में नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू सैनी, पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष रियाज कुरैशी, महामंत्री अश्वनी उपाध्याय, मनोज जायल, सुभाष सक्सेना, अरुण कुमार, योगराज पाल, टीना शर्मा, गौरव वत्स, अंकित त्यागी, शशांक गोयल, मिक्की जैदी, दीपक अरोड़ा, विकास भाटिया, राहुल सक्सेना सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

## बीएसएम इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई ने

# बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इण्टर कॉलेज रुड़की की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत आज स्वयंसेवकों ने समाज को जागरूक करने हेतु एक विशाल रैली का आयोजन किया। रैली का मुख्य विषय ष्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ रहा।

रैली का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री जितेश कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर पूरे उत्साह के साथ खंजरपुर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण किया। स्वयंसेवकों ने नारों के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को बेटियों की शिक्षा, उनके अधिकारों और समाज में उनकी समान भागीदारी के महत्व के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने ष्बेटी है तो कल है और षशिक्षित बेटी, समृद्ध समाजष जैसे नारों से क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। रैली के दौरान छात्रों ने स्थानीय निवासियों से बातचीत कर कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश दिया। पूरी रैली के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों का अनुशासन और सेवा भाव सराहनीय रहा। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों में समाज सेवा की भावना विकसित करना है। ष्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओष केवल एक नारा नहीं बल्कि एक सामाजिक संकल्प है, जिसे युवा शक्ति के माध्यम से ही सिद्ध किया जा सकता है। शिविर के कार्यक्रम अधिकारी श्री जितेश कुमार ने बताया कि सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान, साक्षरता अभियान और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विभिन्न सामाजिक कार्य भी किए जा रहे हैं। शिविर के द्वितीय सत्र में भानु प्रताप गौतम (एडवोकेट) द्वारा स्वयंसेवकों को कानून से संबंधित सामान्य जानकारी दी गई। जिससे स्वयंसेवक कानून के प्रति सजक होंगे तथा कानून व्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे और समाज को जागरूक करेंगे। रैली में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य अमित कपिल, परीक्षा प्रभारी डॉ अभय ढौंडियाल, डी एन पांडेय, प्रमोद शर्मा, कमल मिश्रा, विशेष कुमार, विकास गौतम, शैलेन्द्र पंत, देवराज, संजय और एनएसएस के स्वयंसेवको में पारस, गौरव, सौरभ,विशु, आशीष, मयंक, सुधांशु, ललित, राज, निखिल आदि का विशेष सहयोग रहा।




# सिविल लाइन पुलिस ने दबोचे तीन वाहन चोर, चार बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** लगातार बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली रुड़की पुलिस ने वाहन चोर गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 03 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 04 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। यह कार्रवाई आम जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने और अपराधियों में भय पैदा करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा स्वयं मामले का संज्ञान लेते हुए वाहन चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी रुड़की के निर्देशन में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्री मनीष उपाध्याय के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस सिस्टम और सक्रिय मुखबिर तंत्र की मदद से चोरों की गतिविधियों पर नजर रखी। इसी क्रम में सोलानी पुल के पास नहर पटरी पर चेकिंग के दौरान तीनों अभियुक्तों को दबोच लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे लोगों की गाढ़ी कमाई से खरीदी गई बाइकों को चोरी कर अपने शौक पूरे करते थे। कोतवाली प्रभारी मनीष उपाध्याय का सख्ष्त बयान-रुड़की में वाहन चोरी करने वालों के लिए अब कोई जगह नहीं है। कानून से बच पाना नामुमकिन है। चोरी करने वाला चाहे जितना शातिर हो, पुलिस उसे ढूंढकर जेल भेजेगी। अपराध से दूर रहें, वरना अंजाम तय है। घटना-1:दिनांक 05.01.2026 को अमित कुमार कश्यप निवासी आईआरआई कॉलोनी, रुड़की की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोपाटी बाजार से चोरी कर ली गई थी, जिस पर मु0अ0सं0 09/2026 धारा 303(2) पंजीकृत हुआ। घटना-2:इसी दिन कुरबान पुत्र हनीफ निवासी ग्राम नगला इमरती की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी चोपाटी बाजार से चोरी हुई, जिस पर मु0अ0सं0 10/2026 धारा 303(2) दर्ज किया गया। पकडे गये आरोपी राहुल पुत्र राजू, उम्र 24 वर्ष, निवासी गोल भट्टा मिलाप नगर, रुड़की, सचिन पुत्र स्व. ओमप्रकाश, निवासी डब्बल फाटक, मिलाप नगर, रुड़की, अभिषेक पुत्र मदन, निवासी गोल भट्टा मिलाप नगर, रुड़की बताये गये हैं। अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। रुड़की पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चोरों में हड़कंप है।

# किसान ने खेत में पोल लगाने का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** खेत में विधुत पोल लगाने पहुंची ऊर्जा निगम की टीम को किसान के विरोध का सामना करना पड़ा। किसान ने उर्जा निगम कर्मचारियों से खेत के बीच के बजाए साइड में पोल लगाने लगाने की बात पर अड़ा रहा। जिसके चलते पोल लगाने का कार्य रोक दिया गया। लंढौरा निवासी योगेंद्र यादव के खेत में 33 हजार केवी लाइन के लोहे के पोल लगे हुए हैं। पोल काफी पुराने होने के कारण पोल जर्जर हो चुके है। खेत स्वामी ने सीएम पोर्टल शिकायत कर पोल बदलने की मांग की थी। बुधवार को ऊर्जा निगम के ठेकेदार के आदमी नए पोल लगाने के लिए पहुंचे थे। इसी बीच मौके पर पहुंचे खेत स्वामी ने नए पोल लगाने का विरोध जताया। खेत स्वामी का कहना है कि उसके हिस्से में केवल दो बीघा जमीन है। जिसके बीचों बीच विधुत पोल आने के कारण न सही ढंग से खेत जुताई की जाती है और न ही खेत मे कोई निर्माण किया जा सकता। किसान का कहना था कि विधुत पोलो को उसके खेत मे एक साइड में लगा दिया जाए जिससे उसे खेत जुताई और निर्माण करने में कोई परेशानी न हो। किसान के विरोध के चलते पुलिस और ऊर्जा निगम के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। वार्ता के बाद तय हुआ कि ऊर्जा निगम के आला अधिकारियों से वार्ता के बाद पोल लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। जेई विनोद कुमार का कहना है कि खेत स्वामी ने जर्जर पोलो को बदलने के लिए सीएम पोर्टल पर शिकायत की थी। इसके बाद ही पोल बदलने का कार्य शुरू किया जा रहा था। जेई का कहना है कि खेत स्वामी को इसके लिए बड़े अधिकारियों से वार्ता करने के लिए कहा गया है। उसके बाद ही आगे का कार्य किया जाएगा।

# अंकिता कांड : हरीश रावत के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** आर्य समाज मंदिर से शुरू होते हुए लक्सर बाजार जामा मस्जिद के सामने से ओवर ब्रिज शुगर फैक्ट्री के गेट तक अंकिता भंडारी के मामले की सीबीआई जांच करा कर जो भी दोषी है उनको कड़ी सजा दिलाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया है ।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि हमारा मकसद केवल एक ही है कि अंकिता भंडारी मामले में सीबीआई जांच करा कर जो भी दोषी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री रेखा आर्य के पति द्वारा 15 से 20000 में बिहार से शादी करने का भी बयान दिया जो गलत है उन्होंने कहा इसी को लेकर जिस तरह से पूरे प्रदेश में अंकिता भंडारी के हत्यारे को सजा दिलाने के लिए और सीबीआई से जांच कराने के लिए विरोध प्रदर्शन हो रहा है यह बहुत ही शर्म की बात है कि अभी तक अंकिता भंडारी मामले में सीबीआई जांच के आदेश नहीं किए गए हैं वहां पर जो मुख्य रूप से शामिल रहे उनमें वीरेंद्र रावत ' कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह नगर अध्यक्ष भगत सिंह चौधरी पूर्व विधायक तस्लीम अहमद ' संजय सैनी चौधरी सतवीर जगदेव सिंह उर्फ जग्गी



कमला कश्यप कमला पांडे अनीता बर्मन अनीता गर्ग अखलाक अहमद रौनिक प्रधान मगन पाल सैनी फिरोज सिद्दीकी सतवीर सिंह इरशाद अंसारी अजीत सिंह अदनान नवाज खान जगत सिंह ठाकुर मलखान सिंह चौहान जगबीर सिंह प्रधान आरिफ प्रधान विधायक फुरकान अहमद ताहिर हसन अध्यक्ष शमशाद सदर सभासद शादाब सभासद गुलफाम आरा मशीन वाले मास्टर मुसर्रत तालिब प्रधान आदि सैकड़ो कांग्रेस के मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुंडलाना गोलीकांड का खुलासा पति-पत्नी सहित तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** सजनपद हरिद्वार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु हरिद्वार पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली मंगलौर पुलिस ने मुंडलाना गोलीकांड का सफल खुलासा करते हुए आमजन में भय का माहौल पैदा करने वाले तीन आरोपियों (पति-पत्नी सहित) को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी सतीश कुमार, निवासी ग्राम मुंडलाना द्वारा कोतवाली मंगलौर में तहरीर दी गई थी कि पुरानी आपसी रंजिश के चलते तीन व्यक्तियों द्वारा गाली-गलौच करते हुए उनके घर के ऊपर फायरिंग की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना से न केवल वादी का परिवार बल्कि पूरे ग्राम मुंडलाना एवं आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया था। उल्लेखनीय है कि आरोपी पूर्व में भी आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर अमरजीत सिंह के नेतृत्व में कई पुलिस टीमों का गठन किया गया। सतर्क सुरागरसी एवं सटीक पुलिस कार्रवाई के फलस्वरूप दिनांक 06.01.2026 को मुकदमे से संबंधित दो अभियुक्त एवं एक आरोपिता (पति-पत्नी सहित) को हिरासत में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचे व जिंदा कारतूस बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में नियमानुसार धाराओं की वृद्धि की गई है। मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह का बयान-जनपद में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।" गिरफ्तार आरोपितों का विवरण1. हर्ष उर्फ बिगड़ा पुत्र बबलू2. विशाल पुत्र बबलू निवासीगण: मेघा शकरपुर, थाना 3. महिला अभियुक्ता पत्नी हर्ष उर्फ बिगड़ा(उपरोक्त पते के अनुसार) शामिल रहे।

# अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**रुड़की।** कोतवाली रुड़की पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मंगलौर मार्ग स्थित रेलवे पुल के पास चौकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को धर दबोचा, जिसके कब्जे से अवैध देशी तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि अभियुक्त किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस के अनुसार दिनांक 06 जनवरी 2026 की रात्रि को कोतवाली रुड़की पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान रेलवे पुल (मंगलौर मार्ग) के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोका और तलाशी ली तो उसके पास से 315 बोर का एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अमन बाल्मिकी पुत्र संजय, निवासी नई टंकी के पास, रतन का पूरवा, डबल फाटक, मोहनपुरा, थाना कोतवाली रुड़की, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि कुछ दिन पूर्व अभियुक्त का सोशल मीडिया पर फायरिंग कर रौब दिखाने का वीडियो वायरल हुआ था।

# प्रशासन ने सिंचाई विभाग की जमीन पर बना अवैध मजार हटवाया

**शाह टाइमसंवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर में पुरानी गंगनहर के किनारे सिंचाई विभाग की भूमि पर बने अवैध मजार को प्रशासन और यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। बुधवार की सुबह ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तहसीलदार विकास अवस्थी यूपी सिंचाई विभाग के एसडीओ अर्जुन सिंह, डीआरओ मुनेश कुमार धीमान के नेतृत्व में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम जेसीबी मशीन के साथ कलियर पहुंची।पहले से चिन्हित इस अवैध मजार को ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई। पूरी कार्रवाई कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। ज्वांइट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट ने बताया कि यूपी सिंचाई विभाग की भूमि पर पुरानी गंगनहर के किनारे अवैध रूप से मजार बनाई गई थी। अवैध मजार पर पहले नोटिस चस्पा किया गया था।नोटिस का जवाब नही मिलने पर उसके बाद ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई न्यायालय के अनुपालन में कई गई है। सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अवैध निर्माण स्वीकार्य नही है। सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।इस मौके पर तहसीलदार विकास अवस्थी, नायब तहसीलदार मो यूसुफ,कलियर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार,ईओ कुलदीप सिंह चौहान , जिलेदार राजकुमार, जेई बीड़ी धीमान,राजेंद्र सिंह, लेखपाल गुलफसा,गीता,कोमल खेड़ा, इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद,एसआई सूरज सिंह, राम अवतार आदि प्रशासन और यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारी समेत बड़ी संख्या में पुलिसबल मौजूद रहा।

# किसान सेवा समिति की भूमि पर बनी दुकानदारों को नोटिस

**झबरेडा।** बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति झबरेड़ा की भूमि पर बनी 10 दुकानों पर काबिज दुकानदारों द्वारा छह वर्ष से समिति में बिना किराया दिए कब्जा किया हुआ है। समिति अधिकारियों का कहना है कि दुकानदारों द्वारा किराया न देने पर 6 वर्ष पूर्व सभी दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए थे ।अब समिति में बने हाल ऑफिस तथा दुकानों को तोड़कर यहां पर कॉंपलेक्स बनाने की प्रक्रिया के चलते दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। कस्बे में किसान सहकारी समिति का निर्माण सन 1971 में हुआ था।उसी समय समिति के फ्रंट पर समिति द्वारा दस दुकाने भी बनाई गई थी।

# विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025 प्रतियोगिता प्रारंभ

**मंगलौर।** नेहरू इंटर कॉलेज के प्रांगण में विधायक चौंपियनशिप ट्रॉफी 2025 झबरेड़ा विधानसभा प्रतियोगिता (दिनांक 7 जनवरी से 9 जनवरी 2026) प्रारंभ हुई। यह प्रतियोगिता युवा कल्याण एवं खेल व शिक्षा विभाग नारसन द्वारा संपन्न हुई। प्रतियोगिता में अंडर 14 एवं अंदर-19 वर्ग के बालक एवं बालिकाओं ने निम्नलिखित प्रतियोगिता जिसमें 60 मी, 600 मी, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेक, खो खो ,कबड्डी एवं मुर्गा झपट अंडर 14, अंडर-19 में 100 मीटर, 200 मीटर ,400 मीटर, 100 मी ,1500, 3000, 5000 मी ,लंबी कूद, ऊंची कूद गोला फेक ,चक्का फेंक, भाला फेंक, खो खो ,कबड्डी एवं मुर्गा झपट मे भाग लिया प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार जाती माननीय विधायक झबरेड़ा एवं विशिष्ट अतिथि कोमल देवी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कविंद्र चौधरी (विकासखंड नारसन )ने उपस्थित होकर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि वीरेंद्र जाती विधायक झबरेड़ा ने कहा कि खेल सामाजिक विकास की एक सतत प्रक्रिया है। इस अवसर पर प्रतियोगिता संयोजक संदीप खाखरियाल (क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकासखंड नारसन हरिद्वार), जिला युवा खेल अधिकारी हरिद्वारअध्यक्ष सुभाष सैनी (खंड विकास अधिकारी विकासखंड नारसन हरिद्वार), युवा जिला खेल अधिकारी हरिद्वार प्रमोद चंद्र पांडे, नेहरू इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुभाष त्यागी,जिला खेल समन्वयक हरिद्वार गजेंद्र सिंह, जिला युवा कल्याण व्यायाम प्रशिक्षक मुकेश भट्ट ने उपस्थित होकर मंच साझा किया। प्रतियोगिता का प्रारंभ अंडर-19 200 मीटर से शुरू इस दौड़ को मुख्य अतिथि वीरेंद्र जाती ने प्रारंभ कराई। इस दौड़ में आयरन ने प्रथम, रितिक ने दूसरा एवं तीसरा स्थान अंकुश ने प्राप्त किया। 400 मीटर अंदर-19 में बालक वर्ग नितिन ने प्रथम स्थान, कार्तिक ने दूसरा एवं आयरन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 1500 मीटर रेस में अंशुल ने प्रथम कार्तिक ने द्वितीय एवं तीसरा स्थान वंश ने प्राप्त किया।

# विजिलेंस टीम की आधा दर्जन गांव में ताबड़तोड़ छापेमारी

## दिन निकलते ही विद्युत विभाग के एक्शन से मचा हड़कंप, 164 बिजली चोरी करते पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बढ़ेडी राजपूतान, बेल्डा, भारापुर समेत करीब आधा दर्जन गांवों में बुधवार की अल सुबह को बिजली विजलेंस टीम ने बड़े स्तर पर कार्रवाई की। इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सुबह से ही गांव की सड़कों पर चहल-पहल बढ़ गई, जब करीब दो दर्जन से अधिक सरकारी गाड़ियों का काफिला गांव में दाखिल हुआ। गाड़ियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे कार्रवाई को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से अंजाम दिया जा सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिजली विभाग को लंबे समय से बढ़ेडी राजपूतान, घोड़ेवाला, भारापुर भौंरी, डेरा, मर्रगुबपुर, बेल्डा समेत करीब आधा दर्जन गांवों में बिजली चोरी और अवैध कनेक्शनों की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर बिजली विजलेंस टीम ने यह विशेष अभियान चलाया। टीम में बिजली विभाग के अधिकारी, तकनीकी कर्मचारी और पुलिस प्रशासन के जवान शामिल थे। कार्रवाई के दौरान के सैकड़ों घरों की जांच की गई, जहां मीटर, वायरिंग और बिजली कनेक्शनों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान करीब 150 घरों में मीटर से छेड़छाड़, तो कहीं अवैध रूप से सीधी लाइन डालकर बिजली




**❖बढ़ेडी राजपूतान, बेलड़ा, भारापुर समेत करीब आधा दर्जन गांवों में पकड़ी गई बिजली चोरी**

उपयोग किए जाने के संकेत मिले। विजलेंस टीम ने ऐसे मामलों में मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई की और कनेक्शन काट दिया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस की मौजूदगी के कारण किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा जरूर हुई, लेकिन पूरा अभियान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। अधिकारियों ने लोगों से सहयोग की अपील की और स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई किसी को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि बिजली चोरी जैसी समस्याओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से की जा रही है। एसडीओ अनीता सैनी ने बताया कि बिजली चोरी की शिकायत मिल रही थी। जिसके चलते बढ़ेडी राजपूतान, घोड़ेवाला, भारापुर भौंरी, डेरा, मर्रगुबपुर, बेल्डा समेत करीब छह गांव में विजलेंस की टीम ने कार्यवाही करते हुए करीब 150 घरों से बिजली चोरी पकड़ी हैं। जिनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा रही हैं। और साथ ही विभाग की ओर से आगे भी कार्यवाही की जाएगी।

# राहुल की प्रतिक्रिया

यूं तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प समय-समय पर पीएम मोदी को लेकर टिप्पणी करते रहते हैं, लेकिन यह टिप्पणी विरोधाभासी ज्यादा होती हैं। वह पीएम मोदी को अपना बेहतर दोस्त भी बताते हैं, साथ ही टैरिफ आदि लगाकर ऑपरेशन सिंदूर जैसे मामलों में यह कहकर टांग फंसाते रहते हैं कि भारत-पाक के बीच संघर्ष उन्होंने ही रुकवाया था जबकि भारत बराबर उनकी बातों को नकारता रहा है, लेकिन इससे उन पर कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है पिछले कुछ दिनों विशेषकर वैनेजुएला पर सर्जिकल स्ट्राइक के बाद से जिसमें उन्होंने वहां के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कराया है, तब से वह पीएम मोदी पर फिर से निशाना साध रहे हैं। ट्रम्प के पिछले दो दिनों में दो बयान आए हैं, जिसमें वह यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि भारत ने उनकी इच्छा को ध्यान में रखते हुए रूस से तेल खरीदना कम कर दिया है। ऐसा कहते हुए वह यह भी नहीं भूलते कि पीएम मोदी उनके अच्छे दोस्त हैं, लेकिन उनको पता है कि रूस से तेल खरीदने व अन्य रक्षा सौदों को लेकर वह उनसे नाराज हैं और पीएम मोदी उनकी नाराजगी दूर करने के लिए ही रूस से दूरी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें भी वह चेतावनी देते हैं कि अगर भारत ने रूस से तेल लेना पूरी तरह बंद नहीं किया, तो वह उस पर और टैरिफ लगाने के विषय में सोच सकते हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी अपनी प्रतिक्रिया के साथ मैदान में आ गए हैं और उन्होंने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व पीएम स्व. इंदिरा गांधी से कर डाली। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा है कि फर्क समझो सर जी! कैप्शन देकर शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था, उन्होंने 1971 के युद्ध की भी याद दिलाई है और कहा है कि इस युद्ध में अमेरिका ने एयरक्राफ्ट और हथियार भेजे थे, तब इंदिरा ने कहा था कि मुझे जो करना है मैं करूंगी। दूसरी तरफ पीएम मोदी हैं जो जरा सा दबाव पड़ते ही सरेंडर हो जाते हैं। राहुल गांधी ने बेबाक अंदाज में यह भी कह डाला कि वह अब इन भाजपा-आरएसएस के लोगों को अच्छी तरह से जान गए हैं। उन्हें थोड़ा धक्का दो और वह डर के मारे भाग जाएंगे। आखिर ट्रम्प चाहते क्या हैं, यह सवाल तो बनता ही है, क्योंकि मंगलवार को ही बयान में उन्होंने यह कह डाला कि एक दिन मोदी उनके पास आए थे, उन्होंने मुझसे कहा सर! क्या मैं आपसे मिल सकता हूं, मैंने कहा हां। हालांकि उन्होंने यह तो नहीं बताया कि यह बातचीत कब हुई, लेकिन जो अंदाज ट्रम्प का कहने का है वह बिल्कुल भी मर्यादित नहीं है। खासतौर से आबादी के हिसाब से दुनिया के सबसे बड़े लो. कतंत्र के प्रधानमंत्री के साथ। सब सरकारों की कूटनीति का तरीका अलग होता है, जिस तरह सरकार ट्रम्प की बातों पर चुप्पी साधे है, यह उसकी रणनीति हो, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि जो संकेत जा रहा है वह ठीक नहीं है।

## बांग्लादेश सरकार गंभीर नजर नहीं आती



बंगलादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर वहां की सरकार गंभीर नजर नहीं आती है, किसी भी देश की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता, प्रशासन की नाकामी या वैचारिक बदलाव किसी भी समुदाय पर हिंसा और उत्पीड़न को सही नहीं ठहरा सकते, यह चिंताजनक है कि किसी अन्य देश की आंतरिक अव्यवस्था का खामियाजा भारतीयों और विशेषकर हिंदुओं को भुगतना पड़ रहा है, मानवाधिकारों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को कभी भी राजनीतिक अराजकता की बलि नहीं चढ़ाया जा सकता, अंतर्राष्ट्रीय मानकों और मानवीय मूल्यों को देखते हुए बंगलादेश सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास करे।

**-रॉबर्ट वाड्रा, भारतीय उद्योगपति**

# इंडिगो प्रकरण में नियामक सुस्ती बनी गलत मिसाल



**रजनीश कपूर**




साल 2025 नागरिक उड्डयन की दृष्टि से सबसे बुरा साल बीता। एयर इंडिया का दर्दनाक हादसा हो या इंडिगो का एफडीटीएल संकट, दोनों ने ही भारत का नाम दुनिया के सिविल एविएशन सेक्टर में बदनाम किया है। वहीं सरकार और नियामक (डीजीसीए व नागर विमानन मंत्रालय) की देरी, आधे-अधूरे कदम और चेतावनियों तक सिमटी कार्रवाई ने हालिया एफडीटीएल प्रकरण के बाद इंडिगो को बेवजह समय, स्पेस और नैरेटिव तीनों में फायदा पहुंचाया है। सरकार का यही ढीलापन पिछले मामलों में भी दिखा, जिसने निजी एयरलाइंस को यह संदेश दिया कि यदि आपके 'संपर्क' सही हैं तो बड़े अपराधों पर भी अंततः 'नोटिस और चेता. वनी' से काम चल सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा नए एफडीटीएल नियमों की प्रभावी तारीख काफी पहले से तय और सार्वजनिक थी, फिर भी न तो इंडिगो ने पर्याप्त पायलट और स्टाफिंग तैयार की और न ही डीजीसीए ने समय से सख्त अनुपालन की मॉनिटरिंग की। परिणाम यह हुआ कि नवंबर. दिसंबर में हजारों फ्लाइट्स प्रभावित हुईं, पर नियामक की शुरुआती भूमिका दिखावटी ऑडिट, 'विशेष निरीक्षण' और ऑपरेशनल रियायतों तक सीमित रही, न कि कठोर दंडात्मक कार्रवाई तक। इस देरी ने इंडिगो को दो स्पष्ट लाभ दिए, संकट के दौरान पब्लिक आक्रोश ठंडा पड़ने तक कोई बड़ी पेनल्टी या उड़ान-सीमिती नहीं लगी, जिससे कंपनी को रिकवरी का वक्त मिला। डीजीसीए द्वारा 'रिकवरी रोडमैप', 'विशेष ऑडिट' और भविष्य की निगरानी जैसी भाषा ने यह संकेत दिया कि मामला बातचीत और सुधार योजनाओं से सुलझ जाएगा, न कि लाइसेंस या स्लॉट पर त्वरित प्रहार से। एफडीटीएल नियमों के मसौदे के समय से ही विशेषज्ञों और पायलट प्रति. निधियों ने आगाह किया था कि अगर एयरलाइंस ने समय पर भर्ती व रोस्टर सुधार नहीं किए, तो पायलट थकान और ऑपरेशनल कोलैप्स का जोखिम बढ़ेगा। डीजीसीए की जिम्मेदारी सिर्फ नियम बनाना नहीं, बल्कि समयबद्ध ट्रांजिशन सुनिश्चित करना भी थी, खासकर उस एयरलाइन पर जो घरेलू बाजार की सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखती है और जिसके फेल होने से पूरा सिस्टम झटके में आ सकता है। इसके बावजूद, डीजीसीए ने इंडिगो की विंटर शेड्यूल मंजूर करते समय एफडीटीएल कंप्लायंस की रियलिस्टिक क्षमता पर कठोर स्ट्रेस टेस्ट नहीं किया।नवंबर से ही बढ़ती देरी, कैंसिलेशन और 'फैक्चर्ड रोस्टर' की शिकायतों के बावजूद समय रहते दंडात्मक हस्तक्षेप नहीं हुआ। चेतावनियां और अपीलें ज्यादा दिखीं, प्रतिबंध कम। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ। नोटिस, चेतावनी, 'कड़ी निगरानी में लिया गया है' जैसे वाक्य, दोषी प्रबंधन पर त्वरित नजीर-स्थापित करने वाला प्रहार नहीं। जब सिस्टम बार-बार इसी पैटर्न पर चलता है, तो यह एक खघ्तरनाक मिसाल बन जाता है। यानी नियम तोड़ो, संकट खड़ा करो, फिर बातचीत और लॉबिंग से मामला नरम करवा लो। वहीं दूसरी ओर दिलचस्प और चिंताजनक तथ्य यह है कि डीजीसीए व मंत्रालय छोटी या अपेक्षाकृत सीमित प्रभाव वाले उल्लंघनों पर तुरंत और बड़ी सखघ्ती दिखाने में पीछे नहीं रहते। एयर इंडिया पर सिर्फ एक फर्स्ट ऑफिसर की 'रेसेन्सी' न होने के बावजूद फ्लाइट ऑपरेट करने के मामले में 30 लाख रूपए का जुर्माना और रोस्टरिंग अधिकारियों पर सखघ्त अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया गया। एयर इंडिया व्हीलचेयर सेवा में चूक और लो-विजिबिलिटी ट्रेनिंग की कमी जैसे मामलों में भी 30-30 लाख के जुर्माने झेल चुकी है, साथ ही पायलट सस्पेंशन और अन्य कार्रवाइयां भी हुई। बोइंग के विमान पर बिना अनुमति विशिष्ट बाहरी लिवरी पेंट करने जैसे अपेक्षाकृत 'टेक्निकल' उल्लंघन पर भी एयर इंडिया पर 30 लाख का दंड लगाया गया। इतना ही नहीं संसद में इसे सख्त एन्फोर्समेंट का उदाहरण बता कर पेश भी किया गया। वहीं इसके उलट, इंडिगो के एफडीटीएल संकट जैसा गंभीर मामला, जिसमें पूरे नेटवर्क में हजारों यात्रियों की यात्रा, समय, स्वास्थ्य और आर्थिक हित प्रभावित हुए, अब तक मुख्यतः ऑडिट, चेतावनी, भविष्य में कड़ी कार्रवाई की धमकी और 'रिकवरी प्लान' तक सीमित दिखता है, न कि तत्काल और उच्च-स्तरीय दंड तक। नागर विमानन मंत्रालय और डीजीसीए दोनों अक्सर डेटा दिखाते हैं कि हर साल सैकड़ों इनफोर्समेंट एक्शन लिए जाते हैं, जिसमें चेतावनी, सस्पेंशन, कैंसिलेशन और आर्थिक दंड शामिल हैं। लेकिन कागजी कार्रवाई और वास्तविक नजीर के बीच एक बड़ा एग्जिक्यूशन गैप है। हाल के वर्षों में 500-600 से अधिक एन्फोर्समेंट एक्शन हर साल दर्ज हुए, पर इनमें बड़ी एयरलाइंस के टॉप मैनेजमेंट पर सीधे प्रहार करने वाले केस बहुत कम हैंय ज्यादातर चेतावनी, मामूली जुर्माना या मिड.लेवल अफसरों पर जिम्मेदारी तक सिमटे दिखते हैं।डीजीसीए ने कई मौकघें पर एयरलाइंस को भविष्य में 'किसी भी उल्लंघन पर सखघ्त कार्रवाई' की चेतावनी दी, लाइसेंस निलंबन तक की धमकी दी, पर बड़े संकटों के बाद वास्तविक लाइसेंस स्तर की कार्रवाई विरले ही देखी गई। इंडिगो संकट में भी, मंत्री स्तर पर ऐसी मिसाल बनाएंगे कि कोई दोबारा हिम्मत न करे जैसे बयान दिए गए, पर जमीनी स्तर पर जो दिखा, वह था, शो कॉज नोटिस, समीक्षा बैठकें, सिस्टम सुधार और आगे की निगरानी। इस अंतर ने संदेश साफ कर दियारू कड़े शब्द, नरम दंड। यदि भारतीय एविएशन में नियम सिर्फ पायलट की नींद और कानून की किताब में लिखे घंटों तक सीमित नहीं, बल्कि यात्री के अधिकार, सार्वजनिक सुरक्षा और बाजार अनुशासन से जुड़े हैं, तो फिर चुनिंदा सख्ती से आगे जाना ही होगा।डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्रालय को बड़े 'ऑपरेशनल फियास्को', जैसे एफडीटीएल संकट, व्यापक क्रू थकान या जानबूझकर की गई शेड्यूलिंग हेरफेर पर सीधे टॉप मैनेजमेंट और बोर्ड स्तर तक दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए, जिसमें भारी आर्थिक जुर्माना, स्लॉट कटौती और नए रूट अनुमोदनों पर अस्थाई रोक शामिल हो।चेतावनी और नोटिस को केवल प्रारंभिक कारवाही ही बनाया जाए। एक बार सिस्टमिक गलती सिद्ध हो जाए, तो 'ग्रेजुएटेड पेनल्टी' के तहत स्वचालित और समयबद्ध दंड लागू हो, ताकि न तो राजनीतिक इच्छा पर निर्भरता रहे और न ही लॉबिंग के लिए मौका बचे। मंत्रालय को भी अपने भीतर जवाबदेही तय करनी होगी। जब एक साल पहले से ज्ञात नियम लागू होते समय ध्वस्त हो जाते हैं, तो सिर्फ एयरलाइन नहीं, उस नियम-निर्माण और निगरानी ढांचे पर भी कार्रवाई हो। इंडिगो संकट और एफडीटीएल विवाद ने दिखा दिया कि नियामक और सरकार की सुस्ती सिर्फ एक निजी एयरलाइन की मदद नहीं करती, वह पूरी इंडस्ट्री को गलत संकेत देती है, कि बड़ा खिलाड़ी बन जाओ, फिर बड़े अपराध भी मैनेज हो सकते हैं। अगर यह पैटर्न नहीं टूटा, तो अगली दुर्घटना या संकट के समय केवल पायलट, क्रू और यात्रियों को दोषी ठहराना न केवल अन्याय होगा, बल्कि सच से भी भागना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस एक्सरसाइज से मिलेगी हाथ-पांव को राहत

**हाथों से पैर के तलवों पर रोजाना ताली बजाने से पैरों की नसें खुलती हैं और ब्लड फ्लो में सुधार होता है। बता दें कि पैरों में कई ऐसे एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं, जो शरीर के कई अंगों से जुड़े होते हैं। हाथों से पैर के तलवों पर ताली बजाने से यह एक्यूप्रेशर पॉइंट्स एक्टिव होते हैं। जिससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहता है। रोजाना इस एक्सरसाइज का अभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को फायदा मिलता है। इससे दिमाग शांत रहता है और शरीर को आराम मिलता है। ताली बजाने से शरीर में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन नामक हार्मोन रिलीज होते हैं। जो हमारे मूड को सही रखने में मदद करते हैं।**

आज के समय में हेल्थ और फिटनेस को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। ऐसे में लोग फिट और हेल्दी रहने के लिए रोजाना एक्सरसाइज और योग आदि करते हैं। ऐसे में अगर आप भी लंबे समय तक फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं, तो खान-पान में पोषक तत्व और रोजाना एक्सरसाइज के साथ कुछ देर ताली जरूर बजाएं। भले ही आपको यह सुनने में थोड़ा अजीब लग रहा हो, लेकिन ताली बजाकर आप खुद को कई बीमारियों से दूर रख सकते हैं। इससे न सिर्फ आपका शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो हाथों से पैरों पर ताली बजाने से गॉल ब्लैडर, किडनी, लिवर, हार्ट, आंख, ब्रेन, पैंक्रियास जैसे आंतरिक अंगों और पूरे शरीर का ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है और शरीर में एनर्जी बनी रहती है। इस एक्सरसाइज को करने से शरीर के हर अंग को पोषण मिलता है और आप सेहतमंद बने रहते हैं। साथ ही इससे डायबिटीज और ब्लड प्रेशर को अच्छे से कंट्रोल किया जा सकता है और दिल और किडनी संबंधित बीमारियों का खतरा भी कम होता है।

**ब्लड सर्कुलेशन में होगा सुधार**

हाथों से पैर के तलवों पर रोजाना ताली बजाने से पैरों की नसें खुलती हैं और ब्लड फ्लो में सुधार होता है।

**एक्टिव होते हैं एक्यूप्रेशर पॉइंट्स**

बता दें कि पैरों में कई ऐसे एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं, जो शरीर के कई अंगों से जुड़े होते हैं। हाथों से पैर के तलवों पर ताली बजाने से यह एक्यूप्रेशर पॉइंट्स एक्टिव होते हैं। जिससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

**रिलैक्स होंगे आप**

रोजाना इस एक्सरसाइज का अभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को फायदा मिलता है। इससे दिमाग शांत रहता है और शरीर को आराम मिलता है।

**कम होगा तनाव**

ताली बजाने से शरीर में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन नामक हार्मोन रिलीज होते हैं। जो हमारे मूड को सही रखने में मदद करते हैं। साथ ही इस एक्सरसाइज को रोजाना करने से एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी समस्या से निपटने में मदद मिलती है और मन में निगेटिव विचार नहीं आते हैं। यह एक्सरसाइज करने से ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है।



**पैरों दर्द से राहत**

इस एक्सरसाइज को करने से पैर की मसल्स का तनाव दूर होता है। जिससे पैर दर्द से राहत मिलती है।

**इम्यूनिटी होती है मजबूत**

अगर आप भी अपनी इम्यूनिटी को बूस्ट करना चाहते हैं, तो आपको रोजाना इस तरह से ताली बजाना चाहि। इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और शरीर के सभी अंग तेजी से काम करने लगते हैं।

**बढ़ने लगती है याद्दाश्त**

बता दें कि भूलने की आदत से परेशान रहने वाले व्यक्ति को रोजाना ताली बजानी चाहिए। इससे याददाश्त अच्छी होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हाथ की नसों का संबंध ब्रेन से होता है।

**ताली बजाने की विधि**

इसके लिए सबसे पहले पीठ को सीधा करके बैठ जाएं।
फिर वज्रासन अवस्था में बैठें।
अब दाएं पैर को बाएं पैर के ऊपर रखकर बैठ जाएं।
फिर दोनों हाथों से तलवे पर टैप करें।
इस प्रक्रिया को रोजाना 10 मिनट करें।

**...साभार**

# वर्चुअल दुनिया में पनप रहे झूठे रिश्ते

सोशल मीडिया, मोबाइल एवं संचार-क्रांति से दुनिया तो सिमटती जा रही लेकिन रिश्तों में फासले बढ़ते जा रहे हैं। भौतिक परिवर्तनों, प्रगति के आधुनिक संसाधनों एवं तथाकथित नए जीवन का क्रांतिकारी दौर हावी हैं। लेकिन हम सामा. जिक-पारिवारिक-सांस्कृतिक प्रभावों के प्रति उतने सजग नहीं है जितना बदलावों की आंधी के दौर में होना चाहिए। मोबाइल ने छीन रखा है सबका सुकून, जीवन का आनन्द एवं शांत एवं संतुलित जीवन का स्रोत। व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ने चला रखा है अजीब जादू? हाथ मैं मोबाइल, सामने लगा रहे टीवी- बस यहीं बन चुकी है सबकी जिन्दगी। आज किसी भी घर के वातायन में झांककर देख लें-दुःख, चिन्ता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, उन्मुक्तता, पक्षपात, विरोध, विद्रोह एवं रुखापन के साए चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी पराएपन का अहसास पसरा हुआ। बड़ी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, खुद पर तरस खाओ, रिश्तों को सम्भालों वरना अकेले रह जाओगे, जिन्दगी भर पछताओगे। ऐसे ही एक अभिभावक के लिए पछतावे की स्थिति तब बनी जब उन्होंने अपनी किशोरी को स्मार्ट फोन दिलाया। पिता ने सोचा था कि मोबाइल से पढ़ाई में सहायता होगी। जब उन्होंने देखा कि बेटी पढ़ाई के बजाय अक्सर किसी अजनबी युवक से बात करती है तो टोका। यह बात किशोरी को इतनी नागवार गुजरी कि वह शिकायत लेकर बुधवार को थाने पहुंच गई। माता-पिता की डांट फटकार से नाराज कोई बच्चा यदि थाने पहुंचता है तो इसे बाल अधिकारों के प्रति उसकी जागरूकता से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन लखनऊ की यह किशोरी जिस शिकायत का लेकर थाने पहुंच गई वह अनेक चिंताजनक सवाल खड़े करता है एवं नए बनते सामाजिक सोच की परते उधेड़ता है। बालिका का तर्क है कि माता-पिता मेरी जिंदगी में क्यों दखल दे रहे हैं।

हमारे अनुभव हमारी सोच को गहरे प्रभावित करते हैं। हमारे मूल्य और आदर्श भी इससे प्रभावित होते हैं। नित नए अनुभव हमारे नजरिए में बदलाव करते रहते हैं। अगर निरपेक्ष होकर देखें तो पाएंगे कि कुछ सालों पहले आप जैसे थे, आपकी पारिवारिक दुनिया जितनी खुशनुमा थी, आज उतनी नहीं है। हम अपने स्व को भूल रहे हैं, अपनी संस्कृति एवं पारिवारिक संरचना से दूर होते जा रहे हैं। अपने सिद्धांतों और आदर्शों से समझौता करने लगे हैं। अजीब हालात है कि दूसरों की खबर लेने का वक्त है पर अपनों की होश नहीं। दुनियाभर के दोस्तों से दुआ सलाम सब हो रहा, लेकिन अपने से दूरियां बढ़ती जा रही है। अपनों को पराया और पराया को अपना कर रहे देखिए किस तरह सब हो रहे। साथ होकर भी साथ नहीं, अपनों के लिए वक्त नहीं। तनहा हो गए सब एक ही घर में। साथ अपना होकर भी बाहर सब साथी ढूंढ रहे हैं। न सीमाएं है, न संस्कार, न मर्यादा। उच्छृंखलता एवं उन्मुक्तता इस कदर हावी है कि माता-पिता का किसी गलत बात पर डांटना भी बच्चों के लिए अपराध जैसा हो गया है, तभी इसकी शिकायत यानी अपने माता-पिता को ही पुलिस थाने पहुंचा दिया गया और वह भी एक बालिका के द्वारा।

प्रश्न है कि किशोर-किशोरियां में अपने माता-पिता के प्रति इस तरह के भाव-विचार-विद्रोह क्यों पैदा हो रहे हैं। बच्चों व अभिभावकों के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही है? जवाब हर परिस्थिति में अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन समग्रता का सार यह है कि किसी बच्चे के सकारात्मक विकास के लिए परिवार, पड़ोस और विद्यालय से जो संस्कार मिलने चाहिए, वे नहीं मिल रहे हैं। बल्कि अपसंस्कृति एवं विकारों के प्रति चेतना का भी ह्रास हो रहा है। वास्तव में आज मोबाइल फोन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इसके उपयोग को लेकर हमें बच्चों को सतर्क करना होगा। बच्चों को फोन दिलाना यदि जरूरत है तो इसके अच्छे-बुरे का संस्कार देना कर्तव्य। वह जिम्मेदारी परिवार, पड़ोस और विद्यालय की सामूहिक है।

माता-पिता इनदिनों सोशल मीडिया पर बह रही रिश्तों की अंधी दुनिया से ज्यादा चिन्तीत एवं परेशान है। क्योंकि वहां पर दिखने वाले खुशनुमा चेहरे वास्तविक जिंदगी में शायद ही उतने खुशनुमा होते हैं। लेकिन किशोर पीढ़ी तस्वीरों को ही सच मानकर खुद को उनमें संलिप्त कर लेती हैं। यह सम्पूर्ण पीढ़ी सच का सामना ही नहीं करना चाहती। दरअसल, सोशल मीडिया की दृष्टि से जब किशोर बड़े हो रहे होते हैं तो उन्हें झूठ से भरी चीजों पर यकीन करना सिखाया जाता है, अपने संस्कृति, अपनी परम्परा एवं अपनी जीवनशैली से एक षडयंत्र के तहत दूर करने की इन कुचेष्ठाओं के प्रति सचेत करना नितान्त अपेक्षित है, भले ही कोई किशोरी पुलिस का डर दिखाए। सोशल मीडिया किशोर पीढ़ी को यह सोचने पर मजबूर करता है कि उनके पास विकल्प नहीं हैं और उन्हें उनके साथ हो रही सभी चीजों को स्वीकार करके उनसे तालमेल बिठा लेना चाहिए। लेकिन, हर चीज इसी तरह से काम नहीं करती। हमारे आसपास कोई भी चीज आदर्श नहीं है और ना ही सोशल मीडिया का तिलिस्मी संस्कार। एक तरह से सोशल मीडिया एक नशा है, एक अभिशाप है, जिसने जीवन के सौन्दर्य को खंडित किया है। जीवन में चमकपूर्ण उदासी एवं तनाव को बिखेरा है। इसके कारण कभी लोग छूट जाते हैं तो कभी वस्तुएं। खुद को संभाले रखना जटिल होता जा रहा है। समझ नहीं आता, करें तो क्या? पिछले एक दशक में सोशल नेटवर्किंग साइट्स एवं स्मार्ट फोन की लोकप्रियता जबरदस्त बढ़ रही हैं तो जिन्दगी में जहर भी घोल रही है, दुनिया छोटी होती गई है और पारिवारिक रिश्तों में दूरियां बढ़ती गई है। लोग अपने जिंदगी के हर पहलू पर अपने लोगों की नहीं पराए लोगों की राय, उनकी पसंद और उनकी रूचि जानना चाहते हैं। वीडियो, संदेश, पिक्चर्स, रिकार्डेड आवाज के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोग आपस में जुड़े हैं। परंतु क्या इस बात से आप भी सहमत हैं कि इस जुड़ाव में न तो विश्वास है, न अपनापन है, न आत्मीयता है और न ही असली रूचि, न ही रिश्तों की गर्माहट, बल्कि भौतिक चकाचौंध, प्रतिस्पर्धा और जलन अधिक है? शुरुआत में नई उम्र के लोग सोशल मीडिया से जुड़े और धीरे-धीरे बड़ी उम्र के लोग भी इससे जुड़ते गए, अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में जुड़ चुकी है। मजाक में कहा जाता है कि पूरे परिवार को एक साथ बातचीत के लिए इकट्ठा करना हो तो वाई फाई थोड़ी देर के लिए बंद कर दो।



सोशल मीडिया एवं स्मार्ट फोन एक ऐसी दुनिया से लोगों को जोड़ रहा है जो नजर से बहुत दूर हैं और उन अपनों से भी दूर कर रहा है जो नजर के सामने हैं। रिश्तों की हो या फिर चीजों की पोटली, इसमें ज्यादातर गैरजरूरी चीजें ही भरने का प्रचलन चल रहा है। अपनी जरूरतों का सामान जोड़ना और उन्हें अपने साथ रखना जरूरी है, पर कुछ भी लिए रहना या किसी भी तरह के रिश्तों को ढोते रहना हमें थका देता है, परेशानी एवं संकट में डाल देता है। जरूरी कामों को किनारे कर कई बार जिंदगी को मुश्किल बना देता है। जबकि आत्मीय एवं पारिवारिक रिश्तों के बल पर हम अंधेरों में भी रोशनी ढूंढ़ लेने में समर्थ होते रहे हैं। बाधाओं के बीच विवेक जगा लेते थे, ऐसे घरों एवं दायरों में कहीं घर में मंदिर बनता रहा है तो कहीं घर ही मन्दिर बन जाता था।

जहां समस्याओं की भीड़ नहीं, वैचारिक वैमनस्य का होलाहल नहीं, संस्कारों के विघटन का प्रदूषण नहीं, तनावों के त्रासदी की घुटन नहीं। लेकिन अब ऐसा नहीं हो पा रहा है, जिन्दगी स्वयं एक समस्या बन गई है, टूटते-बिखरते रिश्तों के बीच मूल्य भी टूट रहे हैं, संस्कृति भी कराह रही है। अपनी ही नजरों में हीन करने की यह चेष्टा है, यह भ्रम एवं दिखावे की दुनिया है, यह बाजारवाद है। कई बार संबंधों को ठीक करना भी हमारे वश में नहीं होता। ऐसे में आपको दुखी होने के बजाय स्थिति को स्वीकार कर लेना आपकी मजबूरी होती है।

**...साभार**



अनंतनाग। बिजबेहरा स्थित दारा शिकार पार्क में अपने पिता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की पुण्यतिथि पर उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करती पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती।

## भारत जैव-बिटुमेन का व्यावसायिक उत्पादन करने वाला दुनिया का पहला देश बनाः गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत जैव-बिटुमेन का व्यावसायिक उत्पादन करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। गडकरी ने बुधवार को यहां वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समारोह 'फ्रॉम फार्म रेजड्यू टू रोड: पायरोलिसिस के माध्यम से बायो-बिटुमेन' को संबोधित करते हुए इस उपलब्धि को भारत के सड़क बुनियादी ढांचे के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया।

## थाइलैंड के साथ शांति बहाली के लिए कंबोडिया प्रतिबद्धः हून सेन

**फ्नोम पेन्ह।** कंबोडिया की सत्ता पर काबिज कंबोडियन पीपल्स पार्टी (सीपीपी) के अध्यक्ष सैमडेक टेको हून सेन ने बुधवार को कहा कि उनका देश थाईलैंड के साथ संघर्षविराम लागू करने और दोनों देशों के बीच शांति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। हून सेन ने कहा कि कंबोडिया और थाईलैंड के बीच शांति बहाल होने से पूरे क्षेत्र में अमन, सुरक्षा, स्थिरता और खुशहाली को भी बढ़ावा मिलेगा। हून सेन सत्तारूढ़ दल के अध्यक्ष होने के साथ-साथ कंबोडिया की सीनेट के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण समाधान हासिल करने में भागीदारी निभाने और सक्रिय सहायता देने के लिए कंबोडिया सभी मैत्री देशों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रति गहरा आभार व्यक्त करता है।

# अब वेनेजुएला के गृहमंत्री ट्रम्प के निशाने पर

## कहाः काबेलो अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज से मिलकर वाशिंगटन की शर्तें मानें और शांति बनाए रखें

**वाशिंगटन।** मादुरो को सत्ता से हटाने के बाद ट्रम्प के निशाने पर वेनेजुएला के गृह मंत्री और सुरक्षा प्रमुख डियोसदादो काबेलो आ गए हैं। अमेरिका चाहता है कि काबेलो अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज के साथ मिलकर वाशिंगटन की शर्तें मानें और देश में शांति बनाए रखें। अगर काबेलो ने सहयोग नहीं किया, तो अमेरिका उनके खिलाफ भी कार्रवाई कर सकता है।

अमेरिका ने बिचौलियों के जरिए काबेलो को चेताया है कि अगर उन्होंने विरोध किया, तो उनका हश्र भी मादुरो जैसा हो सकता है। जिन्हें हाल ही में अमेरिका ने गिरफ्तार कर न्यूयार्क ले जाकर मुकदमा शुरू किया है। हालांकि, अमेरिका फिलहाल काबेलो को तुरंत हटाना नहीं चाहता, क्योंकि ऐसा करने से सरकार समर्थक गुट सड़कों पर उतर सकते हैं और हालात बिगड़ सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका एक तरफ काबेलो (बाएं) से सहयोग कराने की कोशिश कर रहा है, तो दूसरी तरफ भविष्य में उन्हें सत्ता से हटाकर देश से बाहर भेजने के विकल्प भी तलाश रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन को विपक्ष पर भरोसा नहीं है। उसे लगता है कि विपक्ष इस समय शांति नहीं रख पाएगा। अमेरिका चाहता है कि हालात काबू में रहें ताकि उसकी तेल कंपनियों को वेनेजुएला में काम करने का मौका मिले और अमेरिकी सेना भेजने की जरूरत न पड़े। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी नेता मारिया मचाडो को देश की सत्ता सौंपने की खबरें थी।

■ अगर काबेलो ने सहयोग नहीं किया, तो अमेरिका उनके खिलाफ भी कार्रवाई कर सकता है



हालांकि ट्रम्प प्रशासन ने इसे नकारते हुए उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को ही वेनेजुएला की सत्ता सौंपने का समर्थन किया। फिलहाल अमेरिका डेल्सी रोड्रिग्ज को मादुरो के बाद सबसे अहम चेहरा माना जा रहा है। अमेरिका की डेल्सी से मांग है कि तेल सेक्टर खोला जाए, ड्रग तस्करी रोकी जाए, क्यूबा के सुरक्षा कर्मी हटें और ईरान से रिश्ते तोड़े जाएं। डेल्सी रोड्रिग्ज ने 5 जनवरी को नेशनल असेंबली की बैठक के दौरान वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। डियोसदादो काबेलो वेनेजुएला की सत्ता व्यवस्था का ऐसा नाम हैं, जिनकी ताकत और भूमिका को देश के भीतर और बाहर दोनों जगह गंभीरता से लिया जाता है। रायटर्स के मुताबिक, काबेलो पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज के करीबी रहे हैं और मादुरो शासन में उन्हें सत्ता का सबसे सख्त चेहरा माना गया। फिलहाल वे देश के गृह मंत्री हैं और आंतरिक सुरक्षा, पुलिस और खुफिया एजेंसियों पर उनकी मजबूत पकड़ है।

# ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सेना भेजेंगे ट्रम्प!

## व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने इसे अमेरिकी सुरक्षा के लिए अहम बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रशासन ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने इसे अमेरिकी सुरक्षा के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम इसे साकार करने के कई तरीके तलाश रही है, जिनमें सैन्य बल का इस्तेमाल भी शामिल है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कई बार ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कह चुके हैं। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड बहुत जरूरी है। वहां पर रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी चिंता की बात है।

उन्होंने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है। यहां पर डेनमार्क के करीब 200 सैनिक तैनात हैं। व्हाइट हाउस ने भले ही ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सेना का इस्तेमाल पर विचार करने की बात कही है, हालांकि अमेरिकी विदेश मंत्री की सोच इससे अलग है। रायटर्स के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बताया कि प्रशासन का इरादा ग्रीनलैंड पर हमला करने का नहीं है, बल्कि डेनमार्क से इसे खरीदने का है। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने रायटर्स से कहा कि विकल्पों में सीधे खरीद या ग्रीनलैंड के साथ विशेष समझौता शामिल है और अमेरिका ग्रीनलैंड के लोगों के साथ फायदेमंद रिश्ते बनाना चाहता है। वहीं, ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार स्टीफन मिलर ने सीएनएन को दिए इंटरव्यू में कहा कि अमेरिकी सरकार चाहती है कि ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा हो। साथ ही भविष्य में कोई भी देश ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका से नहीं उलझे। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प की इच्छा को मजाक समझा गया था। सीएनएन के मुताबिक, ग्रीनलैंड पर कंट्रोल की बात को राष्ट्रपति की बेफिजूल बकवास माना गया था। पिछले साल, डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ग्रीनलैंड की औपचारिक यात्रा की थी। इस समय भी अमेरिका की ट्रोलिंग की गई थी। यूरोपीय नेताओं ने कहा कि अब वे ट्रम्प की धमकियों को गंभीरता से ले रहे हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति को अगवा करने के बाद ट्रम्प सरकार अब पूरे वेस्टर्न हेमिसफेयर को ट्रम्प का इलाका मानने लगी है। ट्रम्प प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर ने सोमवार को सीएनएन पर कहा कि अमेरिका अब ताकत से चलने वाली नियमों का पालन कर रहा है। ग्रीनलैंड की अपनी कोई सेना नहीं है। उसकी रक्षा और विदेश नीति की जिम्मेदारी डेनमार्क की है। यह डेनमार्क का एक स्वायत्त क्षेत्र है। यहां का अबादी महज 57 हजार है। 2009 के बाद, ग्रीनलैंड सरकार को तटीय सुरक्षा और कुछ विदेशी मामलों में छूट मिली है, लेकिन रक्षा और विदेश नीति के मुख्य मामले अभी भी डेनमार्क के पास हैं। अमेरिकी सैनिक-अमेरिका का पिटुफिक स्पेस बेस (थुले एयर बेस)। ग्रीनलैंड के उत्तर-पश्चिम में स्थित यह बेस अमेरिका चलाता है। यह बेस मिसाइल चेतावनी सिस्टम और स्पेस मानिटरिंग के लिए इस्तेमाल होता है। एनवाइट के मुताबिक यहां करीब 150 से 200 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। ये मिसाइल चेतावनी, स्पेस निगरानी और आर्कटिक सुरक्षा के लिए हैं। यह अमेरिका का सबसे उत्तरी सैन्य अड्डा है। डेनिश सैनिक- डेनमार्क की जाइंट आर्कटिक कमांड ग्रीनलैंड में काम करती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यहां कुल करीब 150 से 200 डेनिश सैन्य और सिविलियन कर्मी हैं। जो निगरानी, सर्च एंड रेस्क्यू, और संप्रभुता की रक्षा करते हैं। इसमें प्रसिद्ध सीरियस डाग स्लेज पेट्रोल (एक छोटी एलीट यूनिट, करीब 12-14 लोग) भी शामिल है, जो कुत्तों की स्लेज से लंबी गश्त करती है।



■ ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है

## कोलंबिया के राष्ट्रपति की ट्रम्प को धमकी

**बोगोटा।** वेनेजुएला में अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के बाद वाशिंगटन और लैटिन अमेरिका के देशों के रिश्तों में भारी तनाव पैदा हो गया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो खुलकर अमेरिका के खिलाफ आ गए हैं। पेट्रो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधी चुनौती देते हुए कहा है कि अगर हिम्मत है तो उन्हें गिरफ्तार करके दिखाएं। उन्होंने कहा कि वह कोलंबिया में ही मौजूद हैं और अमेरिका का इंतजार कर रहे हैं। पेट्रो के इस बयान ने पूरे लैटिन अमेरिका में सियासी हलचल तेज कर दी है। उन्होंने यह बयान वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने के बाद दिया। गौरतलब है कि मादुरो भी अगस्त 2025 में डोनाल्ड ट्रम्प को इसी तरह की चुनौती दे चुके हैं। मादुरो ने कहा था कि अगर हिम्मत है तो अमेरिका आकर उन्हें गिरफ्तार करे। इसके जवाब में अमेरिका ने मादुरो की गिरफ्तारी पर घोषित इनाम की राशि और बढ़ा दी थी। पेट्रो ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने कोलंबिया या उसके आसपास के इलाकों में सैन्य हमला किया तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। पेट्रो के मुताबिक, अमेरिकी बमबारी की स्थिति में गांवों में रहने वाले किसान हथियार उठा सकते हैं।

■ कहाः हिम्मत है, तो मुझे पकड़कर दिखाओ, वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने भी ऐसी धमकी दी थी

## नरम पड़ा मेक्सिको कहाः अमेरिका से बातचीत को तैयार

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा है कि मेक्सिको के अपने सिद्धांत हैं, जिन पर वह चलता है लेकिन वह हमेशा अमेरिका के साथ अपने मसले सुलझाने के लिए बातचीत का पक्षधर है। सुशिनबाम की यह प्रतिक्रिया अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस हालिया सुझाव के बाद आई है, जिसमें उन्होंने नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने में मदद के लिए अमेरिकी सैनिकों को भेजने की बात कही थी। उन्होंने देश में किसी भी तरह के विदेशी हस्तक्षेप को मंगलवार को सिरे से खारिज कर दिया। अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान सुशिनबाम ने मादक पदार्थों की तस्करी से प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए साझा जिम्मेदारी और राष्ट्रीय संप्रभुता के प्रति अटूट सम्मान के ढांचे के भीतर बातचीत और द्विपक्षीय सहयोग की वकालत की। मेक्सिको प्रमुख के अनुसार वह वाशिगटन के साथ आपसी बातचीत के रास्ते बंद किए बिना एक दृढ़ और सैद्धांतिक रुख बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी अन्य चीज से ऊपर बातचीत को प्राथमिकता देती हैं और हमेशा अमेरिकी सरकार के साथ वार्ता की पक्षधर हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक साथ काम करने का उचित तरीका यही है कि राजनयिक माध्यमों को मजबूत किया जाए।

# मोदी और नेतन्याहू ने गाजा शांति योजना पर बात की



■ हमने आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों और गाजा शांति योजना पर चर्चा की। बातचीत के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुझे अपने मित्र, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके और उन्हें तथा इजराइल के लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर प्रसन्नता हुई। हमने आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

हमने क्षेत्रीय स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और आतंकवाद के खिलाफ और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने के अपने साझा संकल्प की एक बार फिर पुष्टि की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि नेतन्याहू ने मोदी के साथ बातचीत के लिए टेलीफोन किया था। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने गर्मजोशी के साथ नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया और दोनों देशों के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, गहरे आपसी विश्वास और दूरदर्शी दृष्टिकोण के मार्गदर्शन में आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के लिए साझा प्राथमिकताओं की पहचान की।

उन्होंने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को दोहराया और इस खतरे के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने मोदी को गाजा शांति योजना के कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। मोदी ने क्षेत्र में न्यायपूर्ण और स्थाई शांति की दिशा में प्रयासों के लिए भारत के निरंतर समर्थन की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

## दक्षिण-पश्चिम यमन में सऊदी हवाई हमलों में 20 लोग मारे गए

**काहिरा।** दक्षिण-पश्चिम यमन के अद-दाली प्रांत पर शासन कर रहे 'दक्षिणी परिवर्ती परिषद' (अल-मजलिस अल-इंतकाली अल-जुनूबी) की सेनाओं के खिलाफ सऊदी नेतृत्व वाले अरब गठबंधन के हमलों में 20 लोग मारे गए हैं। प्रांतीय सरकार के एक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि गठबंधन के विमानों ने अद-दाली प्रांत के जुबैद, अल-जंद और जहाफ इलाकों में सैन्य उपकरणों पर लगभग 12 हवाई हमले किए। ए उपकरण अस्थाई राजधानी अदन से तस्करी करके लाए गए हथियारों और गोला-बारूद से भरे ट्रकों में ले जाए जा रहे थे। हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित 20 लोग मारे गए।

## भारत ने वेनेजुएला की स्थिति पर जताई चिंता

**लक्जमबर्ग।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वेनेजुएला के हालिया घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत का मुख्य ध्यान वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है। उन्होंने सभी पक्षों और संबंधित हितधारकों से संवाद का रास्ता अपनाने तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए शांतिपूर्ण समाधान खोजने का आह्वान किया।

लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री जेवियर बेटटेल के साथ बातचीत में जयशंकर ने वेनेजुएला के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि वह वेनेजुएला के घटनाक्रम को लेकर वास्तव में चिंतित हैं और वह इसमें शामिल सभी पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे एक साथ बैठें और ऐसी स्थिति पर पहुंचें जो वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और सुरक्षा के हित में हो। भारत के विदेश मंत्रालय ने भी एक बयान जारी कर वेनेजुएला की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है और बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान की अपील की है। मंत्रालय ने वेनेजुएला के लोगों के प्रति अपना समर्थन दोहराया और संकट के समाधान के लिए शांतिपूर्ण संवाद पर जोर दिया। इसके साथ ही मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों के लिए एक यात्रा परामर्श भी जारी किया है, जिसमें उन्हें वेनेजुएला की गैर-जरूरी यात्रा से बचने और काराकस के भारतीय दूतावास से संपर्क बनाए रखने का सुझाव दिया गया है।

■ विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का किया आह्वान


# ऑपरेशन सिंदूर पर पश्चिमी देशों की दोहरी नीतिः जयशंकर

## विदेश मंत्री ने लक्जमबर्ग में पश्चिमी देशों के दोहरे मानदंडों की कड़ी आलोचना की

**लक्जमबर्ग।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने लेटिन अमेरिका के घटनाक्रम का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पश्चिमी देशों के दोहरे मानदंडों की बुधवार को कड़ी आलोचना की।

डा. जयशंकर ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत में भारत और लक्जमबर्ग के बीच मजबूत साझेदारी पर आधारित संबंधों पर भी जोर दिया। बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने उन देशों पर निशाना साधा जो भारत को क्षेत्रीय तनावों पर उपदेश देते हैं लेकिन अपने ही क्षेत्रों में हो रही हिंसा और जोखिमों को नजरअंदाज करते हैं। उन्होंने कहा कि कभी-कभी लोग कहते हैं, जैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कहा गया। अब अगर आप उनसे पूछें कि सच में आपको चिंता है, तो क्यों न आप अपने ही क्षेत्र को देखें? और खुद से पूछें कि वहां हिंसा का स्तर क्या है, कितने जोखिम उठाए गए हैं और हममें से बाकी लोग आपके कार्यों को लेकर कितने चिंतित हैं। लेकिन यही दुनिया की प्रकृति है। लोग जो कहते हैं, वह हमेशा वही नहीं होता जो वे करते हैं, और हमें इसे उसी भावना के साथ स्वीकार करना पड़ता है। डा. जयशंकर की टिप्पणियों से उन देशों के प्रति उनकी नाराजगी झलकी जो ऐसे संघर्षों पर अनचाही सलाह देते हैं जिन्हें वे ठीक से समझते भी नहीं। उन्होंने कहा कि दूर बैठे देश अक्सर 'बिना जटिलताओं को समझे या अपने रणनीतिक हितों पर विचार किए' बोलते हैं। उन्होंने कहा कि अब दुनिया के बाकी हिस्सों में हो रहे घटनाक्रमों का इस पर कितना असर पड़ता है, यह कहना मुश्किल है। दूर बैठे लोग बातें करेंगे, कभी सोच-समझकर, कभी बिना सोचे, कभी अपने स्वार्थ में, तो कभी लापरवाही से। आज के समय में देश अधिक आत्मकेंद्रित हो रहे हैं और वही करेंगे जिससे उन्हें सीधा लाभ हो। वे आपको मुफ्त की सलाह देते रहेंगे। विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत का रुख इस बात पर निर्भर करता है कि वह किससे निपट रहा है। उन्होंने कहा कि भारत उन देशों के साथ सकारात्मक और रचनात्मक रूप से जुड़ने को तैयार है जो नई दिल्ली के साथ सकारात्मक तरीके से काम करना चाहते हैं, लेकिन जो पाकिस्तान की तरह व्यवहार करते हैं, उनसे अलग ढंग से निपटना पड़ता है।

■ बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने उन देशों पर निशाना साधा जो भारत को क्षेत्रीय तनावों पर उपदेश देते हैं



## कैमरून में सैन्य हमले में 11 अलगाववादी लड़ाके मारे गए

**याउंडे।** कैमरून के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में एक सैन्य हमले में कम से कम 11 अलगाववादी लड़ाके मारे गए है। सुरक्षा सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि यह घटना कल स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 3:00 बजे हुई, जब सैनिकों ने इलाके के नटाबाह क्षेत्र में अलगाववादी लड़ाकों के मोटरसाइकिल काफिले पर हमला किया। सूत्र ने बताया कि अभियान में एक सैनिक घायल हो गया और उसका इलाज चल रहा है। उल्लेखनीय है कि कैमरुन में वर्ष 2017 से सरकारी बल सशस्त्र अलगाववादी ताकतों के साथ संघर्ष कर रहे हैं, जो उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम के अंग्रेजी-भाषी क्षेत्रों को एक नया आजाद देश बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# वेनेजुएला अमेरिका को 30-50 मिलियन बैरल तेल देगाः ट्रम्प

## यह घोषणा अमेरिकी सेना द्वारा तीन जनवरी को 'बड़े पैमाने पर हमले' के कुछ दिनों बाद हुई

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि वेनेजुएला अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल तेल देगा और यह तेल बाजार दरों पर बेचा जाएगा एवं इससे होने वाली कमाई अमेरिकी सरकार के नियंत्रण में रहेगी।

ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वेनेजुएला में अंतरिम सरकार अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल उच्च गुणवत्ता वाला तेल सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि इससे होने वाली कमाई से वेनेजुएला और अमेरिकी दोनों नागरिकों को फायदा होगा। ट्रम्प ने लिखा कि यह तेल बाजार मूल्य पर बेचा जाएगा और पैसा मेरे द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में नियंत्रित किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसका उपयोग वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों के फायदे के लिए किया जाए। उन्होंने ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट को बिना किसी देरी के इस योजना को लागू करने का निर्देश दिया। तेल को जहाजों में भरकर सीधे अमेरिकी बंदरगाहों पर उतारने के लिए भेजा जाएगा। यह घोषणा अमेरिकी सेना द्वारा तीन जनवरी को 'बड़े पैमाने पर हमले' के कुछ दिनों बाद हुई है। हमले में वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर गत शनिवार शाम को न्यूयॉर्क लाया गया था और उन्हें ब्रुकलिन में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर एक नए आरोप पत्र में, जिसे अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने साझा किया है, आरोप लगाया गया है कि मादुरो 'राष्ट्र-प्रायोजित गिरोह' चलाते थे और देश में नशीले पदार्थों की तस्करी को बढ़ावा देते थे। अमरीकी राष्ट्रपति ने सैन्य अभियान के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी तेल कंपनियों द्वारा वेनेजुएला के खराब हो रहे तेल बुनियादी ढांचे में अरबों का निवेश करने की योजनाओं की रूपरेखा बताई। उन्होंने देश के पेट्रोलियम क्षेत्र को मादुरो सरकार के तहत वर्षों के कुप्रबंधन के परिणामस्वरूप 'पूरी तरह से बर्बाद' बताया।




■ इससे तेल से होने वाली कमाई से वेनेजुएला और अमेरिकी दोनों नागरिकों को फायदा होगा

## मेडागास्कर में बारिश से मरने वालों की संख्या 11 पहुंची

**एंटानानारिवो।** मेडागास्कर में पिछले साल नवम्बर के आखिर से हो रही भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है और छह अन्य घायल हो गए हैं। आपदा प्रबंधन एजेंसी की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार राजधानी एंटानानारिवो, सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक है। राष्ट्रीय जोखिम एवं आपदा प्रबंधन कार्यालय ने कहा कि कुल 274 लोग प्रभावित हुए हैं, और 26 घरों को नुकसान पहुंचा है, या वे नष्ट हो गए हैं। एंटानानारिवो के शहरी समुदाय ने लोगों से बहुत ज्यादा सतर्क रहने की अपील की है और पुराने या असुरक्षित पारंपरिक घरों में रहने वाले सभी परिवारों से सुरक्षित जगहों पर जाने को कहा है।





